3 | राजधानी
गुस्साए पहलवानों ने पदक लौटाने की दी धमकी

6 | अभिमत
खेलों द्वारा शांति को बढ़ावा

10 | विदेश
पाकिस्तान में 50 हिन्दू बने मुसलमान

12 | स्पोर्ट्स
कोलकाता ने हैदराबाद को पांच रनों से हराया



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 178
नई दिल्ली, शुक्रवार, 5 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




मानव समाज के लिए नशा अभिशाप

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश

## सेना और असम राइफल्स के 55 कॉलम को तैनात किया गया, नौ हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए

**मणिपुर हिंसा**

- चुराचांदपुर और इंफाल घाटी के कई इलाकों में फ्लैग मार्च, केंद्रीय गृह मंत्री ने सीएम से बात कर हालात का जायजा लिया

**एजेंसी।** इंफाल

**मणिपुर** में आदिवासियों और बहुसंख्यक मेइती समुदाय के बीच हिंसा भड़कने के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बृहस्पतिवार को राज्य सरकार ने गंभीर स्थिति में देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किया। वहीं, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना और असम राइफल्स के 55 कॉलम को तैनात किया गया है।

हिंसा के कारण 9,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए। राज्यपाल की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि समझाने और चेतावनी के बावजूद स्थिति काबू में नहीं आने पर देखते ही गोली मारने की कार्रवाई की जा सकती है। राज्य सरकार के आयुक्त (गृह) द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के प्रावधानों के तहत जारी की गई है। सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि हालात के दोबारा बिगड़ने की सूरत में कार्रवाई के लिए सेना के 14 कॉलम को तैनाती के लिए तैयार रखा गया है। प्रवक्ता ने बताया कि सेना और असम राइफल्स ने आज चुराचांदपुर और इंफाल घाटी के कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया और काक्चिंग जिले के सुगनु में भी फ्लैग मार्च (शेष पेज 9)



मणिपुर की राजधानी इंफाल में हिंसक भीड़ ने जमकर आगजनी की

### अमित शाह ने मणिपुर और पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री से बात की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मणिपुर** में आदिवासियों और बहुसंख्यक मेइती समुदाय के बीच हिंसा भड़कने के बीच बृहस्पतिवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे पहले आज सुबह शाह ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और हालात का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि केन्द्र मणिपुर की स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और आसपास के राज्यों से अर्द्धसैनिक बल भेजे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने राज्य के शीर्ष अधिकारियों और केंद्रीय अधिकारियों के साथ वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठकें कर हालात की समीक्षा की। सूत्रों के मुताबिक, शाह ने नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात की। मणिपुर में आदिवासियों और बहुसंख्यक (शेष पेज 9)

### हिंसा के लिए भाजपा का सत्ता का लोभ जिम्मेदारः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर में हिंसा भड़कने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सत्ता के लोभ की राजनीति को जिम्मेदार ठहराते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूर्वोत्तर के इस प्रदेश में शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने पर ध्यान देना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर के लोगों से शांति और संयम बरतने की अपील भी की। खरगे ने ट्वीट किया कि मणिपुर जल रहा है। भाजपा ने समुदायों के बीच दरार पैदा की और इस खूबसूरत राज्य की शांति को भंग कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी पक्षों के लोगों से संयम बरतने और शांति को एक मौका देने की अपील करते हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि मणिपुर में तेजी से बिगड़ती कानून की (शेष पेज 9)

# कुख्यात गैंगस्टर अनिल दुजाना मुठभेड़ में ढेर

- चार दिन पहले ही जेल से छूटा था, मेरठ के जानी थाना क्षेत्र में यूपी एसटीएफ से हुई मुठभेड़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में था खासा दबदबा
- 18 हत्याओं सहित रंगदारी, लूटपाट जैसे 62 संगीन मुकदमे थे दर्ज

**रिंकू यादव।** नोएडा

**यूपी** एसटीएफ ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर अनिल दुजाना उर्फ अनिल नागर को एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया। गुरुवार दोपहर मेरठ के जानी थाना क्षेत्र के भोला की झाल में यह मुठभेड़ हुई। इस खूंखार गैंगस्टर पर 18 हत्याओं सहित रंगदारी, लूटपाट, जमीन पर कब्जा, कब्जा छुड़वाना और आर्म्स एक्ट समेत 62 संगीन मुकदमें दर्ज थे। साथ ही दुजाना पर रासुका और गैंगस्टर एक्ट भी लग चुका था।

वह गैंगस्टर सुंदर भाटी पर हमले का आरोपी था। दुजाना 2012 से जेल में था और जनवरी 2021 में बेल पर बाहर आया। इसके बाद वह फिर से जेल में चला गया था। बताया जाता है कि चार दिन पहले ही वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। उस पर बुलंदशहर पुलिस ने 25 हजार और नोएडा पुलिस ने 50 हजार का इनाम रखा था। पुराने केसों में में पेश न होने से गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। दुजाना गौतमबुद्ध नगर के बादलपुर के दुजाना गांव का रहने वाला था। उस पर पहला मामला साल 2002 में गाजियाबाद के कवि नगर में दर्ज हुआ था। दुजाना का खौफ तब ज्यादा हो गया, जब उसने गैंगस्टर सुंदर भाटी पर एके-47 से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थी।



मेरठ में गैंगेस्टर अनिल दुजाना से हुई मुठभेड़ स्थल पर जांच करती पुलिस

### एसटीएफ पर फायरिंग कीः अमिताभ यश

**उत्तर** प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स यूपी एसटीएफ के चीफ और उत्तर प्रदेश पुलिस के अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने बताया, अनिल नागर उर्फ अनिल दुजाना पश्चिमी उत्तर प्रदेश का बेहद खूंखार अपराधी था। उसका मुख्य धंधा रंगदारी वसूल करना और फिरौती लेकर हत्या करवाना था। लंबे अरसे से यूपी एसटीएफ उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान गुरुवार को उससे जुड़ा इनपुट मिला। यूपी एसटीएफ (शेष पेज 9)

### वेस्ट यूपी का खूंखार अपराधी थाः प्रशांत

**उत्तर** प्रदेश पुलिस के विशेष महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया, अनिल का वास्तविक नाम अनिल नागर था। वह गौतमबुद्ध नगर जिले के बादलपुर थाना क्षेत्र में पड़ने वाले दुजाना गांव का रहने वाला था। इस वजह से लोग उसे अनिल दुजाना बोलते थे। वह पश्चिम उत्तर प्रदेश में आतंक का पर्याय बना हुआ था। हाल ही में उसने गौतमबुद्ध नगर में एक कारोबारी से रंगदारी मांगी थी और एक गवाह को जान से मारने की धमकी दी (शेष पेज 9)

# चीनी विदेश मंत्री से सीमा विवाद समाधान पर जयशंकर ने की बात

- रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लॉवरोव के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को चीन के विदेश मंत्री छिन कांग के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और अपने चीनी समकक्ष को पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद सुलझाने और द्विपक्षीय संबंधों का विकास के लिए सीमा क्षेत्रों में अमन एवं शांति सुनिश्चित किए जाने के महत्व के बारे में बताया।

यह बैठक संघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की परिषद (सीएफएम) की बैठक से इतर तटीय रिसॉर्ट में हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक ट्वीट में कहा कि लंबित मुद्दों के समाधान और सीमा क्षेत्रों में अमन एवं शांति सुनिश्चित करने पर ध्यान रहा। जयशंकर ने आज रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लॉवरोव के साथ भी द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण आयामों की समीक्षा की तथा यूक्रेन संघर्ष एवं साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया।

रूस के विदेश मंत्री लॉवरोव आज सुबह एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने गोवा पहुंचे। जयशंकर ने कहा, चीन के स्टेट काउंसलर और विदेश मंत्री छिन कांग के साथ द्विपक्षीय संबंधों (शेष पेज 9)

### गोवा पहुंचे बिलावल भुट्टो

**बेनौलिम (गोवा)।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को गोवा पहुंचे। यह 2011 के बाद से पड़ोसी देश पाकिस्तान से भारत की यह पहली ऐसी उच्च स्तरीय यात्रा है। जानकार सूत्रों ने बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर और भुट्टो जरदारी के बीच द्विपक्षीय बैठक की फिलहाल कोई योजना नहीं है, क्योंकि अभी तक पाकिस्तानी पक्ष से इसके लिए कोई अनुरोध नहीं आया है।

# उप्र निकाय चुनाव के प्रथम चरण में 52% मतदान

- वोटर लिस्ट में नाम न होने की शिकायतें रहीं आम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नौ मंडलों के 37 जिलों में नगर निकाय चुनाव के प्रथम चरण का मतदान बृहस्पतिवार को संपन्न हो गया। प्रथम चरण में 52 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान के दौरान कई स्थानों पर छिटपुट झड़प और हिंसा की घटनाएं भी हुईं। वोटर लिस्ट में नाम न होने की शिकायतें आम रहीं। फर्जी मतदान को लेकर अमरोहा में पथराव व गाड़ियों में तोड़फोड़ हुई।

प्रयागराज व मुरादाबाद समेत कई जगह फर्जी वोटिंग का आरोप लगाते हुए लोगों ने हंगामा किया। चंदौली में एक वार्ड में भाजपा प्रत्याशी का ही नाम बैलेट पेपर से गायब रहने पर हंगामा हुआ। पहले चरण में नगर निगमों के 10 महापौर और 820 पार्षदों, 103 नगर पालिका परिषद अध्यक्षों, 2,740 नगर पालिका परिषद सभासदों, 275 नगर पंचायत अध्यक्षों और 3,645 नगर पंचायत सदस्यों समेत कुल 7,593 पदों के लिए 44 हजार से अधिक उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। योग के बयान के अनुसार नगर निगमों के 10 पार्षदों समेत कुल 85 प्रतिनिधि पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले हो रहे नगर निकाय चुनावों को शहरी मतदाताओं के बीच राजनीतिक दलों के असर के आकलन की कसौटी माना जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों का कहना है कि सभी जगहों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश के प्रथम चरण के नगर निकाय निर्वाचन में 37 जनपदों में कुल 52 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें जनपद अमरोहा में 63.41, आगरा में 40.32, उन्नाव में 58.96, कुशीनगर में 64.11, कौशाम्बी में 56.95, गाजीपुर में 56.05, गोंडा में 59.57 प्रतिशत, गोरखपुर में 42.43, चन्दौली में 63.82, जालौन में 57.98 प्रतिशत मतदान, (शेष पेज 9)



सहारनपुर में एक मतदान केंद्र पर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते लोग

# बिहार सरकार के जाति सर्वेक्षण पर हाईकोर्ट की रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**पटना** उच्च न्यायालय ने बिहार सरकार द्वारा करवाई जा रही जाति आधारित गणना पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि राज्य के पास जाति आधारित सर्वेक्षण करने की कोई शक्ति नहीं है और ऐसा करना संघ की विधाई शक्ति पर अतिक्रमण होगा। अदालत ने इसके साथ ही सर्वेक्षण में अब तक एकत्र आंकड़ों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। अदालत मामले की सुनवाई अब तीन जुलाई को करेगी। वहीं भाजपा ने आदेश आने के बाद नीतीश सरकार से इस्तीफे की मांग की है। सर्वेक्षण पर रोक फैसले का ट्रांसजेंडर समुदाय ने स्वागत किया है। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद की खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सरकार को जाति आधारित सर्वेक्षण को तुरंत रोकने और इस सर्वेक्षण अभियान के तहत अब तक एकत्र किए गए आंकड़ों को सुरक्षित रखने (शेष पेज 9)

# सेना का हेलीकॉप्टर गिरा तकनीशियन की मौत

**भाषा।** जम्मू

**सेना** का एक हेलीकॉप्टर किसी तकनीकी खामी के चलते जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बृहस्पतिवार को मजबूरन उतारे जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण इसमें सवार एक तकनीशियन की मौत हो गई और दो पायलट घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अभियानगत मिशन में तैनात उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव मारवाह इलाके में एक नदी के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

यह इलाका इन दिनों भारी बर्फबारी के कारण जिला मुख्यालय से कट गया है। सेना ने एक बयान जारी कर बताया कि घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं। उधमपुर स्थित उत्तरी कमान ने एक बयान में कहा, परिचालन मिशन पर गए आर्मी एविएशन एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर को चार मई, 2023 को पूर्वाह्न करीब सवा 11 बजे जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मारुआ नदी के किनारे एहतियातन उतारा गया। बयान में कहा गया है कि पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) को किसी तकनीकी खामी के बारे में बताया था और हेलीकॉप्टर को एहतियातन उतारने की कार्रवाई शुरू की थी। बयान (शेष पेज 9)



हेलीकाप्टर दुर्घटना में घायल सैन्यकर्मी को अस्पताल ले जाते सेना के जवान

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान को गुप्त सूचना देने में डीआरडीओ वैज्ञानिक गिरफ्तार

**पुणे।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए काम करने वाले एक वैज्ञानिक को महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने एक पाकिस्तानी एजेंट को गोपनीय जानकारी देने के आरोप में पुणे से गिरफ्तार किया है। एटीएस के एक अधिकारी ने कहा कि वैज्ञानिक कथित तौर पर व्हाट्सएप और वीडियो कॉल के माध्यम से पाकिस्तान खुफिया कर्मियों के एक एजेंट के संपर्क में था। उन्होंने कहा कि यह मोहपाश में फंसाने का मामला है। आरोपी रक्षा अनुसंधान संस्थान मे वरिष्ठ पद पर रह चुका है और उसे बुधवार को गिरफ्तार किया गया। एटीएस की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि वैज्ञानिक को पता था कि उसके पास जो आधिकारिक गुप्त जानकारी है अगर वह दुश्मन को मिल जाती है तो इससे देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है, इसके बावजूद उसने जानकारी उपलब्ध कराई। विज्ञप्ति के मुताबिक, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुंबई में एटीएस की कालाचौकी इकाई में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# पहलवानों के खिलाफ बल प्रयोग नहीं: दिल्ली पुलिस

- पांच जवान घायल, धरनास्थल पर पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस थीः डीसीपी
- सुप्रीम कोर्ट ने महिला पहलवानों की याचिका पर सुनवाई की बंद, कहा-एफआईआर दर्ज कराने का मकसद पूरा हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस ने जंतर-मंतर पर बुधवार देर रात पुलिस और कुछ पहलवानों के बीच हुई झड़प के दौरान वहां प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के खिलाफ बल प्रयोग या पुलिसकर्मियों के नशे में होने के आरोपों को बृहस्पतिवार को खारिज किया। पुलिस उपायुक्त प्रणव तयाल ने घटना की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस झड़प में पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

वहीं पहलवानों का दावा है कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ हाथापाई इस दौरान कुछ लोगों के सिर में चोट आई है। सुरक्षा कर्मियों ने अपशब्द भी कहे। इस बीच, महिला पहलवानों के यौन शौषण मामले में उच्चतम न्यायालय सुनवाई नहीं करेगा। शीर्ष अदालत ने महिला पहलवानों की याचिका पर सुनवाई बंद करते हुए कहा कि मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का मकसद एफआईआर को लेकर था जो पूरा हो चुका है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी.एस नरसिम्हा और जस्टिस जे बी पारदीवाला की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि दो सेशन में पुलिस ने पीड़ितों के महिला पुलिस की मौजूदगी में बयान दर्ज किए गए हैं। पीठ ने पहलवानों के वकील से (शेष पेज 9)

### गो फर्स्ट ने 15 मई तक टिकट बुकिंग रोकी

**भाषा।** नई दिल्ली

**संकट** में फंसी एयरलाइन गो फर्स्ट ने 15 मई तक टिकट बुकिंग रोकने की घोषणा की है। इसके अलावा एयरलाइन यात्रियों को टिकट का पैसा लौटाने या भविष्य में यात्रा के लिए उनके इस्तेमाल की अनुमति देने पर विचार कर रही है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन द्वारा तीन मई से तीन दिन के लिए अपनी उड़ानें निलंबित करने के फैसले के बाद डीजीसीए ने गो फर्स्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। दूसरी ओर राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने संकट में फंसी एयरलाइन गो फर्स्ट की स्वैच्छिक दिवाला समाधान याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। उधर नियामक ने बयान में कहा, गो फर्स्ट ने 15 मई तक अपनी उड़ानों के लिए टिकट बुकिंग रोकने की सूचना है। एयरलाइन (शेष पेज 9)

# मई में छाया कोहरा, 122 साल बाद तीसरी सबसे ठंडी सुबह

- लोगों ने कोहरे की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर डाले और दिल्ली की तुलना कसौली और शिमला जैसे पर्वतीय स्थलों से करते दिखे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश और हल्की ठंड के बीच बृहस्पतिवार की सुबह मौसम का कुछ अलग रंग देखने को मिला। सामान्य तौर पर इन दिनों भीषण गर्म हवाओं से जूझने वाले लोगों को दिल्ली कोहरे की हल्की चादर में लिपटी नजर आई।

सामान्य तौर पर मई में मौसम साल में सबसे ज्यादा गर्म होता है और इसमें औसतन अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस होता है। वहीं बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस रहा। यह 1901 के बाद मई में तीसरी सबसे सर्द सुबह रही, जब से मौसम के आंकड़ों का संग्रह शुरू हुआ था। अधिकारियों ने उत्तर पश्चिम भारत को लगातार प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभों के कारण दिल्ली में असामान्य तरीके से बादल छाए रहने, बारिश होने और मौसम में ठंडक होने की बात कही है। दिल्ली निवासियों ने शहर में सुबह छाए कोहरे की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर डाले और वे दिल्ली की तुलना कसौली और शिमला जैसे पर्वतीय स्थलों से करते दिखे।

ट्विटर पर एक उपयोगकर्ता ने लिखा, दिल्ली में मई में कोहरा। 40 सालों में पहले मैंने कभी ऐसा नहीं देखा। एक अन्य दिल्लीवासी ने सोशल मीडिया पर लिखा, गर्मियों की सुबह दिल्ली में कोहरा। पिछले साल इसी वक्त हम लू का प्रकोप झेल रहे थे। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हवा में अत्यधिक नमी, शांत हवाओं और दिन तथा रात के तापमान में काफी अंतर की वजह से कोहरे के लिए अनुकूल स्थितियां बनी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक हल्के कोहरे में दृश्यता 501 मीटर से 1000 मीटर होती है।

सफदरजंग वेधशाला में बृहस्पतिवार को सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुए 24 घंटे में 30 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस मापा गया जो सामान्य से नौ डिग्री सेल्सियस कम है। राजधानी में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस मापा गया जो 1901 के बाद से इस महीने में तीसरा सबसे कम तापमान है। इससे पहले दो मई, 1969 को पारा 15.1 डिग्री सेल्सियस के स्तर पर पहुंच गया था। दो मई, 1982 को इस महीने का सबसे कम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में बृहस्पतिवार की सुबह कोहरे की चादर में लिपटा कर्तव्य पथ इलाका।

# योगी की लिस्ट में था गैंगस्टर दुजाना का नाम

## गौतमबुद्धनगर में अब छह गैंगस्टर बचे, अपराधियों की आर्थिक रीढ़ तोड़ने में लगी नोएडा पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

माफिया अतीक अहमद की हत्या के बाद यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के 66 गैंगस्टरों की एक सूची जारी की थीए इस सूची में गौतमबुद्धनगर के 7 गैंगस्टर शामिल थे, जिनमें से एक अनिल दुजाना को आज यूपी एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने जानी थाना क्षेत्र में भोला की झाल में मार गिराया है।

इस सूची में अब गौतमबुद्धनगर के छह गैंगस्टर बचे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी एसटीएफ कुख्यात बदमाशों को मिट्टी में मिला रही है।

माफिया अतीक की हत्या के बाद सरकार ने जिन 66 गैंगस्टरों की सूची जारी की थी, उनमें एक नाम कुख्यात अनिल दुजाना का भी था। इस कुख्यात बदमाश को आज यूपी एसटीएफ ने ढेर कर दिया है। यूपी में 2017 में बनी योगी सरकार के शासन में अब तक 184 बदमाश मार गिराये हैं। बीते 15 अप्रैल 2023 को झांसी में एसटीएफ ने उमेश पाल हत्याकांड में 5/5 लाख के इनामी असद व गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराया था। तब मुठभेड़ में मारे गए बदमाशों की संख्या 183 थी। अब दुजाना के एनकाउंटर के बाद यह गिनती 184 हो गई है। नोएडा व ग्रेटर नोएडा में 90 के दशक में जो गैंगवार शुरू हुई थी। इनमें से अधिकतर गैंगस्टर उन्हीं गैंगवार के उपज हैं या उनकी अगली पीढ़ी के हैं।



मुठभेड़ स्थल पर मौजूद पुलिस सबूतों को इकट्ठा करते हुए।

गौतमबुद्धनगर के ये गैंगस्टर जनपद के बाहर भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। ये बदमाश स्क्रैप, सरिया, पार्किंग, ट्रांसपोर्ट से लेकर जमीन कब्जा करने के मामलों में शामिल रहे हैं और यही इन गिरोह की आर्थिक रीढ़ रही है। अब कमिश्नरेट पुलिस इन गैंगस्टर के छोटे.छोटे से गुर्गों के बारे में पता लगा रही है और उनकी सूची तैयार कर उन पर कार्रवाई करने की योजना को अंतिम रूप दे रही है।

इसके लिए कुछ स्तर पर काम शुरू भी हो गया है। कमिश्नरेट पुलिस इन सूचीबद्ध गैंग की अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति को जब्त करना शुरू भी कर दिया है।

### तनाव के चलते अनिल के गांव में भारी फोर्स तैनात

नोएडा। अनिल दुजाना का गांव दुजाना है। यह गांव गौतमबुद्ध नगर जिले की बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में पड़ता है। अनिल दुजाना बादलपुर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर था। इस मुठभेड़ में मारे जाने की सूचना के बाद दुजाना गांव में हाईअलर्ट है। भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई है। पुलिस के आला अफसर लगातार दुजाना गांव में पहुंच चुके हैं। गांव में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था को बनाए रखे जाने की अपील की जा रही है। अगर किसी ने उपद्रव किया तो उसके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सुंदर भाटी पर बरसाई थी गोलियां

*दरअसल, पश्चिमी यूपी में दो गैंगस्टर की गैंगवार बहुत चर्चा में रहती थी और वो दो नाम नरेश भाटी और सुंदर भाटी थे। लेकिन साल 2004 में जिला पंचायत अध्यक्ष नरेश भाटी की हत्या सुंदर भाटी गुट ने कर दी गई। नरेश के भाई रणदीप और भांजे अमित कसाना ने हत्या का बदला लेने के लिए अनिल दुजाना का साथ लिया। साल 2011 के नवंबर में सुंदर भाटी को मारने के लिए तीनों ने सुंदर भाटी के भांजे की शादी चुनी। मकसद सबके सामने मौत के घाट उतार कर दहशत फैलाना था। रणदीप, कसना और दुजाना ने गैंगस्टर सुंदर भाटी पर एके-47 से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई, लेकिन भाटी बच निकल और इस घटना में तीन लोग मारे गए। इस तिहरे हत्याकांड में अनिल दुजाना 2012 में धरा गया और जेल भेज दिया गया। इसके बाद साल 2014 में सुंदर भाटी ने पलटवार करते हुए दुजाना के भाई को मार डाला। जेल में रहते हुए ही उसके गुर्गों ने 2019 में दिल्ली के एक कारोबारी से 50 लाख की रंगदारी मांगी थी और इसके बाद वह जनवरी 2021 में जमानत पर बाहर आ गया। इसके बाद इसी साल अक्टूबर में दुजाना ने एक और व्यापारी से 1 करोड़ की रंगदारी मांगी थी।*

### 2021 में अदालत परिसर में की थी शादी

अनिल दुजाना की शादी साल 2021 में पूजा नाम की लड़की से हुई। लेकिन ये किस्सा भी बड़ा रोचक है, क्योंकि अनिल दुजाना एक केस के सिलसिले में जिला अदालत में पेशी के लिए आया था। पेशी खत्म हुई तो उसने मंगनी के लिए बनवा गए शपथपत्र पर साइन कर अदालत परिसर में ही पूजा को अंगूठी पहना दी थी। इसके बाद बागपत की रहने वाली पूजा अपने परिजनों के साथ घर वापस चली गई थी।

# गाजियाबाद में आज चुनावी हुंकार भरेंगे मुख्यमंत्री योगी

- चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को जनसभा में भीड़ लाने का दिया लक्ष्य



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद के कविनगर रामलीला मैदान में कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम करेंगे। सीएम योगी की इस जनसभा में करीब पांच हजार कार्यकर्ताओं के पहुंचने की सम्भावना जताई जा रही है।

हर वार्ड में भाजपा से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को जनसभा में अधिक से अधिक अपने समर्थकों की भीड़ लाने का लक्ष्य भाजपा संगठन ने निर्धारित किया है। भाजपा संगठन ने करीब आठ हजार कार्यकर्ताओं के पहुंचने का दावा किया है, लेकिन जनसभा स्थल पर करीब पांच हजार लोगों के हिसाब से सिटिंग अरेंजमेंट किया जा रहा है। भाजपा के चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक पूर्व मेयर अशु वर्मा ने बताया कि सीएम योगी के साथ मंच पर केन्द्रीय मंत्री व सांसद वीके सिंह, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, एमएलसी दिनेश गोयल, विधायक अतुल गर्ग, विधायक सुनील शर्मा, विधायक डॉ मंजू सिवाच, विधायक अजीत पाल त्यागी और विधायक नंदकिशोर गुर्जर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा मेयर प्रत्याशी सुनीता दयाल और चारों नगर पालिका व नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मंच पर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा पार्षद व सभासद पद के प्रत्याशियों का मंच के बराबर ही सिटिंग अरेंजमेंट किया गया है। इसके अलावा कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों के बैठने की व्यवस्था भी की गई है।

शाम करीब पांच बजे सीएम योगी गाजियाबाद में सभा स्थल पर पहुचेंगे। गाजियाबाद से पहले सीएम योगी तीन अन्य जिलों में भी जनसभा कर कार्यकर्ताओं से अपील करेंगे। बता दें कि नगर निकाय चुनाव में सीएम योगी ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। गाजियाबाद जिले में दूसरे चरण में 11 मई को चुनाव होना है।

इसके लिए सीएम योगी 5 मई को गाजियाबाद में चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर प्रत्याशियों को जिताने के लिए एकजुटता का संदेश देंगे। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सीएम योगी गाजियाबाद सहित चार जिलों में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे, वह सुबह 11 बजे गाजियाबाद पहुंचेंगे। इसके बाद वह हापुड़, मेरठ, बुलदंशहर और गाजियाबाद में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद वीके सिंह हर कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

वीके सिंह सुबह 11 बजे हिंडन एयरपोर्ट पर सीएम योगी से मिलेंगे और वहां से उनके साथ कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना होंगे। सीएम योगी का अभी कोई आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। हालांकि, सूत्रों की मानें तो सीएम योगी चारों जनसभाओं में हेलीकाप्टर के माध्यम से ही पहुचेंगे। सबसे पहले सीएम योगी सुबह 11 बजे हिंडन एयरपोर्ट पहुचेंगे, जहां से वह सड़क मार्ग से हरसांव पुलिस लाइन जाएंगे और वहां से हेलीकॉप्टर में सवार होकर हापुड़ जनसभा में पहुंचेंगे।

वहां से सीएम योगी मेरठ जिले में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे, यहां भी वह हेलीकाप्टर से ही पहुचेंगे। इसके बाद तीसरी जनसभा बुलदंशहर जिले में होंगी।

### परमिशन के लिए मारामारी जारी

**गाजियाबाद।** चुनाव से सम्बंधित परमिशन लेने के लिए जिला मुख्यालय में खासी मारामारी देखने को मिल रही है। सुबह कार्यालय खुलते ही प्रत्याशियों के प्रतिनिधि परमिशन के लिए पहुंच जाते हैं, लेकिन आसानी से परमिशन न मिलने के चलते लोगों को मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पहले नगर निगम के सभी वार्डो की परमिशन सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में ही प्रदान की जा रही थी, लेकिन बढ़ती भीड़ और लोगों की शिकायतों के चलते अब दो न्यायालयों में परमिशन देने का काम शुरू किया गया है।

परमिशन के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा एकल विंडो सिस्टम शुरू किया गया था, लेकिन आवेदनों की संख्या के सामने यह सिस्टम पहले दिन से चरमराया हुआ है। चुनाव में महज अब एक सप्ताह का समय बाकी रह गया है, ऐसे में बड़े पैमाने पर प्रत्याशी प्रचार के लिए परमिशन लेने के लिए पहुंचे रहे हैं। आरोप है कि सिंगल विंडो के बावजूद भी परमिशन के लिए अन्य विभागों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। अब एडीएम सिटी गंभीर सिंह को महापौर पद के प्रत्याशियों को जुलूस, रैली और जनसभा व वाहनों की अनुमति देने के लिए अधिग्रहित किया गया है। इसके अलावा वार्ड 1 से 50 तक की परमिशन सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा व वार्ड 51 से 100 तक की परमिशन एसीएम सेकेण्ड निखिल चक्रवर्ती द्वारा प्रदान की जाएगी। सभी कक्षों पर इसकी सूचना भी चस्पा कर दी गई है जिससे आवेदकों को परमिशन के लिए परेशानी न हो। हालांकि, जिला प्रशासन की सिंगल विंडो व्यवस्था सफल होती नजर नही आ रही है।

# निष्पक्ष चुनाव कराना हर मतदान कर्मी की जिम्मेदारी: सीडीओ

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में होने वाले नगर निकाय चुनाव में जिले के सरकारी कार्यालयों के अलावा बागपत, बुलंदशहर से भी कर्मिकों को चुनावी ड्यूटी में तैनात किया गया है। बागपत में भी गाजियाबाद में ड्यूटी करने वाले कर्मिकों को चुनावी प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण में बागपत के जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम राजकमल यादव मौजूद रहे। वहीं गाजियाबाद के सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें मतदान कराने से सम्बंधित जानकारी दी। उन्होंने कर्मिको को बताया कि उनके आने-जाने से लेकर मतदान केन्द्रों पर सभी प्रबंध किए गए हैं। सीडीओं ने कर्मिकों से कहा कि उन्हें निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराना होगा,



यह हर मतदान कर्मिक की जिम्मेदारी होगी। इसके बाद कर्मिकों को ईवीएम और बैलेट पेपर से किस प्रकार मतदान कराना है और किन-किन नियमों का पालन करना हैए इसकी विस्तार से जानकारी दी गई। आठ सौ कर्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया है। बागपत सीडीओ एमएल व्यास, गाजियाबाद के डीपीआरओ प्रदीप द्विवेदी, डीआईओएस गाजियाबाद राकेश श्रीवास आदि मौजूद रहे।

# सात को रोड शो कर सकते हैं अखिलेश और जयंत

**गाजियाबाद।** गठबंधन की गांठ को मजबूत करने का संदेश देने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी खुद जमीन पर उतर सकते हैं।

अखिलेश यादव और जयंत चौधरी दोनों गाजियाबाद की सडकों पर उतकर रोड शो कर सकते हैं, यह रोड शो 7 या 8 मई को हो सकता है। दरअसल, 5 मई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नगर निकाय एवं नगर निगम चुनाव के मद्देनजर गाजियाबाद में रैली करने जा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी और रालोद भी अखिलेश यादव और जयंत चौधरी का रोड शो कराकर गाजियाबाद की जनता को मैसेज देना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी के सूत्रों के अनुसार रोड शो के लिए दोनों नेताओं से समय मांगा गया है। सबकुछ रणनीति के अनुसार चला तो 7 मई को अखिलेश यादव और जयंत चौधरी गाजियाबाद की सडकों पर उतकर जहां एक तरफ गठबंधन की एकजुटता का संदेश गाजियाबाद की जनता को देंगे।

# ग्रेटर नोएडा में मोटो जीपी बाइक रेसिंग का रास्ता साफ

- यमुना अथॉरिटी ने बीआईसी के लिए एनओसी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना अथॉरिटी ने मोटो जीपी के लिए एनओसी दे दी है। अब देश में होने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय बाइक रेस का रास्ता साफ हो गया है।

आयोजकों ने यमुना अथॉरिटी से अनपत्ति प्रमाण पत्र मांगा था। प्राधिकरण ने कुछ शर्त लगाई हैं। एनओसी गुरुवार को जारी कर दी गई है। यह जानकारी मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरूणवीर सिंह ने दी है। ख़ास बात यह है कि इस अकेले आयोजन से ग्रेटर नोएडा शहर को करीब 450 करोड़ रुपये का निवेश होगा। मोटो जीपी बाइक रेसिंग का आयोजन कर रही कंपनी ने एनओसी मांगी है। सीईओ ने बताया कि दो शर्तों के साथ अनपत्ति दी गई है। पहली शर्त यह है कि आयोजन से होने वाली सभी आय एक एस्क्रो एकाउंट में जमा की जाएंगी। एस्क्रो एकाउंट में यमुना अथॉरिटी में शामिल रहेगी। दूसरी शर्त कोर्ट केस से जुड़ी है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट को लेकर प्राधिकरण और जेपी समूह के बीच विवाद चल रहा है। अगर अदालत से कोई आदेश आता है तो उसे सभी पक्षकारों को मानना पड़ेगा। सीईओ ने बताया कि फेयर स्ट्रीट स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने राज्य सरकार को एक प्रस्ताव दिया था। जिसमें बताया कि इस आयोजन से ग्रेटर नोएडा में 472 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इससे क़रीब 500 लोगों को रोजगार मिलेंगे। कंपनी ने सरकार के साथ एमओयू साइन किया है।



डॉ. अरूणवीर सिंह

सीईओ ने आगे कहा कि इस आयोजन पर अथॉरिटी कोई खर्च नहीं करेगी। रेस ट्रैक को आयोजन के लायक़ बनाने की जिम्मेदारी कंपनी पर रहेगी। किसी भी तरह के नियम या कानून को तोड़ने के लिए केवल कंपनी जिम्मेदार होगी। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट ग्रेटर नोएडा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित एक भारतीय मोटर रेसिंग सर्किट है। इस ट्रैक का आधिकारिक उद्घाटन 18 अक्टूबर 2011 को हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रांसीसी नागरिक कमरे में मृत मिला



**नोएडा।** सेक्टर-52 में रहने वाले फ्रांस के नागरिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में पड़ा हुआ मिला है। फ्र ांस का नागरिक अक्टूबर माह में भारत आया था और सेक्टर-2 की एक बैंक में नौकरी करता था। एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बुधवार को सेक्टर-52 बी ब्लॉक निवासी एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उनके मकान में किराए पर रहने वाला फ्रांस का नागरिक पियरे नेवनेन अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोल रहा है। मकान मालिक ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने दरवाजा खुलवाने के लिए कई बार खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके पश्चात पुलिस ने लोगों की मौजूदगी में दरवाजे को तोड़ा। अंदर बिस्तर पर पियरे नेवनेन मृत हालत में पड़ा हुआ था। मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुला कर साक्ष्य एकत्रित कराए गए। इसके पश्चात शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### युवक की मौत, पत्नी पर हत्या का आरोप

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 में एक व्यक्ति ने अपनी बहू व उसके माता-पिता के खिलाफ बेटे को जहर देकर हत्या किए जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि गत 5 मई 2022 को थाना क्षेत्र के पृथला गांव के पास एक युवक का शव मिला था। युवक की शिनाख्त खोड़ा कॉलोनी निवासी आनंद के रूप में हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आनंद की मौत का कारण जहर खाना आया था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मृतक के पिता मैनपाल ने अपनी बहू रूबी व उसके माता-पिता के खिलाफ बेटे की हत्या किये जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। मेनपाल का आरोप है कि उसकी बहू रूबी व उसके माता-पिता ने साजिश के तहत उनके बेटे आनंद को जहर खिलाकर हत्या कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

### स्कूल के बाहर महिला से लूटी सोने की चेन,

नोएडा। पहले बदमाश लूट और चेन स्नेचिंग करने के लिए रात होने का इंतजार करते थेए लेकिन अब दिनदहाड़े और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लूटपाट की वारदातें हो रही हैं। गुरुवार की दोपहर करीब 1;10 बजे ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के सामने बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला से चेन लूट ली। इस घटना के बाद वहां मौजूद कुछ लोगों ने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास कियाए लेकिन बदमाश मौके से फरार हो गए। ग्रेटर नोएडा वेस्ट समेत पूरे गौतमबुद्ध नगर में इकोटेक-3 थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की वारदातें हो रही हैं।

# तीन बैंड वालों को डंपर ने कुचला, मौत

- तेज रफ्तार में चल रहा था वाहन, दुर्घटना के बाद चालक फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना बिसरख क्षेत्र के तिगरी गोल चक्कर के पास गुरुवार की सुबह एक सड़क हादसे में बैंड बाजा बजाने वाले 3 लोगों की मौत हो गई।

यह तीनों लोग एक बारात से बाजा बजाकर पैदल वापस जा रहे थे, तभी एक अज्ञात डंपर चालक ने तीनों को कुचल दिया।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब 3 बजे के करीब एक बारात से बैंड बाजा बजाकर सीटू उर्फ भोला उम्र 40 वर्ष, भुवनेश उम्र 26 वर्ष, और जैनुद्दीन उम्र 43 वर्ष अपने घर वापस लौट रहे थे। तभी तिगरी गोल चक्कर के पास करीब 3:00 बजे के एक अज्ञात डंपर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए तीनों को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि सीटू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भुवनेश और जैनुद्दीन को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर दोनों की भी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि वाहन तेजी और लापरवाही से चल रहा था।




### डॉक्टर से लेकर नर्स तक निरीक्षण में मिले गैरहाजिर

**गाजियाबाद।** सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर ने मोदीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। सुबह साढ़े नौ बजे सीएमओ केन्द्र पहुंचे तो मौके पर डॉक्टर सहित कई स्टाफ गैरहाजिर मिले।

उपस्थिति पंजिका में डॉ संजय त्यागी, डॉ प्रशांत, डॉ वर्षा दीक्षित, डॉ विक्रांत तितौरिया गैरहाजिर मिले। इसके अलावा स्टाफ नर्स कल्पना शर्मा, एसटीएस पवन कुमार, वॉर्ड ब्वॉय अमित वशिष्ठ निरीक्षण के दौरान मौजूद नहीं थे। यहां तक की केन्द्र पर डिलीवरी की संख्या भी बेहद कम मिली। ओपीडी में भी मरीजों की संख्या अधिक नहीं मिली।



कॉल सेंटर चलाकर नामी कंपनी में नौकरी दिलाने का षडयंत्र रचकर लोगों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, मामले में अभियुक्त गिरफ्तार। पुलिस ने इसके कब्जे से लैपटॉप, 06 मोबाइल बरामद किए।

# जेवर एयरपोर्ट: समय से पहले पूरा होगा काम

- निर्माण में चार हजार कामगार जुटे, रनवे का काम 90 प्रतिशत पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर में बनने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कार्य लगभग 45 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसमें रनवे का कार्य 90 प्रतिशत तक पूरा किया जा चुका है।

एयरपोर्ट को बनाने में लगने वाले लोगो की संख्या बढ़ा दी गई है और समय से पहले ही एयरपोर्ट का कार्य पूरा कर दिया जाएगा। जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जा रहा है, जिसको लेकर यमुना विकास प्राधिकरण ने पहले फेस की जमीन का अधिग्रहण पूरा कर लिया है और वहां पर जोरों से एयरपोर्ट को बनाने का कार्य चल रहा है।



एयरपोर्ट को बनाकर शुरू करने के लिए सितंबर 2024 का समय तय किया गया था, लेकिन उससे पहले ही एयरपोर्ट का कार्य है पूरा हो जाएगा। यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बनाने में लगभग साढ़े चार हजार लोग जुटे हुए हैं और एयरपोर्ट को बनाकर तैयार करने की समय सीमा सितंबर 2024 से की गई है। उससे पहले ही एयरपोर्ट को बनाकर तैयार कर लिया जाएगा एयरपोर्ट का इस समय लगभग 45 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है और रनवे की बात की जाए तो उसका 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही टर्मिनल बिल्डिंग का कार्य भी लगभग 50 प्रतिशत पूरा हो चुका है। सीईओ ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट के पहले फेस के लिए अधिकरण पूरा होने के साथ ही वहां पर कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जिससे वहां की उड़ानों के लिए जो समय तय किया गया था। सितंबर 2024 तक एयरपोर्ट को बनाकर तैयार कर लिया जाएगा। इंडिपेंडेंट इंडिया इंजीनियरिंग लिमिटेड के द्वारा लगातार हो रहे कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। अरुणवीर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट की डेडलाइन 24 सितंबर 2024 तय की गई है उसे पहले सभी कार्य पूरी कर लिया जाएगा। लेकिन वह चाहते हैं कि एयरपोर्ट का ट्रायल जनवरी 2024 से शुरू कर दिया जाए।

# फर्जी जाति दस्तावेज बनाकर बना यूपी पुलिस का सिपाही

- शिकायत होने पर दे दिया इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर निवासी एक युवक ने जाति बदलकर यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर नौकरी नौकरी प्राप्त कर ली।

जब मामले में आरोपी की शिकायत की गई तो उसने नौकरी से त्याग पत्र दे दिया। लेकिन उसके खिलाफ जब विभागीय जांच की गई तो पता चला कि उसने जाति बदलकर यह नौकरी प्राप्त की थी। जिसके चलते उसके खिलाफ कोतवाली में खिलाफ केस दर्ज हुआ है। जेवर कोतवाली क्षेत्र के मौहबलीपुर गांव निवासी पंकज कुमार ने 2021 में जाति के फर्जी दस्तावेज कर सिपाही की नौकरी प्राप्त की थी। जिसकी ड्यूटी अमरोहा जिले में चल रही थी। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसके जाति के फर्जी दस्तावेज कराने की शिकायत वहां के एसएसपी से की गई।

जिसके बाद वहां के एसएसपी ने गौतम बुद्ध नगर के अधिकारियों से मामले की जांच कराने के लिए पत्र भेजा। जिसके आधार पर जांच की तो पता चला कि पंकज कुमार जनरल कैटेगरी से है। जबकि उसने जो दस्तावेज लगाए थे। उसमें जाति एससी दिखाई गई थी। जांच से पहले जब शिकायत करने की जानकारी जब पंकज को लगी तो उसने नौकरी से त्यागपत्र दे दिया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 5 मई, 2023



# गुस्साए पहलवानों ने दी पदक लौटाने की धमकी

## विनेश फोगाट बोलीं, क्या इसी दिन के लिए मेडल जीतकर लाए थे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




जंतर-मंतर पर बुधवार देर रात हुई मारपीट के बारे में बताते बजरंग पूनिया, साथ में साक्षी मलिक। फोटो: रंजन डिमरी

जंतर-मंतर बुधवार देर रात पहलवानों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हुई। पुलिस के खराब व्यवहार से आहत प्रदर्शनकारी पहलवानों ने गुरुवार को अपने पदक और पुरस्कार सरकार को लौटाने की धमकी देते हुए कहा कि अगर उनका इस तरह से अपमान किया जाता है तो फिर इन पुरस्कारों का कोई मतलब नहीं है।

बिलखते हुए विनेश ने अपना दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया। उस समय कोई महिला कांस्टेबल नहीं थी। उनका रवैया बेहद आक्रामक था। एक अन्य पुलिसकर्मी नशे में था। क्या हम इसी दिन के लिए मेडल जीतकर लाए थे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात लगभग 11 बजे तब हंगामा शुरू हो गया जब पहलवान सोने के लिए फोल्डिंग चारपाई लेकर आए और ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने इसके बारे में पूछताछ शुरू कर दी क्योंकि नियमों के अनुसार प्रदर्शन स्थल पर इस तरह की चीजें लाने की अनुमति नहीं है। विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने दावा किया कि पुरुष पुलिस अधिकारियों ने उन्हें धक्का दिया और उनके लिए अपशब्दों का उपयोग किया जिससे उनके आंसू आ गए।

संगीता फोगाट के भाई दुष्यंत सहित दो पहलवानों को चोटें आई हैं। बजरंग पूनिया ने कहा कि अगर पहलवानों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाता है तो फिर वे इन पदकों का क्या करेंगे। इसके बजाय हम अपने सभी पदक और पुरस्कार भारत सरकार को लौटाकर सामान्य जिंदगी जिएंगे। वह यह जानना चाहते है कि हर चीज को राजनीति से क्यों जोड़ा जा रहा है। यह महिलाओं से जुड़ा मामला है लेकिन राजनीतिक पार्टियों से जोड़कर देश को गुमराह किया जा रहा है। जब पुलिस पहलवानों को धक्का दे रही है, अपशब्द कह रही है, तब वे यह नहीं देखते कि कई पहलवान पद्मश्री पुरस्कार विजेता है और केवल वह ही नहीं यहां साक्षी (मलिक) भी है। महिलाएं और बेटियां सड़कों पर बैठी हैं, दया की भीख मांग रही हैं लेकिन किसी को कुछ परवाह नहीं है। इस बीच उच्चतम न्यायालय द्वारा उनकी याचिका पर सुनवाई बंद करने के बाद प्रदर्शनकारी पहलवानों ने कहा कि यह उनके लिए झटका नहीं है और वे प्रदर्शन जारी रखेंगे। उनके लिए सारे विकल्प खुले हैं और वे बड़ों से सलाह लेकर तय करेंगे कि निचली अदालत में जाना है या उच्च न्यायालय में।

## रिहा होते ही प्रदर्शनकारियों से मिलने पहुंची मालीवाल



*नई दिल्ली।* *जंतर-मतर पर बुधवार की देर रात हुई झड़प के बाद स्वाति मालीवाल पहलवानों से मिलने पहुंची थी जिसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर सिविल लाइन थाना ले जाया गया। बृहस्पतिवार सुबह उन्हें रिहा कर दिया गया, लेकिन वह रिहा होते ही फिर जंतर-मंतर पर पहुंची। वहां उन्हें पहले रोका गया, फिर पहलवानों से मिलने दिया गया। मालीवाल ने बाद में ट्वीट कर बताया कि जंतर मंतर पर वह पहलवानों के साथ बैठी है। पीड़ित पहलवार अपना दर्ज बयां कर रही हैं कि कैसे कल रात शराब के नशे में पुलिस के कुछ अधिकारियों ने उनके साथ बदसलूकी की। उनपर हमला किया। सारी शिकायतें लिखकर दिल्ली महिला आयोग इन पर कार्यवाही करेगा। मालीवाल ने पहलवानों से मिलने से पहले मालीवाल ने आरोप लगाया था कि उन्हें पहलवानों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। ट्विटर पर उनके द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, उन्हें पुलिसकर्मियों से यह कहते हुए देखा गया कि वह एक संवैधानिक पद पर हैं और प्रदर्शनकारियों से मिलना चाहती हैं। उनके ट्वीट के जवाब में, नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त ने ट्वीट किया, डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष को एक अधिकारी द्वारा बैरिकेड पर रोक दिया गया था और फिर तुरंत जाने दिया गया। वह वर्तमान में धरना स्थल पर, अंदर हैं। जंतर-मंतर पर व्यक्तिगत प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं है।*



बिलखती विनेश ने अपना दर्द बयां किया।

## पुलिस ने सीमाओं पर बढ़ाई चौकसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को सिंघु बॉर्डर समेत सीमावर्ती इलाकों में जांच बढ़ा दी जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय राजधानी में वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा। पुलिस को यह सूचना मिली थी कि जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों के समर्थन में बड़ी संख्या में किसान पड़ोसी राज्यों से दिल्ली आ सकते हैं।

पुलिस के मुताबिक जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाने दिल्ली आ रहे किसानों के एक जत्थे को पुलिस ने सिंघु बॉर्डर पर रोक दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार 24 किसानों को हिरासत में ले लिया गया है। जंतर-मंतर पर बुधवार रात हुए हंगामे के बाद दिल्ली पुलिस ने गश्त तेज कर दी है, पुलिस जांच चौकियों की संख्या बढ़ा दी गई है और सीमावर्ती इलाकों में अवरोधक लगा दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली की सीमाओं को अभी तक सील नहीं किया गया है लेकिन किसानों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यातायात पुलिस के मुताबिक उनके हेल्पलाइन नंबर पर लिबासपुर, स्वरूप नगर, ओखला, पश्चिम विहार और द्वारका सहित कई इलाकों से यातायात की समस्या को लेकर करीब 50 कॉल आईं।

## नेताओं के आने से धरने की विश्वसनीयता पर आंच : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं के जंतर-मंतर पहुंच कर पहलवानों के प्रदर्शन का समर्थन करने से इस धरने की विश्वनीयता को आंच पहुंची है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी ने कहा कि सरकार पहलवानों और महिलाओं के मामले में बहुत संजीदगी से काम कर रही है। दो समिति भी बनी है (मामले की जांच के लिए)। मामला उच्चतम न्यायालय में है। जांच जारी है और प्राथमिकी भी दर्ज हुई है। नियमानुसार जो कुछ भी होना चाहिए, केंद्र सरकार कर रही है। मीनाक्षी लेखी ने संवाददाता सम्मेलन में पहलवानों के धरने से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, क्या होता है, जब इस तरह के लोग जो ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) में फंसे हुए हैं। राजस्व घोटाले में फंसे हुए हैं। सरकारी आवास के नवीनीकरण के 45 करोड़ रुपये खर्च करने के आरोप में फंसे हुए हैं।



केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी

## विपक्ष ने हाथापाई को शर्मनाक बताया, जांच की मांग

*नई दिल्ली।* *विपक्ष के प्रमुख नेताओं ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों और पुलिस के बीच कथित तौर पर हाथापाई होने की घटना को शर्मनाक करार देते हुए केंद्र सरकार को निशाने पर लिया। कांग्रेस ने कहा कि पूरे प्रकरण की अदालत की निगरानी में जांच होनी चाहिए। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि खिलाड़ियों साथ ऐसा व्यवहार बहुत ही शर्मनाक है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा, अपनी कड़ी मेहनत और लगन से देश व अपने परिवार का नाम रोशन करने वाली महिला खिलाड़ियों के आंसू देखकर बहुत दुख होता है। अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि कर कहा, देश चैम्पियन खिलाड़ियों के साथ इतना गलत बर्ताव होना बेहद दुखद और शर्मनाक है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने आरोप लगाया कि महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर प्रधानमंत्री झूठे वादे करते हैं। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि देश पहलवानों के आंसुओं को देख रहा है*

## ईडी ने सिसोदिया के खिलाफ दायर किया 2000 पन्नों का आरोपपत्र

- आबकारी मामले में पूर्व डिप्टी सीएम समेत 11 लोग गिरफ्तार है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को नामजद करते हुए बृहस्पतिवार को 2000 पन्नों का ताजा आरोपपत्र दाखिल किया है।

सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी द्वारा दिल्ली की विशेष पीएमएलए (धन शोधन रोकथाम कानून) अदालत में यह पांचवां आरोपपत्र या अभियोजन पक्ष का शिकायतपत्र दाखिल किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में सिसोदिया को नौ मार्च को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सिसोदिया (51) को सबसे पहले केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था जो आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले की जांच कर रही है। एजेंसी ने इस मामले में सिसोदिया को मुख्य षड्यंत्रकारी बताया है संघीय जांच एजेंसी ने इस मामले में अभी तक सिसोदिया एवं 11 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है और उसका कहना है कि जांच अभी जारी है।

### जमानत अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय से मांगा जवाब




दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सिसोदिया की नियमित जमानत अर्जी और अंतरिम जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया।

## नर्सिंग कॉलेज की वार्डन ने छात्राओं के कपड़े उतरवाए

- चोरी के शक में अपमानित करने के बाद हुई शर्मनाक घटना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के नर्सिंग कॉलेज में छात्रावास की वार्डन द्वारा चोरी के संदेह में दो छात्राओं को कथित रूप से अपमानित किए जाने और उनके कपड़े उतरवाकर तलाशी लिए जाने का मामला सामने आया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगलवार अपराह्न एक बजे के आसपास पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) के पास एक फोन कॉल आया, जिसमें एलएनजेपी अस्पताल के अहिल्याबाई कॉलेज ऑफ नर्सिंग की दो छात्राओं के कथित उत्पीड़न और कपड़े उतरवाने की घटना के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान पता चला कि कॉलेज के छात्रावास में रहने वाली बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष की दो छात्राएं अन्य छात्राओं और वार्डन के साथ मंडी हाउस क्षेत्र में एक सामुदायिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गई थीं। अधिकारी के अनुसार, इस दौरान वार्डन ने पाया कि उसके बैग से 8,000 रुपए गायब थे। उन्होंने बताया कि वार्डन को दो छात्राओं पर चोरी का शक था।

अधिकारी के मुताबिक, आरोप है कि वार्डन ने अन्य छात्राओं की मदद से दोनों छात्राओं के कपड़े उतरवाए और उनकी तलाशी ली, लेकिन उनके पास से चोरी की रकम नहीं बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद दोनों छात्राओं के परिजन छात्रावास पहुंचे और कॉलेज प्रशासन से शिकायत की। उन्होंने आईपी एस्टेट थाने में इस संबंध में एक शिकायत भी दर्ज कराई।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच के बाद आईपी एस्टेट पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-354 (महिला का शील भंग करने के इरादे से उसका उत्पीड़न) के तहत एक शून्य प्राथमिकी दर्ज की गई। मामला तिलक मार्ग थाने को स्थानांतरित किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, कॉलेज प्रबंधन द्वारा मामले में एक जांच समिति का गठन किए जाने की खबर है, जिसमें प्राचार्य और अन्य वरिष्ठ शिक्षक शामिल हैं।

## केजरीवाल की जासूसी करा रही केंद्र सरकार : भारद्वाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को मोदी सरकार पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल टास्क के जरिए सीएम अरविंद केजरीवाल की जासूसी का आरोप लगाया है।

भारद्वाज ने कहा कि जनता द्वारा चुने हुए मुख्यमंत्री के घर के बाहर स्पेशल स्टाफ के अफसर 24 घंटे सादी वर्दी में घूम रहे हैं, जो वहां आने-जाने वाले लोगों पर नजर रख रहे हैं और उनका रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। भारद्वाज ने प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री, सीएम अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक तौर पर खत्म करना चाहते हैं। भारद्वाज ने कहा कि इस संबंध में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और राघव चड्ढा ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र भी लिखा है। भारद्वाज ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा कि हमें ऐतराज स्पेशल स्टाफ के अफसरों से नहीं है, क्योंकि वे अपना काम कर रहे हैं।

हमारा ऐतराज केंद्र सरकार से है कि केंद्र सरकार उनसे क्या काम करा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे और केंद्र सरकार के बीच मतभेद जग जाहिर हैं। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक तौर पर खत्म करना चाहते हैं।

## मुख्यमंत्री केसीआर ने किया बीआरएस भवन का उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने राजधानी के वसंत विहार स्थित बीआरएस भवन का उद्घाटन किया।

दिल्ली स्थित बीआरएस भवन पार्टी का केन्द्रीय कार्यालय है। मुख्यमंत्री राव ने वैदिक रीति से पूजा अर्चना की, इसके बाद कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण और स्तोत्र पाठ के बीच उन्होंने फीता काटकर बीआरएस भवन का विधिवत उद्घाटन किया।

विधान सभा स्पीकर पोचारम श्रीनिवास रेड्डी, बीआरएस संसदीय दल के नेता के केशव राव, सांसद नागेश्वर राव, एमएलसी पल्ला राजेश्वर रेड्डी, विशेष प्रतिनिधि मल्ला जगन्नाथ और बीआरएस किसान सेल के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी उपस्थित थे। बीआरएस भवन के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री केसीआर ने प्रथम तल पर बने पार्टी अध्यक्ष के कार्यालय में पदभार संभाला और दस्तावेज पर दस्तखत किए।

## संक्षिप्त समाचार



अपने बनाये चित्र को दिखाते स्कूली छात्र।

### नन्हे हाथों ने संभाली पर्यावरण संरक्षण की कमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम प्राथमिक आदर्श विद्यालय, पंतनगर में आयोजित कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को बच्चों ने पर्यावरण पर एक प्रदर्शनी लगाई। स्कूल के बच्चों ने अब दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने का अभियान शुरू किया। मेरा प्लेनेट मेरा घर और कचरा करो जीरो बनो प्लेनेट के हीरो के संदेश को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन गैर लाभकारी संस्था सेसमी वर्कशॉप इंडिया और चिंतन एनजीओ के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्कूल की प्रधानाचार्या सरिता कुमारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत हमें अपने घरों से करनी होगी। इस मौके पर सेसमी वर्कशॉप इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर सोनाली खान ने कहा कि बच्चों का यह प्रयास हम में काफी उत्साह जगाता है।

### हिंदी को बढ़ावा देने को बनेगी समिति

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने नगर प्रशासन में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए समिति गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा कि विशेष हिंदी समिति एमसीडी प्रशासन में हिंदी के साथ साथ उर्दू और पंजाबी के इस्तेमाल को लेकर भी काम करेगी।हाल में एमसीडी सदन की बैठक के दौरान एक प्रस्ताव पारित किया गया था। सदन ने दो मई को जिन 13 विशेष समितियों को मंजूरी दी थी, उनमें यह समिति भी शामिल है। हिंदी कमेटी में 34 सदस्य होंगे। उप महापौर इसके अध्यक्ष होंगे। समिति के सदस्यों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो एमसीडी में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अंतिम निर्णय लेगी और सुझावों के स्वीकार करेगी और इनके कार्यान्वयन पर नजर रखेगी।

### जी-20 सम्मेलन से पहले हर माह सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जी20 शिखर सम्मेलन से पहले हर महीने कम से कम एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में राज्य स्तरीय नृत्य एवं फिल्म महोत्सवों समेत विभिन्न कार्यक्रमों के लिए पर्यटन विभाग की तैयारियां जारी हैं।पर्यटन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हम हर महीने एक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

# कंझावला और बपरोला में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने को एलजी की मंजूरी

## डीडीए के परामर्श से दिल्ली सरकार के उद्योग विभाग को भूमि के उपयोग को बदलने का दिया निर्देश

- कंझावला 920 एकड़ के अतिरिक्त बापरोला गांव में 300 एकड़ भूमि में औद्योगिक क्षेत्र का होगा विकास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बृहस्पतिवार को कंझावला में 920 एकड़ और बपरोला गांव में 300 एकड़ भूमि को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की मंजूरी दी।

इसके साथ ही यह राजधानी का सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बन जाएगा। उपराज्यपाल की मंजूरी के साथ राष्ट्रीय राजधानी में औद्योगिक बुनियादी ढांचे को युक्तिसंगत बनाने, विस्तार करने और अवैध औद्योगिक इकाइयों को गैर-औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने से रोकने में मदद मिलेगी।

इस मंजूरी के साथ ही उत्तर पश्चिम दिल्ली में दिल्ली इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस(डीआईडीओएम) अधिनियम 2010 के प्रावधानों के अनुसार दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन (डीएसआईआईडीसी) द्वारा कंझावला के विकास को मजबूत करेगा।

उपराज्यपाल ने कंझावला के अलावा बापरोला गांव में अतिरिक्त 300 एकड़ भूमि को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। उन्होंने दिल्ली सरकार के उद्योग विभाग को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के परामर्श से बापरोला में उपलब्ध भूमि के उपयोग को औद्योगिक क्षेत्र में बदलने का निर्देश दिया है।

बापरोला में 300 एकड़ भूमि में से डीएसआईआईडीसी के पास 137.63 एकड़ भूमि है, जिसमें से मात्र 55.20 एकड़ भूमि का भूमि उपयोग औद्योगिक क्षेत्र के रूप में है। अत:शेष 82.43 एकड़ भूमि के उपयोग को बदलने और ड्राफ्ट मास्टर प्लान (एमपीडी)2021 में डीडीए द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अधिसूचित करने की जरूरत है। इस तरह औद्योगिक विकास के लिए दोनों क्षेत्र राष्ट्रीय राजधानी मे संयुक्त रूप से 1220 एकड़ भूमि प्रदान करेंगे।

उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद डीएसआईआईडीसी कंझावला को डीआईडीओएम अधिनियम 2010 के अंतर्गत एक औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अधिसूचित करेगा। साथ ही वह इकाइयां जो एमपीडी-2021 की नकारात्मक श्रेणी (नेगेटिव लिस्ट) में शामिल नहीं हैं जैसे- सूचना प्रौद्योगिकी और संबंधित इकाइयां, फूड प्रोसेसिंग, मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, कपड़ा, बिजली के सामान एवं उपकरण, ऑटोमोबाइल, फर्नीचरऔर मशीनरी आदिइन औद्योगिक क्षेत्रों से संचालित हो सकेंगी।

कंझावला और बापरोला औद्योगिक क्षेत्र के विकास से राजधानी में नियमित औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे वाणिज्यिक/आवासीय क्षेत्रों में होने वाली दुर्घटनाओं और अनियंत्रित प्रदूषण का कारण बनने वाली सैकड़ों औद्योगिक इकाइयों के अवैध संचालन पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकेगा।

औद्योगिक क्षेत्रों के विकास में उच्च स्तर के प्रदूषणरोधी उपायों और प्रदर्शन मानकों को तय करते हुए एक कुशल और एकीकृत तरीके से बुनियादी सुविधाओं का अपग्रेडेशन, प्रबंधन, संचालन और रखरखाव शामिल है।

इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र के विकास के रूप में, डीएसआईआईडीसीरोड नेटवर्क, सीवेज, जल निकासी व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, बागवानी विकास, अग्निशमन प्रणाली, विद्युत, दूरसंचार और अन्य रखरखाव और अन्य सेवाओं का निर्माण करेगा।

दिल्ली नगर निगम
उद्यान विभाग (मुख्यालय)
ई-1 ब्लॉक, 16वां तल, डॉ. एस.पी.एम. सिविक सेन्टर, जे.एल. नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002
निविदा आमंत्रण सूचना
सं. डीडीएच/(मुख्यालय)-I/एमसीडी/2023-24/डी-144/एमआईटी सं. 3 दिनांक 04.05.2023 द्वारा जारी निविदा सं. 2023_MCD_153346_1 के अनुसार मूर्तिकला कार्य(यों) को करने वाली अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ पात्र फर्मों/ठेकेदारों/फर्मों/जेवी/कंपनियों से एकल स्तर दो बोली प्रणाली के अंतर्गत ऑनलाइन खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा मूल्य : रु. 1,180/-, कुल आर.सी. राशि : रु. 5 करोड़, डाउनलोड करने एवं बोली जमा करने की तिथि 05.05.2023 से 25.05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक है। पूर्व-बोली बैठक : 15.05.2023 को दोपहर 2.00 बजे, तकनीकी बोलियां खुलने की तिथि : 12.05.2023 को अपराह्न 3.30 बजे। विस्तृत नियमों व शर्तों सहित ई-टेंडरिंग बोली दस्तावेज वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app अथवा दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। ऑनलाइन निविदा हेतु हेल्पडेस्क नं. 011-23227413 एवं 011-23227414 हैं अथवा mcd-ithelpdesk@mcd.nic.in पर मेल करें। इस निविदा के संबंध में संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धि पत्र, अनुरोध, समय विस्तार आदि, यदि कोई हो तो, का संपूर्ण विवरण केवल एमसीडी वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा तथा अलग से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। इस निविदा हेतु स्वयं को नियमित अपडेट रखने के लिए इच्छुक बोलीदाता नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।
उप निदेशक (उद्यान)/मुख्यालय-II
आर.ओ. नं. 08/डीपीआई/दि.न.नि./2023-24
फोन: 011-23226613

# प्रकृति का हर कदम पर ख्याल रखेंगे तो बात बनेगी: नवीन गोयल

## कासन गांव में बाबा बिसाह पूर्ण भक्त मंदिर परिसर में लगाई त्रिवेणी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव कासन में अरावली पहाड़ी पर मंदिर परिसर में त्रिवेणी लगाते नवीन गोयल व मंदिर कमेटी के सदस्य।

**पिछले** 100 साल से भी अधिक समय से लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र कासन गांव में बाबा बिसाह पूर्ण भक्त (बाबा चौरंगी नाथ) मंदिर बहुत ही महत्वपूर्ण है। अरावली की गोद में बसे गांव कासन में इस मंदिर की दूर-दूर तक मान्यता है। गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मंदिर परिसर में त्रिवेणी रोपित करके और भी हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया।

मंदिर के प्रधान रामकिशन गुप्ता, महासचिव नरसिंह चौहान, कोषाध्यक्ष गिरीराज चौहान, महेश चौहान, नरेश शर्मा, हरियाली के लिए समर्पित नरेश बंसल, रामबाबू गुप्ता, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल आदि की मौजूदगी में नवीन गोयल ने मंदिर में मत्था टेककर बाबा बिसाह पूर्ण भक्त से आशीर्वाद लिया। नवीन गोयल ने कहा कि प्रकृति का हर कदम पर ख्याल रखेंगे, तभी इसे ठीक रखने की बात बनेगी। आज के समय में हरियाली हमारा पहला कार्य होना चाहिए। जिस तरह से सुबह उठकर हम भगवान को सब मंगलमय होने की कामना करते हैं, उसी तरह से हमें सुबह उठकर पर्यावरण के लिए कुछ ना कुछ काम जरूर करना चाहिए। उन्होंने मंदिर परिसर और इसके आसपास हरियाली देखकर मंदिर कमेटी के प्रयासों की सराहना की।

**मंदिर ट्रस्ट का हरियाली बढ़ाने पर है जोर :** मंदिर व इसके आसपास हरियाली का काम संभालने वाले भक्त नरेश बंसल ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट का हरियाली रखने पर भी विशेष ध्यान है। पिछले 12 साल से मंदिर ने बहुत अधिक पौधे लगाए हैं। तीन साल में मंदिर ने इसी काम के लिए अलग से पूर्ण भक्त ग्रीन अरावली संस्था बनाई। संस्था ने दो साल में 48 जंगल लगाए हैं। हर जंगल में 190 से 220 पौधे के बीच में पौधे लगाए।

# नगर परिषद शहरी क्षेत्र के सभी पार्कों का सौंदर्यीकरण कराएगी

**सोहना।** नगर परिषद शहरी क्षेत्र के सभी पार्कों का सौंदर्यीकरण कराएगी। पार्कों में पैदल चलने के लिए फुटपाथ से लेकर साल भर पार्कों की तरोताजा बनाएं रखने के लिए पानी की सुविधा करेगी। पार्कों में औषधीय गुण वाले पेड़-पौधों में बढ़ोत्तरी की जाएगी।

शहर के राजीव गांधी पार्क को छोड़ अन्य सभी पार्कों का सौंदर्यीकरण करने की योजना तैयार की जा रही है। जिससे शहरवासी पार्कों में अपनी सुबह की व्यायाम से लेकर हरियाली के बीच बैठकर अपना अच्छा समय व्यतीत कर सकेंगे। शहर में स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क, पहाड़ी स्कूल के निकट बना पार्क, शीतला माता मंदिर के पास बना पार्क, वार्ड-17 में ही बाल्मीकि मंदिर के सामने अंबेडकर पार्क, अनाज मंडी में स्थित पार्क समेत अन्य पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण का कार्य बहुत ही जल्द शुरू होने वाला है। जबकि राजीव गांधी पार्क में लगी हाई मास्क व सामान्य लाइट आदि को ठीक किया गया है। पुस्तकालय से लेकर महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यायामशालाओं को शहरवासी पूरा लाभ उठा रहे हैं।

**फुटपाथ व औषधीय पौधे :** शहर में स्थित सभी पार्कों में आने वाले नागरिकों की वॉकिंग करने के लिए फुटपाथ विशेष रूप से बनाए जाएंगे। फुटपाथ के साथ-साथ सुगंधित व औषधीय पौधे लगाएं जाएंगे। पार्कों के बीच में ऐसे स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। जहां पर एक साथ 40 से 50 लोग बैठकर योग व व्यायाम कर सकेंगे। ऐसे स्थान छायादार पौधे व पेड़ भी लगाएं जाएंगे। जिसे गर्मी के मौसम में नागरिकों को अपनी शारीरिक शक्ति को बनाने व निरोग बनाने को उचित स्थान मिल सके।

**पानी की सुविधा :** शहरी क्षेत्र के सभी पार्कों में अभी पेयजल आपूर्ति से ही पानी की सुविधा है, लेकिन सभी पार्कों में 24 घंटा पानी की उपलब्धता बनी रहे। इसके लिए बोर लगाएं जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कराटे में गोल्ड मेडल विजेता को बागड़ी ने किया सम्मानित



खिलाड़ी दुर्जय को सम्मानित करते मंगतराम बागड़ी।

**गुरुग्राम।** दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर भारत का नाम रोशन करने वाले 6 वर्षीय खिलाड़ी दुर्जय सिंह को भाजपा नेता व पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया। उन्होंने इस बाल खिलाड़ी को दिल्ली में होने वाले नेशनल कराटे चैंपियनशिप में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। लक्ष्मण विहार निवासी दुर्जय पहली कक्षा का छात्र है। मंगतराम बागड़ी ने गुरुग्राम कराटे एसोसिएशन के सचिव एवं कोच सुनील सैनी को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर दुर्जय के पिता व कॉलोनी के लोग भी मौजूद थे। बागड़ी ने बताया कि दुबई में दुबई कराटे एसोसिएशन की ओर से गत 29 एवं 30 अप्रैल 2023 को आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 2023 में उनके वार्ड नंबर-10 (प्रस्तावित नया वार्ड नंबर-14) की प्रमुख आवासीय कॉलोनी लक्ष्मण विहार निवासी दुर्जय सिंह भी शामिल हुए। इस चैंपियनशिप में दो अलग-अलग ग्रुप के लिए आयोजित प्रतियोगिता में दुर्जय ने अपना दमदार जौहर दिखाया और मेडल जीता। मंगतराम बागड़ी ने कहा कि यह उनके वार्ड ही नहीं बल्कि हरियाणा प्रदेश और भारत देश के लिए भी गौरव की बात है कि पहली क्लास के बच्चे ने पहली बार में ही गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। उनका कहना है कि इस प्रकार की प्रतिभाओं को समुचित साधन और सुविधाएं मुहैया कराने की आवश्यकता है।

### ट्रैफिक चालान के भुगतान को डीएलएसए में हेल्प डेस्क स्थापित की

**गुरुग्राम।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एसपी सिंह के दिशा-निर्देश अनुसार जिला न्यायालय में 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालान के भुगतान के लिए 13 मई तक ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एक हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि यह डेस्क गेट संख्या दो के पास मध्यस्थता केंद्र में लगाई गई है। अपने आईडी प्रूफ के साथ ड्राइविंग लाइसेंस व चालान की गई गाड़ी के दस्तावेज के साथ इस हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि केस किस कोर्ट में है, इसकी जानकारी आपको हेल्प डेस्क के माध्यम से मिल जाएगी। अगर आपको अपने चालान के बारे में कुछ भी नहीं पता है तो सिर्फ गाड़ी का नम्बर बताने पर भी आपको आपके चालान से सम्बंधित सारी जानकारी हेल्प डेस्क पर उपलब्ध सहायता कर्मी द्वारा दी जाएगी।

# बिना फीस दिए लगाया था यूनिपोल व विज्ञापन निगम ने हटाया



गुरुग्राम में एसपीआर से अवैध यूनिपोल हटाती निगम की जेसीबी।

## नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सदर्न पेरिफेरल रोड पर की गई कार्रवाई

**गुरुग्राम।** हरियाणा नगर निगम विज्ञापन उप-नियम-2022 के तहत फीस का भुगतान किए बिना लगाए गए यूनिपोल एवं विज्ञापन को नगर निगम गुरुग्राम ने हटा दिया।

गुरुवार को को सहायक अभियंता (विज्ञापन) कृष्ण कुमार की टीम सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) पर पहुंची। यहां बेगमपुर खटोला के पास एक एजेंसी द्वारा नियम के तहत फीस का भुगतान किए बिना एक यूनिपोल तथा उस पर विज्ञापन का प्रदर्शन किया हुआ था। टीम ने मौके पर पहुंचकर ना केवल यूनिपोल व विज्ञापन को हटाया, बल्कि यूनिपोल का जब्त भी कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा नगर निगम विज्ञापन उपनियम-2022 के तहत नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में किसी भी प्रकार के विज्ञापन का प्रदर्शन करने से पूर्व निर्धारित फीस जमा करवाकर अनुमति लेना अनिवार्य है। आवेदन की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। बिना अनुमति या बिना फीस का भुगतान किए विज्ञापन का प्रदर्शन करना नियमों की अवहेलना है, जिसके लिए आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने, फीस व खर्च की वसूली करने का प्रावधान है।


नगर निगम गुरुग्राम द्वारा पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है कि नियमों की अवहेलना करने वाले संपत्ति मालिकों, विज्ञापन दाता कंपनी तथा विज्ञापन एजेंसी के विरूद्ध नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# लोग पढ़कर चीजों को सीखने पर दें जोर : पराक्रम सिंह

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**एसजीटी** विश्वविद्यालय में गुरुवार को दो दिवसीय मीडिया अमेज-2023 कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह आयोजन फैकल्टी ऑफमास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी के द्वारा किया गया, जिसमें 25 से भी अधिक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संसद टेलीविजन के सीनियर एंकर पराक्रम सिंह शेखावत व गेस्ट ऑफ ऑनर वन शॉर्ट फिल्म प्रोडक्शन के क्रिएटिव डायरेक्टर सौरव असीजा मौजूद रहे।

डीन प्रोफेसर सुशील मानव और स्टूडेंट वेल्फेयर के डीन डॉ. विजय शर्मा ने बुके व स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस



एसजीटी विवि में मीडिया अमेज-2023 कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने फोटोग्राफी, ऐड मैड शो, डांस कंपीटीशन, मोनो ऐक्ट, फैशन शो, नुक्कड़ नाटक, एंकर हंट, सिंगिंग एण्ड रैप और शोररत फिल्म डोकी मन्त्री एण्ड फिल्म मैकिंग आदि श्रेणियां में भाग लिया। पराक्रम सिंह शेखावत ने कहा कि आज का जमाना डिजिटल है। जिस तरह से एसजीटी यूनिवर्सिटी ने विद्यार्थियों को शूटिंग फ्लोर, न्यूज रिकॉर्डिंग स्टूडियो, प्रोडक्शन केन्ट्रोल रूम और रोज बुलेटिन करने के लिए चैनल भी बनाकर दिया है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बाहर भी यही सब है जो आपको करना है। बस आवश्यकता है तो सिर्फ पढ़ने की और चीजों को सीखने की। इस पर जोर दें। सौरव असीजा ने कहा कि आज के समय में यदि शॉर्ट फिल्म बनाने पर ध्यान दिया जाए। उसमें कुछ क्रिएटिविटी भी डाली जाए तो उस फिल्म को चलने से कोई नहीं रोक सकता और उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह भी दी कि आप विद्यार्थी भी इसमें अच्छा करियर बना सकते हैं। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सुशील मानव ने कहा कि आज के समय में क्रिएटिव और नवाचार की आवश्यकता है। आज के समय में विद्यार्थी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कुछ क्रिएटिव कर अपना टैलेंट शोकेस कर सकते हैं।

# डीएलएफ ने अपनी चाहर दीवारी में लिया सिटी बस स्टॉप

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम का अति पॉश इलाका डीएलएफ क्षेत्र। एम्बियंस मॉल के आसपास का यह क्षेत्र आईटी हब है। मॉल के ठीक साथ में वर्षों से खाली पड़ी जमीन पर अब डीएलएफ ने अपनी आलीशान इमारतें खड़ी कर दी हैं। इन्हीं इमारतों के ठीक बाहर सड़क किनारे नगर निगम गुरुग्राम की ओर से गुरुग्राम महानगर सिटी बस लिमिटेड (जीएमसीबीएल) की बसों के ठहरने के लिए बनाया गया बस स्टॉप डीएलएफ ने ग्रिल लगाकर अपनी बिल्डिंग के परिसर में ले लिया है।

बस स्टॉप को डीएलएफ द्वारा अपने परिसर में लेने से चर्चाएं हो रही हैं। इस तरह से सरकारी बस स्टॉप को डीएलएफ द्वारा ग्रिल लगाकर अपने परिसर में ले लेने का आखिर कारण क्या है। क्या यह कब्जा किया है। इस पर तमाम तरह की बातें हो रही हैं। इसी बस स्टॉप के पास से सवारियां भरने वाले ऑटो को भी यहां अब खड़ा नहीं होने दिया जा रहा। ऑटो चालकों ने डीएलएफ के कर्मचारियों, बाउंसरों पर गुंडागर्दी करने के आरोप लगाए हैं। ऑटो चालक यूनियन प्रतिनिधियों के आरोप हैं कि बस स्टॉप का अगर कब्जा किया गया है तो इस पर संबंधित विभाग कार्यवाही करे। अगर बस स्टॉप डीएलएफ की जमीन पर बनाए थे तो संबंधित अधिकारियों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं यहां से ऑटो स्टैंड खत्म करने के लिए ही डीएलएफ ने बस स्टॉप को कब्जा लिया हो। उन्होंने इसकी जांच की मांग की है। साथ ही कहा कि ऑटो चालकों के रोजगार को बन्द करना तो सरकार और प्रशासन के लिए बहुत आसान है, लेकिन उनके लिए स्थायी ऑटो स्टैण्ड बनाकर देने में कोई



गुरुग्राम में एम्बियंस मॉल के पास डीएलएफ की नई बनी इमारत की बाउंड्री के भीतर लिया सिटी बस स्टॉप।

दिलचस्पी नहीं है। हरियाणा ऑटो चालक संघ वर्ष 2010 से गुरुग्राम में स्थायी स्टैण्ड की मांग कर रहा है। आज 12 वर्षों से भी ज्यादा समय बीतने के बाद भी नगर निगम ने कुछ नहीं किया। एम्बियंस मॉल ऑटो चालक स्टैण्ड के प्रधान कीमत सिंह ने कहा कि हम यहां लगभग पिछले 10 वर्षो से ऑटो चला रहे है। जब से यहां डीएलएफ की नई बिल्डिंग बनी है, उनके बाउन्सरों ने ऑटो चालकों की रोजी-रोटी को ही खत्म कर दिया है। कोई सुनवाई नहीं होती है।


**जब जगह खाली थी तब लगाया था शेल्टर:** बस स्टॉप को डीएलएफ द्वारा अपने परिसर में लेने के सवाल पर गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की अधिकारी नेहा शर्मा ने ज्यादा कुछ नहीं बोला। उन्होंने सिर्फ एक लाइन में ही वाट्सअप पर अपना जवाब देते हुए कहा कि यह जमीन प्राइवेट ही है। जब बस क्यू शेल्टर बनाया था तो वहां पर कुछ निर्माण नहीं था। अब कंपनी की वहां बिल्डिंग बन गई है। ऐसे में उस बस क्यू शेल्टर को कहीं दूसरी जगह पर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है। जल्द से उसे वहां से हटा दिया जाएगा।

# कॉलेजदेखो कॅरियर कंपास टेस्ट से जानें आपके लिए बेस्ट कॅरियर ऑप्शंस

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून / रूड़की

**भारत** के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद हायर एजुकेशन इकोसिस्टम, कॉलेजदेखो ने अपने लेटेस्ट इनोवेशन-कॅरियर कंपास का अनावरण किया है। कंपनी के स्टूडेंट-फर्स्ट एप्रोच के अनुरूप, कॅरियर कंपास एक फ्री टूल है। जिसे व्यक्तिगत व्यक्तित्व लक्षणों के आधार पर कॅरियर स्ट्रीम की पहचान करने में छात्रों की चिंता को समाप्त करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पेशकश विश्व स्तर पर स्वीकृत हॉलैंड पर्सनैलिटी ट्रेट्स टेस्ट के आधार पर एक साइकोमेट्रिक टेस्ट द्वारा संचालित है। इससे छात्रों को संभावित कॅरियर पाथ की पहचान करने और अपने छुपे स्किल का पता लगाने के साथ अपने रूचि के कॅरियर में अधिक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

कॅरियर कंपास टेस्ट, कॉलेजदेखो द्वारा तैयार किए गए तकनीकी टूल किसी पर्सनैलिटी के शीर्ष तीन लक्षणों की पहचान करता है। विशेष रूप से भारत के लिए बनाया गया, यह एक आसान टेस्ट है जिसे पूरा करने में केवल 3 से 5 मिनट लगते हैं। छात्रों को




अधिक करियर विकल्प प्रदान में सहायता करने के लिए यह अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, मराठी, बंगाली और गुजराती में उपलब्ध है। कॉलेजदेखो द्वारा भविष्य में इस टेस्ट को और अधिक भाषाओं में लॉन्च करने की योजना है। प्रत्येक छात्र की निःशुल्क व्यक्तिगत करियर कंपास रिपोर्ट को टेस्ट में पूछे गए साठ प्रश्नों के जवाब के आधार पर तैयार किया जाता है, जिसमें सही या गलत उत्तर नहीं हैं। रिपोर्ट में उपयोगी जानकारी जैसे कि संभावित कॅरियर पाथ, कार्य वातावरण प्राथमिकताएं और यहां तक कि नौकरी के सुझाव भी शामिल हैं। छात्रों को रिपोर्ट और आवश्यकताओं के आधार पर कॉलेजदेखो के बेहद अनुभवी और प्रशिक्षित काउंसलरों से बिना किसी शुल्क के मुफ्त काउंसलिंग भी मिलेगी। कंपनी की वेबसाइट छात्रों को कोर्स के साथ-साथ 35,000 से अधिक कॉलेजों की जानकारी भी प्रदान करती है। कॉलेजदेखो हायर एजुकेशन में भारत का सबसे बड़ा इकोसिस्टम है, जिसने 2022 में सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 205 मिलियन से अधिक छात्रों को सेवा प्रदान की है। कंपनी की नवीनतम पेशकश पर गर्व व्यक्त करते हुए, कॉलेजदेखो के सीईओ और सह-संस्थापक, रुचिर अरोड़ा ने कहा, "कॉलेजदेखो करियर कंपास को लॉन्च करते हुए हमें गर्व हो रहा है, जिसे हमारे छात्रों को कॅरियर की दिशा दिखने और कॉलेज एडमिशन के लिए मुफ्त मार्गदर्शन प्राप्त करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। हमारा मानना है कि यह सुविधा छात्र समुदाय के लिए बहुत मददगार होगी, खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने अभी-अभी 12वीं कक्षा पूरी की है और अपने करियर विकल्पों को लेकर भ्रमित हैं। कॉलेजदेखो ने हाल ही में संपन्न हुए तीसरे टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस अवार्ड्स 2023 और एजुकेशन इनोवेशन समिट एंड अवार्ड्स 2023 में 'बेस्ट एडटेक कंपनी ऑफ द ईयर' और 'बेस्ट एनरोलमेंट एंड एडमिशन प्लेटफॉर्म ऑफ़ द ईयर' की खिताब अपने नाम की है।

# मध्यस्थता और विवाद समाधान पर संयुक्त शिखर सम्मेलन : IIAC और IIM रोहतक द्वारा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** पिछले कुछ वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में उभरा है। इसने विभिन्न वैश्विक निवेशकों से काफी दिलचस्पी दिखाई है। आज खुली व्यापार सीमा के साथ, अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों की आवश्यकताओं को पूरा करना और उन्हें अनुकूल कारोबारी माहौल प्रदान करना आवश्यक है। भारत सरकार ने व्यवसायों और निवेशकों को प्रभावित करने वाले संघर्षों को हल करने के लिए अधिकार क्षेत्र और विवाद समाधान के संबंध में कई पहल की हैं। विवाद समाधान के लिए सबसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले उपकरणों में से एक मध्यस्थता है।

इंडिया इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर और काउंसिल फॉर स्ट्रैटेजिक अफेयर्स, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रोहतक ने संयुक्त रूप से "आर्बिट्रेशन एंड डिस्प्यूट रेजोल्यूशन क्रिएटिंग बिजनेस क्लाइमेट" पर शिखर सम्मेलन का आयोजन दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली में किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायाधीश, भारत के सर्वोच्च न्यायालय और सम्मानित




अतिथि न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा, मुख्य न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय शामिल रहे। इसके अलावा, मध्यस्थता के ज्ञान और विशेषज्ञता क्षेत्र को बढ़ाने के लिए भारतीय अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र और भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

हेमंत गुप्ता, चेयरपर्सन, इंडियन इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर, नई दिल्ली द्वारा उद्घाटन भाषण, "विवाद के बिंदु पर मध्यस्थों की भूमिका शुरू होती है। आत्म-सम्मान का निर्माण करना और भरोसेमंद लोगों को मेज पर लाना महत्वपूर्ण है। हेमंत गुप्ता ने जानकारी दी कि भारतीय अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र और भारतीय संस्थान, रोहतक के बीच समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों को एक साथ लाता है। इसमें कहा गया है कि आईआईएम लगभग 52-60 घंटे के विभिन्न सेमिनार और सर्टिफिकेट कोर्स और डिप्लोमा कोर्स आयोजित करेगा। जो मध्यस्थता के क्षेत्र में युवा दिमाग को प्रशिक्षित करता है। आईआईएम रोहतक में पहले से ही बीबीए+एलएलबी पाठ्यक्रम का एक कार्यक्रम है और मध्यस्थता पाठ्यक्रमों के साथ, यह छात्रों को मध्यस्थता के क्षेत्र में शामिल होने और तलाशने के लिए एक मंच तैयार करेगा।

प्रो. धीरज शर्मा, निदेशक, आईआईएम रोहतक, ने कहा, "विवाचन भारी धन की बर्बादी को बचाने के लिए महत्वपूर्ण है मध्यस्थता। मध्यस्थता के लिए तीन महत्वपूर्ण तत्वों, बातचीत करने की क्षमता, क्षमा करने की क्षमता और विश्वास को सबसे महत्वपूर्ण तत्व होने के साथ विकसित करने की क्षमता के बारे में बताया गया। अत्याधुनिक पेशेवर जो भरोसेमंद हैं वांछित परिणाम देते हैं और उन्हें मेज पर लाना मध्यस्थता की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 'यह महत्वपूर्ण है कि अच्छा मध्यस्थता और विवाद समाधान अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने के लिए फाउंटेन हेड हो क्योंकि हम 5 बिलियन डॉलर के उद्योग की ओर बढ़ रहे हैं।'

# फोनपे पर शुरू हुआ UPI Lite फीचर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फोनपे** ने आज अपने ऐप पर UPI LITE फीचर की शुरुआत करने की घोषणा की। इस फीचर से, उपयोगकर्ता कम मूल्य वाले, 200 रुपये से कम के भुगतान बिना पिन डाले अपने UPI LITE अकाउंट के ज़रिए बस एक टैप से कर सकते हैं। लेनदेन की प्रक्रिया सीधे ऑन-डिवाइस UPI LITE बैलेंस डेबिट होने से पूरी हो जाएगी। इससे ग्राहकों के बैंक (रेमिटर बैंक) के मुख्य बैंकिंग सिस्टम को रीयल-टाइम में शामिल करने की जरूरत नहीं रहेगी। यह लेनदेन सामान्य UPI लेनदेन की तुलना में बिना किसी रुकावट के और ज़्यादा तेज़ी से किया जा सकेगा। साथ ही, लेनदेन सफल होने की संभावना भी बढ़ेगी।


उपयोगकर्ता अपने LITE अकाउंट में 2,000 रुपये तक लोड कर सकते हैं और एक बार में 200 रुपये या उससे कम की राशि का लेनदेन कर सकते हैं। घोषणा करते हुए फोनपे के सह-संस्थापक और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी राहुल चारी ने कहा, "UPI LITE, UPI स्टैक का मुख्य भाग है, जिसका लक्ष्य उपयोगकर्ताओं के छोटे और अक्सर किए जाने वाले खर्चों के लिए डिजिटल भुगतान के अनुभव को बेहतर बनाना है। छोटे-छोटे लेन-देन, UPI के ज़रिए होने वाले कुल पेमेंट का एक बड़ा हिस्सा होते हैं और UPI LITE उन्हें जल्द और आसान बनाएगा। इससे UPI की मौजूदा संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) पर किसी तरह का दबाव भी नहीं पड़ेगा। PI Lite ऐसे तरीकों की शुरुआत का मार्ग भी आसान बनाता है जिससे नेटवर्क कनेक्शन के बिना भी भुगतान किया जा सके, यह इसे वर्तमान में NPCI के सबसे बेहतरीन लॉन्च में से एक बनाता है। यह भारत-भर में उपयोगकर्ताओं के लिए डिजिटल भुगतान को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भविष्य में कैशलेस अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी । हमें आशा है कि भारत के लोग कम राशि वाले भुगतानों के लिए इस तेज़ और आसान फीचर को स्वीकार करेंगे।"

# अब मिंत्रा पर फैशन और ब्यूटी प्रोडक्ट तलाशें 'हिंदी' में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फैशन** को आम जनता तक पहुंचाने के अपने मिशन को जारी रखते हुए साथ ही इच्छुक व्यक्ति समान को बड़ी ही आसानी से खरीद सके, इस इरादे से मिंत्रा ने वर्नाक्युलर सर्च फीचर बनाया है। यह फीचर पूरी तरह से ग्राहकों को ध्यान में रख कर ही बनाया गया है। यह मिंत्रा ऐप पर लाइव रहेगा, जिसकी मदद से उपयोगकर्ता उनकी मूल भाषाओं में इस प्लेटफॉर्म पर खोज और खरीदारी कर सकते हैं।

वर्नाक्युलर सर्च फीचर उपभोक्ताओं को तेलुगू, कन्नड़, बांग्ला, तमिल, मलयालम, मराठी, गुजराती, ओडिया, पंजाबी और असमिया सहित हिंदी के अलावा 10 मूल भाषाओं में फैशन, सौंदर्य और जीवन शैली के लिए उत्पादों को ब्राउज़ करने और खरीदारी करने की सुविधा देता है। इसके अलावा 'हिंग्लिश' में टाइप कर के सर्च की गई जो कि अंग्रेजी में टाइप की गई हिंदी क्वेरी है, का भी जवाब यह देता है। उदाहरण के लिए काला कुर्ता या 7 साल की बच्ची का लहंगा। इसके अगले चरण में हिंग्लिश के अलावा ग्राहक अंग्रेजी लिपि का उपयोग करके उनकी देशी भाषा में प्रश्नों वर्नाक्युलर सर्च फीचर के लॉन्च के बारे में बात करते हुए, मिंत्रा के मुख्य उत्पाद और टेक्नोलॉजी ऑफिसर रघु कृष्णानंद ने कहा, "हम हमेशा यही कोशिश करते हैं कि बड़े पैमाने पर नयापन लाते हुए ग्राहकों को बेहतर सर्च और खरीदारी करने में मदद कर सकें। हम मिंत्रा पर वर्नाक्युलर सर्च के लॉन्च की घोषणा करते हुए बहुत खुश हैं, क्योंकि यह देश भर में लाखों लोगों के लिए फैशन को और भी अधिक आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस




सुविधा के साथ, हम अपने ग्राहकों को उनकी पसंदीदा देसी भाषाओं में उत्पादों की खोज करने में सक्षम बना रहे हैं। अब ग्राहक भाषा की बाधाओं को तोड़कर फैशन तक और भी आसानी से पहुंच सकेंगे। यह उन कई कदमों में से एक कदम है जो हम यह सुनिश्चित करने के लिए उठा रहे हैं कि हम अपने ग्राहकों की सभी प्रकार की जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करें। हमें यह विश्वास है कि यह फीचर भारत में ऑनलाइन फैशन और ब्यूटी शॉपिंग के लिए गेम-चेंजर साबित होगा।" मिंत्रा ने ऑनलाइन शॉपिंग के लिए गैर-मेट्रो और टियर 2+ शहरों और कस्बों से ग्राहकों की संख्या में काफी तेज़ी दर्ज की है, जिसमें 20% सर्च गैर-अंग्रेज़ी भाषा में है। इस महीने की शुरुआत में इस सुविधा के लॉन्च के बाद से देसी भाषाओं में सर्च कर सही परिणाम खोजने वाले ग्राहकों की संख्या बहुत बड़ी है।

"हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन 2022" रिपोर्ट के अनुसार, वॉइस-सर्च में लगभग 5 गुना वृद्धि हुई है। और पिछले एक साल में स्थानीय भाषा में सर्च करने वाले उपयोगकर्ताओं में 3 गुना वृद्धि हुई है। ये नई खोज ऑनलाइन खरीदारों की एक नई लहर के लिए खरीदारी को आसान बनाने में मदद कर रही हैं।

# डंपिंग यार्ड की निशानदेही करने पहुंचे निगम कर्मियों को ग्रामीणों ने लौटाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रिवाजपुर** गांव में डंपिंग यार्ड न बनाने देने को लेकर रिवाजपुर सोशल वैलफेयर संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शन चल रहा है। जिसमें शामिल दर्जनों गांवों के लोगों के भारी विरोध के बाद एक बार फिर डंपिंग यार्ड की निशानदेही करने पहुंचे निगम कर्मचारियों को वापस लौटना पड़ा।

रिवाजपुर सोशल वैलफेयर संघर्ष समिति के अध्यक्ष नाहर सिंह चौहान ने कहा कि सरकार हमारी परीक्षा न ले, क्योंकि हम यह विरोध अपनी भावी पीढ़ी को बचाने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डंपिंग यार्ड बनने से हमारी फसल और नस्ल दोनों का नष्ट होना तय है। हम यह लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेंगे, क्योंकि यदि हमने ऐसा नहीं किया तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी।


निगम कर्मियों के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण।

समिति के ही रोहताश चौधरी ने कहा कि सरकार रिवाजपुर, टीकावली, भोपानी, बादशाहपुर, नचौली, महावतपुर, शेरपुर ढाढर, किडावली गांव खेड़ीकला, अमन विला सोसाइटी, टीडीआई रिट्रीट व कई बीपीएल कॉलोनियों के हजारों लोगों के जीवन से खिलवाड़ न करे। उन्होंने कहा कि एकता में बहुत बल होता है और अपनी आवाज को ऊपर तक पहुंचाने के लिए हमें इसी तरह संगठित रहना पड़ेगा, तभी हम इस संघर्ष में विजयी होंगे। माला चौहान ने कहा कि हमारे इस हरे भरे और खुशहाल क्षेत्र को डंपिंग यार्ड दिया जा रहा है, जिसका पूरी जनता पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि जहां डंपिंग यार्ड बनाया जा रहा है, यह एक रिहायशी इलाका है।

जहां लगभग 70,000 से भी ज्यादा की आबादी रहती है। उन्होंने कहा कि हम सरकार से हाथ जोड़कर विनती करते हैं कि यहां शहर की तरह एक बड़ा टाऊन पार्क या महिला महाविद्यालय बनाया जाए। जिसके लिए हम सभी तन, मन और धन से सहयोग करेंगे। हमें विश्वास है कि सरकार हमारी सुनेगी। इस मौके पर नाहर सिंह चौहान, रोहताश चौधरी, माला चौहान, सुरेंद्र चौहान, विकास कुमार, कुलदीप त्यागी, जसराम चौहान, केहर सिंह सरपंच, मधु चौहान, बिमला, बिंदु, कविता, बिजेंद्र चौहान, उदयवीर, राजेंद्र व पवन सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## लोगों को बेहतर सुविधाएं दे रहा कोटक महिंद्रा बैंक : रोहित जैन


कोटक महिंद्रा बैंक की ओमैक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में नई शाखा का के शुभारंभ पर रोहित जैन। साथ खड़े हैं बैंक के प्रतिनिधिगण।

**फरीदाबाद।** कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा ओमैक्स वर्ल्ड स्ट्रीट पर बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के प्रो वीसी प्रोफेसर रोहित जैनेंद्र जैन मौजूद रहे। उन्होंने विधिवत रिबन काटकर शाखा का उद्घाटन किया। इस मौके पर रोहित जैन ने कहा कि कोटेक महेंद्र बैंक अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हमेशा संकल्प बद्ध रहा है। उन्हें उम्मीद है कि इस शाखा में भी ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं बड़े पैमाने पर प्रदान की जाएंगी। इस मौके पर कई गणमान्य जन व बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैंक प्रबंधन द्वारा रोहित जैन का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर रोहित जैन ने बैंक से अपील की कि वे सुरक्षित बैंकिंग को लेकर भी लोगों को जागरुक करें, ताकि लोग धोखाधड़ी का शिकार न हो सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल हाईवे पर टायर फटने से सिलेंडरों से भरा ट्रक पलटा



**फरीदाबाद।** नेशनल हाईवे पर गुरुवार दोपहर को बाटा फ्लाईओवर पर सिलेंडर से भरा ट्रक पलट गया। अच्छी बात ये रही कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है, लेकिन ट्रक पलटने से वहां थोड़ी देर के लिए जाम लग गया। जिसे ट्रैफिक पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद सामान्य करवाया। बताया जा रहा है कि ट्रक पलटने का कारण ओवर लोडिंग है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। दोपहर को सिलेंडर से भरा ट्रक अचानक पलटकर डिवाइडर को तोड़ते हुए सड़क के दूसरी ओर जा गिरा। ट्रक के पलटते ही आसपास हड़कंप मच गया और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने फिलहाल हाइड्रा की मदद से ट्रक को वहां से हटा दिया है। गनीमत यह है कि इस पूरे मामले में कोई भी घायल नहीं हुआ है। पुलिस के मुताबिक ट्रक का टायर फटने के चलते यह हादसा हुआ है। इससे एक बिजली का खंभा भी टूट गया। मौके पर वहां भीड़ इकट्ठी हो गई थी और जाम भी लग गया, जिसे बाद में पुलिस ने खुलवाया।

### दुष्कर्म के आरोपी को महिला थाना एनआईटी ने काबू कर भेजा जेल



**फरीदाबाद।** महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया व उनकी टीम ने दुष्कर्म के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम गुलशन है, जो नेहरू कॉलोनी का रहने वाला है। जिसकी उम्र 22 वर्ष है और वह पैट्रोल पंप पर काम करता है। तीन मई को पीड़ित लड़की ने थाने में शिकायत दी थी कि उसकी मुलाकात लड़की के साथ इंस्टाग्राम पर होगी। जिसके बाद लड़के ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। लड़की के जन्मदिन पर लड़की आरोपी से मिलने गई, जहां आरोपी उसे होटल में ले गया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की ने इसकी शिकायत पुलिस को दी, जिसके बाद दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करके मामले में जांच शुरू की गई। मामले में आगे कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### साइबर ठगों से बचाव के बारे में लोगों को किया जागरूक



**फरीदाबाद।** सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व उनकी टीम ने साइबर राहगीरी कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता वेन के माध्यम से आमजन को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर राहगीरी कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छात्रों व नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करके इससे बचाव के लिए आमजन को जानकारी प्रदान की। इसी के तहत सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व उनकी टीम ने दो कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें एक उनके ऑफिस तथा दूसरा सीनियर सिटीजन क्लब सेक्टर-3 में आयोजित किया गया। इंस्पेक्टर सविता ने वीडियो वेन पर वीडियो स्क्रीन के माध्यम से साइबर सिक्योरिटी के बारे में आमजन को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध का शिकार होने की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

### बैंक के साथ तीन लाख की धोखाधड़ी का आरोपी पकड़ा



**फरीदाबाद।** बैंक के साथ तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में चार साल से फरार आरोपी क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 ने गिरफ्तार किया है। अभिषेक नाम का यह आरोपित नोएडा का रहने वाला है। उसके खिलाफ साल 2019 में बैंक के साथ तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए आरोपी फरार हो गया था। यह पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

## दो महीने से लापता युवक को सकुशल परिजनों तक पहुंचाया


लापता युवक को परिजनों को सौंपते क्राइम ब्रांच।

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने दो महीने से लापता हुए 19 वर्षीय युवक को तलाश कर सकुशल उनके परिजनों तक पहुंचाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दो महीने पहले सारण थाने में युवक के परिजनों ने शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनका 19 वर्षीय युवक घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जिसकी उन्होंने हर जगह तलाश की, परंतु उसके बारे में उन्हें कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाने में मुकदमा दर्ज करके युवक की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया और क्राइम ब्रांच कैट को इसकी सूचना दी गई। पुलिस टीम युवक की लगातार तलाश कर रही थी, परंतु अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था।

आगे की कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच टीम को युवक के सेक्टर-30 में होने का पता चला। जिसके पश्चात क्राइम ब्रांच की टीम ने लापता युवक को सेक्टर 30 से बरामद कर लिया। युवक को उसके परिजनों के पास ले जाया गया और उनसे बातचीत करवाई गई। जिसमें पता चला कि युवक अपने परिजनों से नाराज था। इसलिए वह बिना किसी को कुछ बताए घर से चला गया था।

## गोकशी व हत्या के प्रयास में फरार 5000 का इनामी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच-56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने गोकशी व हत्या के प्रयास के मुकदमे में छह साल से फरार चल रहे 5000 के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम तोहिद है, जो नूह जिले के देवला गांव का रहने वाला है। दिसंबर 2018 में आरोपी के खिलाफ गोकशी, हत्या का प्रयास व अवैध हथियार का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी ने अपने सात अन्य साथियों के साथ मिलकर धौज एरिया में गोकशी का प्रयास किया था।

आरोपी शहर में खुली घूम रही गायों को गाड़ी में डालकर गोकशी के लिए ले जा रहे थे, जिसकी सूचना गो रक्षक दल को मिलने पर उन्होंने इनका पीछा किया। जिस पर आरोपियों ने गो रक्षक दल पर हमला कर दिया और उन्हें जान से मारने की नियत से उन पर कट्‌टे से फायर किया। जिसमें गो रक्षक दल के कार्यकर्ता बाल बाल बच गए।

## हैलमेट सिर्फ एक जान ही नहीं, बल्कि परिवार व संबंधित संस्थान को भी बचाता है : डॉ. एमपी गुप्ता

### रक्तदान के शिविर में 150 यूनिट रक्त एकत्रित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हैलमेट** सिर्फ एक जान नहीं बचाता, बल्कि परिवार, संबंधित संस्थान आदि को भी बचाता है। दोपहिया से सड़क पर चलते समय दुर्भाग्यवश कोई दुर्घटना होती है, ऐसे में हैलमेट से जान बचने का चांस रहता है। ये बातें लिंग्यास विद्यापीठ के वाइस चांसलर डॉ. एमपी गुप्ता के रक्तदान शिविर का उद्घाटन के समय बच्चों को संबोधित करते हुए कहीं।

विद्यापीठ में रक्तदान शिविर का आयोजन विक्टोरा इंडस्ट्रीज, लिंग्यास विद्यापीठ, रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं व स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लिंग्यास विद्यापीठ के प्रो वाइस चांसलर डॉ. एमके सोनी ने बताया की रक्तदान से जरुरतमंदों व थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को सहयता मिलती है। साथ ही छात्र-छात्राओं को सामाजिक दायित्व के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास रहता है। डायरेक्टर दिनेश सरदाना ने बताया कि शिविर से पहले बच्चों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसके फलस्वरूप बड़ी संख्या में शिविर में बच्चे भाग ले रहे हैं। एसएस बांगा के रक्तदान अभियान व हैलमेट देने की पहल को सभी ने सराहा। विश्वविद्यालय के चांसलर सहित मैनेजमेंट, स्टाफ व बच्चों ने अनोखी पहल बताया। विक्टोरा इंडस्ट्रीज के सीएफओ विशाल माहेश्वरी ने खुद व समाज को जागरूक करने की अपील की। रोटरी ईस्ट के डायरेक्टर ब्लड डोनेशन एचएल भूटानी ने बताया कि आज के शिविर में युवाओं ने अति उत्साह के भाग लिया। शिविर में 150 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इस मौके पर डॉ. सुशांत राजपूत, चैतन्य, डॉ स्मृति, रोटरी फरीदाबाद ईस्ट अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा, रोटेरियन सुभाष कुमार, रोटेरियन निर्मल मेहंदले, रोटेरियन सुभाष त्यागी, रोटेरियन दिनेश सदाना, सचिन मंडोतिया कॉर्डिनेटर रोटरी फरीदाबाद ईस्ट आदि मौजूद रहे।


लिंग्यास विद्यापीठ के वाइस चांसलर डॉ. एमपी गुप्ता रक्तदाताओं को हैलमेट देकर प्रोत्साहित करते।

## होडल में दूसरे दिन अंत्योदय मेले में पात्रों ने उठाया लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**प्रदेश** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज का अंतिम व्यक्ति भी लाभान्वित हो, इसके लिए प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाएं, परियोजनाएं व नीतियां लागू की हैं। सरकार ने इसी क्रम में ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आमदनी एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, उनका आर्थिक स्तर को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत जिला में चौथे चरण के अंत्योदय मेलों का शुभारंभ हो चुका है।

दूसरे दिन मेला बृहस्पतिवार को होडल के पुन्हाना चौक पर स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में लगाया गया। मेले की अध्यक्षता एडीसी डा. आनंद शर्मा ने की। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम रणवीर सिंह, सिविल सर्जन डॉ लोकवीर, मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी आश्रय सिंघल, तहसीलदार होडल संजीव नागर, होडल नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी मानेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। एडीसी ने मेले में पात्र व्यक्तियों की सहायता के लिए लगाई गई हेल्पडेस्क, काउंस्लिंग डेस्क, योजनाओं से लाभान्वित करने के लिस विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर उन्होंने मेले में लाभ लेने के लिए आए पात्र व्यक्तियों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार कृत संकल्पित हैं।


सीएम अंत्योदय परविार उत्थान मेले में भाग लेते लोग।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत होडल खंड क्षेत्र के पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए अंत्योदय मेले का आयोजन किया गया है। नगर परिषद होडल क्षेत्र और होडल ब्लॉक क्षेत्र के शेष रहे लाभ पात्रों ने योजना के पात्र परिवारों को लाभ देने के लिए यह मेला लगाया गया। उन्होंने योजना के पात्र परिवारों से आह्वान किया कि वे मेले में आते समय अपने साथ परिवार पहचान पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, अल्पसंख्यक प्रमाण-पत्र (मुस्लिम वर्ग), दो पास्पोर्ट आकार के फोटोग्राफ अवश्य लाएं, ताकि योजना का लाभ देने के लिए दस्तावेजों की जरूरी कार्यवाही अमल में लाई जा सके। मेले में संबंधित विभागों ने अपने स्टॉल स्थापित कर लाभार्थियों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। अंत्योदय मेले में लीड बैंक, जिला रैडक्रॉस सोसायटी, मत्स्य विभाग, रोजगार विभाग, एनआईसी, हरियाणा पिछडा वर्ग कल्याण निगम, हरियाणा महिला विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, पशु एवं डेयरी विभाग, एमएसएमई, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन, डिजीटल इंडिया-कॉमन सर्विस सेंटर, एसबीआई बैंक, कैनरा बैंक, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, यूनियन बैंक के अधिकारियों ने स्टॉलों पर मौजूद रहकर मेले में योजनाओं का लाभ उठाने आए पात्र परिवारों को अपने-अपने विभाग व बैंक द्वारा प्रदान की जारी योजनाओं, अनुदान व ऋण की संपूर्ण जानकारी दी।

## दिल्ली में हुई तल्खी, सीपी के आदेश पर फरीदाबाद पुलिस हुई अलर्ट



**फरीदाबाद।** दिल्ली में जंतर-मंतर पर चल रहे पहलवानों के धरने को लेकर बृहस्पतिवार को फरीदाबाद पुलिस भी अलर्ट रही। पुलिस को हिदायतें देने और आम जन से बातचीत करने के लिए पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने बृहस्पतिवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-21सी में बैठक ली।

बता दें, बुधवार को आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती पहलवानों के लिए फोल्डिंग चारपाई लेकर पहुंचे थे। दिल्ली पुलिस ने उन्हें धरनास्थल पर चारपाई लेकर जाने से रोक दिया था। इसके बाद धरना दे रहे पहलवानों ने हरियाणा के पहलवानों से धरनास्थल पर चारपाई लेकर पहुंचने का आह्वान किया था। इसके लेकर बुधवार को पुलिस अलर्ट रही। दिल्ली से सटे क्षेत्र में पुलिस ने नाकाबंदी की।

## ग्रीवेंस कमिटी और महिला आयोग के प्रयास से राजवती की दुनिया फिर हरी भरी होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सीएम** ग्रीवेंस कमिटी और हरियाणा राज्य महिला आयोग के प्रयास से पीड़ित राजवती की जिंदगी में खुशी लौट सकती है। राजवती की अपने ससुराल के लोगों से अनबन थी और उनके साथ जमकर मारपीट की गई थी। यहां तक की डंडे से पिटाई की गई थी। अब महिला आयोग व पुलिस के प्रयास से राजवती के जीवन में खुशियां लौटने वाली है। इससे की पीड़ित पक्ष भी अपनी बेटी को हंसी-खुशी ससुराल भेजने के लिए तैयार हैं।

नरहावली गांव के रहने वाले पप्पू की बेटी राजवती की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। राजवती की शादी करीब पांच साल पहले फतेहपुर तगा निवासी प्रवीण के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही राजवती के साथ प्रवीण मारपीट करने लगा, लेकिन राजवती ने अपने परिवार को देखते हुए सब कुछ सहन किया। आपबीती किसी को नहीं बताई। 8 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे प्रवीण, सास सीमा, ननद मनीषा, पिंकी व देवर विशाल ने राजवती के साथ झगड़ा किया। सास सीमा, मनीषा व पिंकी ने राजवती को पकड़ लिया और प्रवीण व विशाल ने उसके साथ डंडे से मारपीट की। इससे की राजवती के दोनों हाथों में चोट आई। सास व दोनों ननद ने उसे थप्पड़ व मुक्के मारते हुए घर से धक्का देकर निकाल दिया और कहा कि दोबारा घर आने पर जान से मार दिया जाएगा। आरोप है कि मनीषा की शादी होने के बाद भी अपनी ससुराल में रह कर मायके में रहती है। वहीं सास व पति को उसके खिलाफ भड़काती रहती है। मेरी ननद मनीषा की शादी हो चुकी है फिर भी वह अपनी ससुराल न जाकर अपने मायके में ही रहती है।

वहीं मेरी सास व मेरे पति को मेरे खिलाफ भड़काती रहती है। नौ अप्रैल को राजवती अपनी मां सोना, भाई सागर, बहन जयवती व जीजा जोगिंद्र के साथ अपनी ससुराल में बेटे मयंक को लेने के लिए गई थी, जहां दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया था। वहीं इस मामले में नया मोड़ आ गया, जब आरोपी मनीषा ने 11 अप्रैल को शिकायत दी थी। मनीषा ने राजवती व अन्य ने उसके भाई प्रवीण के खिलाफ मारपीट करने व मयंक को जबरदस्ती छीन कर ले जाने का आरोप लगाया था। बहन राजकुमारी की सोने की चेन को छीन कर ले जाने का भी आरोप लगाया। हालांकि जांच में पाया गया कि मनीषा ने शिकायत दबाव बनाने के लिए दी। इस बारे में मनीषा ने सीएम ग्रीवेंस कमिटी में अपनी दरखास्त लगाई, जिसकी सुनवाई सीएम मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दोनों पक्षों को सुनकर काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए थे। एक मई को मनीषा की शिकायत पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने भी जांच की।

## श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के आठ विद्यार्थियों को मिली प्लेसमेंट


विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते कुलपति डॉ. राज नेहरू।

**पलवल।** श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के आठ विद्यार्थियों को पैराकोट प्रोडक्ट्स लिमिटेड में प्लेसमेंट मिली है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने नौकरी मिलने पर इन विद्यार्थियों की पीठ थपथपाई। उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि मनुष्य का जीवन में उपयोगी होना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

कोई भी बड़ी कंपनी विद्यार्थियों की प्रतिभा और उनकी क्षमता को देखकर ही उनका चयन करती है। जब कोर्स पूरा होने से पहले ही विद्यार्थियों को अच्छी कंपनी में जॉब मिल जाती है, यह विश्वविद्यालय के लिए सबसे ज्यादा संतोष की बात है। चूंकि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि सभी विद्यार्थियों की अच्छी प्लेसमेंट हो। इसीलिए श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने रोजगारपरक कोर्स शुरू किए। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और जीवन में मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बी. वॉक मैकेनिकल मैन्युफैक्चरिंग के विद्यार्थी रविंद्र लोहान, मोहित कुमार, रमन और रोहित को चयनित किया गया है। इसी तरह से प्रोडक्शन टूल एंड डाई के नवनीत आर्य तथा आयुष को प्लेसमेंट मिली है। डी. वॉक मैकेनिकल के विनीत और भूपेश कुमार को कंपनी ने नियुक्ति पत्र भेजा है। सभी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रति कृतज्ञता जताई है। इस अवसर पर उप निदेशक डॉ. वैशाली माहेश्वरी ने प्लेसमेंट पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## मेला गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में हो रहा कारगर : एडीसी

### बल्लभगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के 81 गरीब परिवारों को स्वयं रोजगार के लिए सक्षम बनाया : एसडीएम त्रिलोक चंद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एडीसी** अपराजिता ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में हो कारगर साबित हो रहे हैं। वहीं एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक ने कहा कि बल्लभगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के 81 गरीब परिवारों को स्वयं रोजगार के लिए सक्षम बनाया है।

बता दें कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) के तहत चिन्हित परिवारों की आय बढ़ाने के लिए प्रयास किये जा रहे है। इन मेलों में एक स्थान पर ही लाभपात्रों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। एडीसी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना के माध्यम से लघु व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए जाते हैं। इसी तर्ज पर हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय है। यह योजना गरीब उत्थान में मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मकसद है कि अति गरीब परिवारों को विशेष अवसर देते हुए उन्हें अपना कारोबार शुरू करने के लिए किसी न किसी एक योजना के साथ जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ऋण दिया जा रहा है। यह ऋण बहुत ही आसान किस्तों में उपलब्ध करवाया जा रहा है। कौशल विकास द्वारा कोई भी आवेदक जो किसी भी कारण से अपनी पढ़ाई लगातार नहीं कर पाया है। उन्होंने बताया कि इस मेले में लगभग 18 विभाग जिनमें आयुष्मान योजना के तहत निरोगी हरियाणा, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी, रोजगार विभाग हरियाणा, मंडल रोजगार कार्यालय फरीदाबाद, उद्यान विभाग, हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम कार्यालय, हरियाणा महिला विकास निगम, हरियाणा अनुसूचित जातियां वित्त एवं विकास निगम, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज हरित मत्स्य पालन विभाग हरियाणा, हरियाणा कौशल विकास निगम, हरियाणा डेयरी विकास सरकारी प्राधिकरण लिमिटेड , हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, पशुपालन और डेयरी विभाग, सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड सहित अन्य विभागों ने मेले अपने अपने स्टाल लगाए हैं। जहां 168 परिवारों को बुलाया गया था। उनमें से 81 परिवारों के सदस्य को स्वयं रोजगार मुहैया करवाने के लिए विभागों को दायित्व दिया गया है।


मेले में भाग लेते लोग।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 5 मई, 2023



# विरासत संरक्षण

## न्यायालय का आदेश

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने दिल्ली के तुगलकाबाद किला इलाके में अवैध कब्जों को ध्वस्त करने का आदेश देकर ठीक किया है। वैसे किसी को घर से निकालना हमेशा कष्टदायक व अपमानजनक होता है जिसमें दिल्ली में लूटियनों के आबंटित बंगलों में अवधि से अधिक रहने वाले राजनेता भी शामिल हैं। सड़कों पर फेंका गया घरेलू सामान दया पैदा करता है और प्रमुखता से अखबारों में छपने वाले अच्छे फोटो देता है। गरीब लोगों के घर उजाड़े जाने पर स्थिति और दयनीय होती है। इन गरीब लोगों में कुछ दिन पहले दिल्ली के तुगलकाबाद किला इलाके में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण-एएसआई द्वारा चलाए ध्वस्तीकरण अभियान से प्रभावित लोग भी शामिल हैं। निराशा में डूबे गरीब लोग खबरों का हिस्सा बने जिनमें से अनेक अपने ध्वस्त घरों के अवशेष बटोर रहे थे। वे सरकार से पुनर्वास और सहायता मांग रहे थे। अनेक गुस्सा लोगों ने मीडिया को बताया कि स्थानीय राजनेताओं व उनके सहायकों ने जनता को मूर्ख बनाया है। कुछ लोगों ने एक खबरिया चैनल से स्थानीय पुलिसजनों को रिश्वत देने की शिकायत भी की। उनका कहना है कि यदि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण-एएसआई के क्षेत्राधिकार में घर बना कर कुछ गलत हुआ है तो इसमें स्थानीय अधिकारी तथा पुलिसजन भी समान रूप से दोषी हैं। फिर ऐसे में केवल उनको ही दंड क्यों दिया जा रहा है। वे दुःख प्रकट करते हुए कहते हैं कि हमने थोड़े-थोड़े पैसे जुटा कर किसी तरह अपने घर बनाए और अब हमें सड़क पर फेंका जा रहा है। कुछ प्रभावित



लोगों का यह भी कहना है कि उनके घर गिराए जा रहे हैं, पर निकट ही नई बहुमंजिला इमारतें तैयार हो रही हैं। उनकी नजरों में कानून न केवल भेदभाव करने वाला, बल्कि मनमाना और बदला लेने वाला भी है। हमें इन लोगों से हमदर्दी हो सकती है, पर उनके तर्क स्वीकारना कठिन है। उन्होंने कानून का उल्लंघन किया और अब उसकी सजा भुगत रहे हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने ध्वस्तीकरण आदेश दे कर ठीक किया है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसी सरकार द्वारा दोषी स्थानीय अधिकारियों व पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद नहीं है।

बताया जाता है कि अब एएसआई ने भविष्य में अवैध कब्जे रोकने के लिए 3 किलोमीटर लंबी व 6-8 फीट ऊंची दीवाल बनाने की योजना बनाई है जिसके ऊपर कांटेदार तार भी लगे होंगे। लेकिन यह काम बहुत कम तथा बहुत देर में किया जा रहा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दिल्ली तथा अन्य स्थानों पर अनेक ऐतिहासिक स्मारकों में अवैध कब्जे हुए हैं और यह समस्या बढ़ रही है। 2019 में सरकार ने राज्यसभा को बताया था कि 321 संरक्षित स्मारकों में कब्जे हुए हैं, जबकि 2022 में यह संख्या बढ़ कर 356 हो गई। पिछले साल दिसंबर में पर्यटन व संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राज्यसभा को बताया था कि उत्तर प्रदेश में 75 संरक्षित स्मारकों पर अवैध कब्जे हुए और इसके बाद 74 कब्जों के साथ तमिलनाडु का दूसरा स्थान है। उत्तर प्रदेश में केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों की सबसे अधिक संख्या 743 है, जबकि तमिलनाडु में यह संख्या 412 है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में खासकर माफिया द्वारा किए कब्जों को बुलडोजरों से ध्वस्त किया गया है तथा उपरोक्त 75 स्मारकों में भी अवैध कब्जे ध्वस्त किए गए हैं। अन्य राज्यों को भी अवैध कब्जों को ध्वस्त करने के मामले में इसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। जमीनों पर कब्जा करने वालों व भू-माफिया तत्वों ने हमारे शहरों व कस्बों को बरबाद किया है। हमें इन तत्वों को अपने विरासती स्थल नष्ट करने की बिल्कुल अनुमति नहीं देनी चाहिए। विरासतों का संरक्षण हर सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए।

# खेलों द्वारा शांति को बढ़ावा

खेल विभिन्न संस्कृति वाले लोगों को एकसाथ आने का आधार प्रदान करते हैं। ये टकरावों के शिकार देशों को एकजुट रखने में सहायक हैं।



**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में कार्यकारी हैं)



हर साल 6 अप्रैल को 'विकास एवं शांति के लिए खेलों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। इस दिन हम खेलों के व्यक्तिगत व सामुदायिक सकारात्मक प्रभावों को स्वीकार करते हैं। यह खासकर उन क्षेत्रों के लिए प्रभावी है जो टकराव व गरीबी का शिकार हों। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने स्वीकार किया है कि खेलों की शक्ति लोगों को एकसाथ लाती तथा उनमें शांति को बढ़ावा देती है। उसने वर्ष 2013 को विकास एवं शांति के लिए खेलों का अंतरराष्ट्रीय वर्ष घोषित किया था। खेल सांस्कृतिक व भाषाई बाधाओं को पार कर लोगों को एकसाथ लाने का समान आधार तैयार करते हैं।

इसलिए खेलों में टकराव वाले देशों को एकजुट रखने की विशिष्ट क्षमता है। इससे सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलता है तथा पूर्वाग्रहों व जड़ विचारों को तोड़ने में सहायता मिलती है। यह खासकर टकराव व हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है जहां खेल शांति-स्थापना के महत्वपूर्ण औजार का काम करते हैं। इसका एक उदाहरण अफगान महिला फुटबाल टीम है। अपने समाज में कट्टरपंथी तत्वों के विरोध के बावजूद अफगान महिलाओं के एक समूह ने 2007 में फुटबाल टीम का गठन किया। उनको हत्या तथा परिवारों पर हमले समेत अनेक धमकियों व चुनौतियों का सामना करना पड़ा, पर वे लगातार खेलती तथा महिला अधिकारों की पैरवी करती रहीं। उनके साहस और प्रतिबद्धता ने दूसरों को प्रेरित कर अपने देश में जेंडर बाधायें तोड़ने में सहायता की।

एक औजार के रूप में काम करने वाले फुटबाल द्वारा इस्राइल व फिलिस्तीन के बीच शांति-स्थापना का एक और उदाहरण है। इस्राइल के अलाभकारी संगठन 'पेरेज़ सेंटर फार पीस' ने 'ट्विन्ड पीस स्पोर्टस स्कूल' नामक एक कार्यक्रम चलाया। इससे यहूदी व अरब बच्चों को साथ लाने का अवसर मिला, दोनों संस्कृतियों के प्रति समझदारी बढ़ी तथा टकराव वाले समुदायों के बीच सेतु स्थापित करने में सहायता मिली।

टिकाऊ विकास को प्रोत्साहित करने के साथ खेल स्वास्थ्य व फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, अपराध व समाज-विरोधी व्यवहार घटाते हैं तथा हाशियाकृत समुदायों का सशक्तीकरण करते हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने विकास कार्यक्रमों में खेलों का प्रयोग स्वीकार किया है। उसने टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी के रूप में खेलों पर ज्यादा निवेश करने का आह्वान किया है। दक्षिण अफ्रीका का 'बियान्ड बार्स' कार्यक्रम रग्बी का प्रयोग सामाजिक एकजुटता तथा युवा विपथगामी लोगों में अपराध घटाने के लिए करता है।

यह एक और उदाहरण है कि युवा विपथगामियों में कौशल व सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर प्रतिभागियों में पुनः अपराध की ओर जाने की दर घटाने व सामाजिक एकजुटता पैदा करने में सहायता मिली है। भारत का 'मैजिक बस' कार्यक्रम एक और उदाहरण है जिसमें खेलों और शिक्षा का प्रयोग हाशियाकृत बच्चों व नौजवानों के सशक्तीकरण में किया जाता है। इस पहल का लक्ष्य विभिन्न खेलों की कोचिंग तथा उनकी 'मेंटरिंग' है। इनमें फुटबाल, क्रिकेट व वालीबाल समेत प्रशिक्षण व शिक्षण के जीवन कौशल भी शामिल हैं जिनसे प्रतिभागियों में सकारात्मक दृष्टिकोण, स्वास्थ्य तथा बेहतरी सुनिश्चित होती है।

विकास एवं शांति स्थापना के औजार के रूप में खेलों में ज्यादा निवेश बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें खेल कार्यक्रमों और सुविधाओं के लिए अधिक फंडिंग तथा कोचों, इंस्ट्रक्टरों व जड़ों तक पहुंचने के लिए प्रशिक्षण व विकास सहायता को ज्यादा समर्थन देना शामिल है। वर्ष 2014 से भारत निसंदेह युवा प्रतिभाओं के लिए परंपरागत खेलों का प्रोत्साहन करने में विश्व नेता बन कर उभरा है। भारत सरकार ने कबड्डी, खोखो, स्वदेशी मार्शल आर्ट व अन्य परंपरागत खेलों को प्रोत्साहित करने की अनेक पहलें की हैं। ये खेल न केवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं, बल्कि ये युवाओं को शारीरिक गतिविधियों व जीवन कौशल विकसित करने के विशिष्ट अवसर प्रदान करने में भी सहायता करते हैं।

2018 में शुरू 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम का उद्देश्य युवा खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उनका पोषण करना तथा युवा एथलीटों को वित्तीय सहायता, प्रक्षिण व ढांचागत संरचना प्रदान करना है। इसका उद्देश्य देश में एक मजबूत खेल संस्कृति का विकास करना है। युवा प्रतिभाओं में परंपरागत खेलों को प्रोत्साहित करने के भारत के प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्यता मिली है। उदाहरणार्थ, अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति ने 2018 में कबड्डी तथा 2022 के एशियाई खेलों में खोखो को शामिल किया है।

इन परिवर्तनों से परंपरागत भारतीय खेलों का प्रोफाइल बढ़ाने तथा दुनिया के सामने देश की खेल शक्ति प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। सांस्कृतिक बाधायें तोड़ने तथा टकराव घटाने के लिए खेलों को और प्रोत्साहन देने हेतु विभिन्न क्षेत्रों तथा हितधारकों के बीच ज्यादा सहयोग की आवश्यकता है। इनमें सरकार, गैर-सरकारी संगठन तथा खेल संगठन शामिल हैं। इसमें संसाधनों एवं विशेषज्ञताओं का साझा करने तथा संयुक्त कार्यक्रमों व पहलों का विकास करना शामिल है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास एवं शांति-स्थापना के रूप में खेलों को ज्यादा प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

इसमें खेल संगठनों व अलाभकारी संगठनों का वैश्विक नेटवर्क स्थापित करने तथा विकास एवं शांति-स्थापना में खेलों के प्रयोग पर अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देश व मानक तैयार करना भी शामिल है। खेल राजनय तथा देशों के बीच सेतु स्थापित करने का शक्तिशाली औजार हैं। इस दिशा में भारत अपनी खेल उपलब्धियों तथा पहलों का लाभ उठा कर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित करने के माध्यम से शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की पहल कर सकता है। कबड्डी वर्ड कप व भारतीय प्रीमियर लीग-आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट जैसे आयोजन इस दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं जहां दुनिया भर के खिलाड़ी और टीमें एकसाथ आती हैं। इससे सहयोग व सद्भावना की भावना प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इसके साथ ही हमें विभिन्न खेल आयोजनों के माध्यम से रोजगार व राजस्व सृजन के अवसरों को भी अनदेखा नहीं करना चाहिए।

परंपरागत खेलों को प्रोत्साहन देने के मामले में भारत विश्व स्तर पर अग्रणी शक्ति के रूप में उभरा है। युवा प्रतिभाओं के लिए परंपरागत खेलों के प्रोत्साहन से न केवल देश में एक मजबूत खेल संस्कृति विकसित करने में सहायता मिली है, बल्कि यह देश के समग्र सामाजिक व आर्थिक विकास में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। राजनय व शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के रूप में खेलों को औजार की तरह आगे बढ़ा कर भारत दुनिया में अपनी खेल शक्ति प्रदर्शित कर रहा है। इसके साथ ही वह खेलों के माध्यम से दुनिया के अन्य देशों के साथ सहयोग व सद्भावना को भी बढ़ावा दे रहा है। यह गतिशीलता निरंतर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# प्रकाश का स्रोत है ईश्वर

“ जब आत्माएं पीड़ित होती हैं, तो वे मुक्त करने और अपने दुख को समाप्त करने के लिए ईश्वर को पुकारती हैं। ”

**ब्रह्मकुमार निकुंज जी**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं।)



अधिकांश धार्मिक विद्वानों के अनुसार, ईश्वर प्रत्येक प्राणी और कण-कण में विद्यमान है और प्रत्येक वस्तु उसी की अभिव्यक्ति है। सरल भाषा में उनका तात्पर्य यह है कि परमात्मा सर्वव्यापक है। क्या सच में ऐसा है? कुछ लोग कहते हैं कि भगवान हर %घाट% यानी हर दिल में मौजूद हैं। दूसरे कहते हैं कि भगवान वहीं हैं जहां उनके भक्त उन्हें बुलाते हैं। यह विश्वास दिव्य दृष्टि के उदाहरणों या कई भक्त उपासकों द्वारा प्राप्त सहायता द्वारा समर्थित है। इसे दूसरे तरीके से रखते हुए, कुछ उल्लेखनीय भक्तों को उनके हृदय में उनके होने के रूप में दिखाया गया है। इसी विचार को और आगे बढ़ाते हुए कई लोग कहते हैं कि ईश्वर हर जगह, कण-कण में विद्यमान है।

अब! यदि ईश्वर वास्तव में हर जगह है, तो दुनिया में जो गिरावट देखी जाती है, उसकी व्याख्या कैसे की जा सकती है? भगवान की स्तुति पतित-पावन, सदा पवित्र, दबे-कुचले लोगों को उठाने वाले के रूप में की जाती है। तो अगर भगवान भी सबकी तरह अधोगति के अधीन हैं तो कौन किसका उत्थान करेगा? गीता के 18वें अध्याय में जो संपूर्ण भगवद्गीता का सार है, भगवान कहते हैं सर्व-धर्म परित्यज्य, मम एकं शरणं व्रज, अहम् त्वं सर्व-पपेभ्यो, मोक्षयिष्यामि म ऐसा अर्थ सभी प्रकार के धर्मों को त्याग कर मेरी शरण में आ जाओ। मैं तुम्हें सभी पापमय प्रतिक्रियाओं से मुक्ति दिलाऊंगा। डरना मत। यह मुक्ति या मोक्ष का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न सामने लाता है।

ऐसा माना जाता है कि ईश्वर इस संसार में मानवता को दुखों से मुक्ति दिलाने के लिए आते या अवतरित होते हैं। अब! अगर वह पहले से ही हर जगह मौजूद है तो उसे कहीं से आने की क्या



जरूरत है? इसलिए इस तथ्य को समझना चाहिए कि सर्वव्यापकता शायद ईश्वर की सर्वव्यापकता से उत्पन्न एक गलत धारणा है। चूँकि सर्वोच्च ईश्वर कभी भी, कहीं भी अपने प्यारे बच्चों तक पहुंच सकते हैं, और अपनी शक्तियों को कई तरीकों से प्रकट कर सकते हैं, इसे कुछ लोगों ने हर जगह उनकी उपस्थिति का प्रमाण माना है। भगवान को फादर और परमपिता कहा जाता है। जिस प्रकार हम सभी के शरीर का एक पिता होता है जिसका एक रूप और पहचान होती है उसी प्रकार ईश्वर आत्माओं का पिता है। वह निराकार या असीम नहीं है। उनका भी रूप है - ज्योतिबिन्दु का। कोई भी वस्तु जिसका कोई रूप और विशिष्ट पहचान नहीं है, सर्वव्यापी नहीं हो सकती क्योंकि वह वस्तु को निराकार बना देगी। यदि एक ओर हम ईश्वर को पिता कहते हैं और दूसरी ओर कहते हैं कि वह सर्वव्यापी है, तो इसका अर्थ होगा कि प्रत्येक व्यक्ति पिता है। लेकिन ऐसा नहीं है क्योंकि आत्मा सनातन भाई है। इसके अलावा, अगर हम कहें कि भगवान सभी में हैं तो सभी आत्माएं भगवान के समान हो जाएंगी।

और जब सब समान हैं तो वर्सा कौन किसको देगा? इस प्रकार, ऊपर से यह स्पष्ट है, कि ईश्वर सर्वव्यापी नहीं हो सकता, क्योंकि यह स्पष्ट है कि मनुष्य समान नहीं हैं, और वे लगातार ईश्वर की सहायता या आशीर्वाद की तलाश कर रहे हैं, जो उन्हें नहीं करना चाहिए यदि ईश्वर उनमें मौजूद है।

जब आत्माएं पीड़ित होती हैं, तो वे भगवान को पुकारती हैं कि वे आकर उन्हें उनके बंधनों से मुक्त करें और उनके दुखों का अंत करें। इससे यह स्पष्ट होता है कि आत्मा ईश्वर नहीं है। यदि यह परमेश्वर होता, तो यह पहली बार में पीड़ा से नहीं गुजर रहा होता। और इससे यह भी पता चलता है कि ईश्वर सर्वव्यापी नहीं है। यदि वे सर्वत्र उपस्थित होते तो किसी को उनसे प्रार्थना करने की आवश्यकता न होती कि वे आकर उनके दुखों का अंत करें। सही? क्योंकि भगवान आकर मानव आत्माओं को विकारों के बंधन से मुक्त करते हैं, जो कि सभी मानवीय दुखों का मूल कारण है, भगवान को लिबरेटर कहा जाता है। याद करना!

मानव आत्माएं इन बंधनों में ठीक इसलिए आती हैं क्योंकि वे भगवान नहीं हैं, और भगवान कभी भी इन बंधनों में नहीं आते हैं क्योंकि भगवान हमेशा शुद्ध होते हैं और यही कारण है कि केवल भगवान और कोई भी मानव आत्मा किसी अन्य आत्मा को पवित्र नहीं कर सकती है क्योंकि सभी आत्माएं एक ही दलदल में फंसी हुई हैं अवगुणों का। तो, आइए उस एक सर्वोच्च स्रोत से जुड़ें और बहुतायत से भरा जीवन जीने के लिए उनकी सकारात्मक ऊर्जाओं और शक्तियों से खुद को प्रबुद्ध करें।

# आप की बात

## क्रेमलिन पर हमला

**अचानक** बुधवार तड़के रूस के तमाम टीवी चैनल्स ने वो वीडियो दिखाना शुरू कर दिया जिसमें मास्को के दिल कहे जाने वाले क्रेमलिन के एक गुम्बज पर ड्रोन को टकराकर फटते दिखाया गया। दूसरा वाला ड्रोन उसके बगल से गुजरते दिखाया गया। पहले रुसी मीडिया और दूसरे दिन मास्को समर्थित तमाम विदेशी अख़बारों में यह हेडलाइन खबर छपी कि पुतिन को यूक्रेन ने मारने की कोशिश की, जबकि हकीकत ये है कि यह रुसी साजिश थी जो ज़ेलेन्स्की को मारने के लिए पृष्ठभूमि की तरह तैयार की गयी है। दुनिया को इस साजिश के जरिये यह बताया जा रहा है कि यूक्रेन की इस हरकत के कारण हम ज़ेलेन्स्की को मार रहे हैं। यह हमला यूक्रेन ने नहीं किया इसके कई प्रमाण मौजूद हैं। कोई भी ड्रोन 650 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय नहीं कर सकता, जबकि यूक्रेन की सीमा से मास्को की दूरी 800 किलोमीटर से ज्यादा है। दूसरे, मास्को के ऊपर अगर परिंदा भी उड़ेगा तो उसको रुसी निगरानी टीम पकड़ लेगी। फिर ड्रोन को कैसे छोड़ दिया गया। पश्चिमी देशों ने यूक्रेन को लम्बी दूरी का कोई ड्रोन या मिसाइल नहीं दिया गया है ताकि वह केवल आत्मरक्षा कर सके और नाटो व रूस के बीच लड़ाई का विस्तार हर हाल में रोका जा सके।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## बुद्ध पूर्णिमा

**वैशाख पूर्णिमा** इस बार 5 मई 2023 को है। इस दिन बौद्ध धर्म के संस्थापक भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसे बुद्ध पूर्णिमा और बुद्ध जयंती के नाम से भी जाना जाता है। गौतम बुद्ध को एशिया का प्रकाश कहा गया है। उनका जन्म नेपाल के कपिलवस्तु के लुम्बिनी वन में वैशाख पूर्णिमा के दिन 563 ई. पूर्व हुआ था। उनका पालन-पोषण एक राजकुमार के रूप में हुआ। गौतम बुद्ध का जन्म भले ही नेपाल में हुआ हो पर उनकी कर्मभूमि भारत रही। यहीं उन्हें बोधित्व की प्राप्ति हुई और यहीं से उन्होंने पूरे विश्व को सन्देश दिया। आज भी जापान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, चीन, वियतनाम, ताइवान, तिब्बत, भूटान, कम्बोडिया, हांगकांग, मंगोलिया, थाईलैंड, मकाऊ, बर्मा, लागोस व श्रीलंका बौद्ध बहुल देश हैं। महात्मा गौतम बुद्ध ने अपने जीवन में हमेशा लोगों को अहिंसा, शांति व करुणा, मैत्री व बंधुत्व की शिक्षा दी थी। दुनिया में बढ़ती अहिंसा, अराजकता व अशांति को देखते हुए भगवान बुद्ध की शिक्षाओं की प्रासांगिकता कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है। बुद्ध जयंती को दुनिया उनको पुनः श्रृद्धांजलि देगी।

– **सुनील कुमार महला,** पटियाला

## ब्रेन स्ट्रोक

**लैंसेट** ग्लोबल हेल्थ जर्नल द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में ब्रेन स्ट्रोक से 1 साल में 7 लाख मौतें हुई हैं। देश में हर 1 मिनट में एक व्यक्ति को ब्रेन स्ट्रोक होता है। होता है और हर 30 मिनट में एक व्यक्ति ब्रेन स्ट्रोक से मारा जाता है। यह रिपोर्ट दहला देने वाली है । आज के तनावपूर्ण वातावरण में और जीवन के लिए निरंतर बढ़ते हुए संघर्ष को देखते हुए अधिकांश जनसंख्या कई तरह के मानसिक अवसाद से ग्रस्त है। जिसमें गरीबी, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा व ग्रह कलह आदि अनेकानेक कारणों से तनाव पैदा हो रहे हैं। नियमित सक्रिय रहने वाले लोग इनको सहन कर लेते हैं। जो नहीं कर पाते हैं वह अवसाद से लेकर ब्रेन स्ट्रोक तक के शिकार होते हैं। हमारे देश में मानसिक चिकित्सा के लिए पर्याप्त संसाधन और विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है। वैसे भी आम आदमी ब्रेन स्ट्रोक के शुरुआती लक्षणों को मामूली सर दर्द मायग्रेन समझ कर व्यवस्थित इलाज नहीं करवाता है। जिससे खतरा बढ़ जाता है। सरकार को जिला स्तर पर मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ और इसके लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था करनी चाहिए। जन-जागरूकता भी जरूरी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## जेल में हत्या

**दिल्ली** के तिहाड़ जेल में 20 दिनों में 2 गैंगस्टर अपराधियों की हत्या होना हैरान करने वाली है। तिहाड़ जेल को देश की सबसे मजबूत और सुरक्षित जेल समझा जाता है। यहां 1500 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, बड़ी संख्या में जेल स्टाफ है। इसके बावजूद इतना बड़ा हादसा हो जाना जेल प्रशासन की नाकामी का नतीजा है। इससे पहले भी तिहाड़ जेल में रसूखदार कैदियों को मोबाइल, शराब व कई खाने-पीने की चीजें उपलब्ध करवाने के मामले उजागर हुए हैं। यह मामला अकेले तिहाड़ जेल का नहीं है। देशभर की लगभग सभी जेलों में ऐसी धांधलियां लंबे समय से जारी है। सरकार को जेलों के नियमित निरीक्षण व जेल में व्याप्त भ्रष्टाचार को गंभीरता से लेना होगा। तथा भ्रष्ट कर्मचारियों को बर्खास्त करने के साथ ही सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। भारतीय जेलों में सुधार की बहुत लंबे समय से प्रतीक्षा हो रही है। जेलों को भी कानून-व्यवस्था के अंग की तरह देखा जाना चाहिए तथा उनमें कैदियों, खासकर विचारधीन कैदियों की संख्या घटाने व जेलों की संख्या बढ़ाने पर विचार करना जरूरी है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# सपा का नाम विध्वंसात्मक पार्टी होना चाहिए: योगी

## दूसरे चरण के चुनाव के लिए अयोध्या, सिद्धार्थनगर, बस्ती व सुल्तानपुर में की जनसभाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा ने अयोध्या के इंटरनेशनल एयरपोर्ट में रोड़ा अटकाने का काम किया। सपा का नाम ही विध्वंसात्मक पार्टी होनी चाहिए। यह न कभी अच्छा कर सकते, न सोच सकते। इनकी सोच आतंकियों, अपराधियों, विकास में रोड़ा अटकाने व अराजकता फैलाने वालों के साथ होती है। यह विकास के पग-पग पर रोड़ा अटकाएंगे। उनका काम है रोड़ा अटकाना, हमारा काम है बैरियर हटाकर विकास के कार्य को प्रशस्त कर लेना। सीएम ने आश्वस्त किया कि इस वर्ष के अंत तक यह इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन जाएगा।

सीएम ने कहा कि पिछली सरकार के लोग भी चुनाव लड़ने आए हैं, पूछिए कि 2012 में जब सपा की सरकार बनी थी तो उन्होंने पहला फैसला रामजन्म भूमि पर हमला करने वाले आतंकवादियों से मुकदमा वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था पर उच्च न्यायालय ने सपा की इस मंशा को पूरा नहीं होने दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को प्रथम चरण के निकाय चुनाव के लिए सबसे पहले गोरखपुर में मतदान किया। इसके बाद उन्होंने दूसरे चरण के चुनाव के लिए अपना प्रचार अभियान प्रारंभ किया। अपनी सभाओं में उन्होंने लोगों से विकास के लिए अपील की। उन्होंने भाजपा के विकास की चर्चा करने के साथ ही विपक्षी दलों को जमकर घेरा। अयोध्या में सीएम ने कहा कि अयोध्या की सड़कें चौड़ी हो रही हैं, अभी तो कष्ट हो रहा होगा लेकिन वर्ष के अंत तक जब काम हो जाएगा तो इसके आगे देश.दुनिया की सड़कें फेल होंगी। यहां 60 वॉर्डों में 60 कमल के फूल जीतकर आएं। सिद्धार्थनगर में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश अप्प दीपो भव यानी अपना प्रकाश स्वयं बनो को पूरी तरह साक्षात कर चुका है। नीति आयोग ने देश के अति पिछड़े जिन 112 जनपदों को चयनित किया थाए उनमें सिद्धार्थनगर भी एक था लेकिन अब सिद्धार्थनगर बुलेट ट्रेन की स्पीड से बढ़ कर सामान्य जनपदों की श्रेणी में अग्रसर होता हुआ दिखाई दे रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल संसाधन, स्किल डेवलपमेंट और रोजगार के क्षेत्र में सिद्धार्थनगर ने प्रगति की है। यहां का काला नमक चावल एक बार फिर से वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ रहा है। बस्ती में योगी विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने पिछली सरकारों पर बस्ती की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने केवल बांटने का काम किया है। साहित्यकारों की इस भूमि ने पिछली सरकारों की उपेक्षा का दंश झेला। एक साहित्यकार ने तो यहां तक कहा था कि बस्ती को बस्ती कहूं तो का को कहूं उजाड़। आज महर्षि वशिष्ठ के नाम पर यहां मेडिकल कॉलेज है। कभी इसी मुंडेरवा में किसानों पर पिछली सरकारों ने गोलियां चलवाई थी। हमारी सरकार ने यहां नई चीनी मिल लगा दिया है। जिन लोगों ने कभी विकास का विजन नहीं देखा, वो विकास क्या करा पाएंगे। सुलतानपुर में योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार नगरीय जीवन को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य कर रही है। पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में नगरीय जीवन का मतलब व्यापक जलजमाव, कूड़े का ढेर, शोहदों का आतंक, व्यापारियों से रंगदारी वसूली और युवाओं के हाथ में तमंचा होना होता था।

# मुख्यमंत्री ने किया 'पहले मतदान फिर जलपान' के मंत्र का अनुसरण



- अपने बूथ के पहले वोटर बने मुख्यमंत्री, कहा, मतदान अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** निगम चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 'पहले मतदान फि र जलपान' के मंत्र का पालन करते हुए गोरखनाथ स्थित इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय (कन्या) के बूथ संख्या 797 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह 7.01 बजे ही इस आदर्श मतदान केंद्र के बूथ पर पहुंचे मुख्यमंत्री अपने बूथ के पहले वोटर भी बने। मतदान के बाद मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर लौटे और जलपान किया।

मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मतदान हमारे महान संविधान के निर्माताओं द्वारा दिया गया लोकतांत्रिक अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। नगर निकाय के चुनाव में इस अधिकार का बेहतर उपयोग करते हुए हम नगरीय व्यवस्था को सुदृढ़ करनेए स्मार्ट व सेफसिटी बनाने की दिशा में योगदान दे सकते हैं। सीएम योगी ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में सुव्यवस्थित विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को धरातल पर उतारने के लिए मतदान के अधिकार को कर्तव्य मानकर इसका बेहतर उपयोग करें। मतदान को लोकतंत्र का उत्सव बताते हुए तथा इस उत्सव में सबका अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे नगर निकाय चुनाव में प्रदेश में 4 करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता दो चरणों में भाग लेकर नगरीय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मताधिकार का प्रयोग करेंगे। आज गुरुवार को 37 जिलों में 10 नगर निगमों, 104 नगर पालिकाओं व 276 नगर पंचायतों में कुल 7288 बूथों पर मतदान हो रहा है। इसमें 2 करोड़ 40 लाख से अधिक मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने अच्छी व्यवस्था की है। साथ ही ईश्वर की विशेष कृपा है कि मौसम इतना सुहावना हो गया है। 4 मई को प्रायः इतना सुहावना मौसम नहीं देखा जाता रहा है। नगर निगम चुनाव में अपने बूथ के पहले मतदाता बनने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव 2019 और विधानसभा चुनाव 2022 में भी मतदान करने वाले पहले वोटर बने थे। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान को लेकर वह न केवल सतत लोगों को जागरूक करते हैं बल्कि स्वयं भी इसके लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। लगातार तीन चुनाव में बूथ का वोटर नम्बर वन बनना इसका प्रमाण है।

# आने वाले समय में अयोध्या होगी दुनिया की सुंदरतम नगरी: सीएस

- अयोध्या में पीडब्लूडी, सेतु निगम व राजकीय निर्माण निगम की ओर से कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अयोध्या में लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम व राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि आने वाले समय में अयोध्या दुनिया की सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित होगी, यह एक नया शहर होगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूरा कराया जाए। निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा पर पूर्ण कराने के लिए आवश्यकतानुसार मैन पावर और मशीनरी की संख्या बढ़ाई जाए।

उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को 2 किलोमीटर से ज्यादा पैदल न चलना पड़े। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जायए इसके लिए अयोध्या में पर्याप्त पार्किंग एरिया विकसित किया जाए। सेतु निगम द्वारा अयोध्या में बनाये जा रहे सभी रेल सेतु को निर्धारित समयावधि में अच्छी गुणवत्ता व बेहतर फिनिशिंग के साथ बनाया जाए। बैठक में बताया गया कि अयोध्या-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राज्यमाग से एयरपोर्ट तक फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। स्ट्रीट लाईट एवं प्लांटेशन का कार्य प्रगति पर है। जन्मभूमि पथ के लिए भूमि अधिग्रहण सहित ड्रेन, सीवर लाइन, यूटिलिटी डक्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है। जीएसबी का कार्य 95 प्रतिशत तथा बिटुमिनस रोड पर डीबीएम स्तर तक कार्य पूर्ण हो चुका है। पैदल पथ पर आगरा सैंड स्टोन का कार्य एवं मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य गतिमान है। जनपद अयोध्या में अयोध्या-अकबरपुर-बसखारी मार्ग (35.60 किमी) के 4 लेन चौड़ीकरण कार्य की भौतिक प्रगति 65 प्रतिशत है। जनपद अयोध्या में एनएच-27 बाईपास से निकलकर महोबरा बाजार होते हुए टेढ़ी बाजार राम जन्मभूमि तक फोर लेन मार्ग का निर्माण कार्य तथा भक्ति पथ का कार्य 33 प्रतिशत भौतिक प्रगति के साथ प्रगति पर है। अयोध्या-अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर प्रस्तावित माया बाजार फोर लेन बाईपास का निर्माण व नवनिर्माण कार्य की भौतिक प्रगति 22 प्रतिशत है। इसी मार्ग पर प्रस्तावित गोसाईगंज फ ोर लेन बाईपास का निर्माण, नवनिर्माण कार्य 20 प्रतिशत तथा अयोध्या-बिल्लहरघाट बंधा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य दो लेन विथ पेव्ड शोल्डर व राम पथ की भौतिक प्रगति 15 प्रतिशत है। जनपद अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण का कार्य के लिए भूमि अर्जन की कार्रवाई प्रगति पर है।

चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग का सुधार एवं विकास को 6 पैकेज में विभाजित किया गया है। 2 में निविदा प्राप्त हो चुकी है, 2 में मंत्रालय द्वारा निविदा आमंत्रित है, 1 मंत्रालय स्तर से प्रक्रियाधीन तथा 1 पैकेज की डीपीआर स्वीकृति के लिए मंत्रालय को प्रेषित की गई है। राजर्षि दशरथ राजकीय मेडिकल कॉलेज अयोध्या का कार्य 99 प्रतिशत, 50 शैय्या चिकित्सालय मिल्कीपुर, अयोध्या का 80 प्रतिशत तथा राज्य सेक्टर के अन्तर्गत अयोध्या में सत्संग भवन, रैन बसेरा, प्रवेश द्वार तथा यात्री सहायता केन्द्र का निर्माण 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान तथा एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## बुद्ध पूर्णिमा आज, सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करुणा और मैत्री का संदेश सम्पूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधि है। उन्होंने चित्त की शांति तथा हृदय में करुणा की शिक्षा दी। वर्तमान समय में महात्मा बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर विश्व में शांति एवं सद्भाव का वातावरण सृजित किया जा सकता है। महात्मा बुद्ध का संदेश मानव मात्र के लिए हमेशा प्रासंगिक बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षा हम सभी को जीवन में धर्म का आचरण करने, नैतिक मूल्यों और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करती है। महात्मा बुद्ध ने विश्व कल्याण के लिए मैत्री भावना तथा बिना किसी भेदभाव के संगठित रहने पर बल दिया। साथ ही अतीत या भविष्य का चिंतन न करके वर्तमान का सदुपयोग करने की शिक्षा दी।

# सपा ने चुनाव में भाजपा पर जमकर धांधली व बूथ कैप्चरिंग करने का लगाया आरोप

## राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्य** की प्रमुख विरोधी पार्टी सपा ने बृहस्पतिवार को संपन्न हुए प्रथम चरण के निकाय चुनाव में जमकर धांधली और सत्तारूढ़ भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों पर मतदाताओं को डराने धमकाने तथा बूथ कैप्चरिंग करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी के निर्देश पर सपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य निर्वाचन आयुक्त से मिलकर अपनी शिकायतों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक रविदास मेहरोत्रा, पूर्व राज्यसभा सदस्य अरविंद कुमार सिंह और पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप भी शामिल थे।

बृहस्पतिवार को दिन में मतदान प्रक्रिया के दौरान दिए गए इस ज्ञापन के माध्यम से सपा ने कहा कि निकाय चुनावों में सत्तापक्ष द्वारा लगातार फ र्जी वोट डलवाने, मतदाताओं को धमकाने-डराने तथा कई जगह विपक्षी प्रत्याशियों पर हमला करने और विशेष सम्प्रदाय के लोगों को मतदान न करने देने की शिकायतें मिल रही है। समाजवादी पार्टी मांग करती है कि इन पर तत्काल त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि मतदान की स्वतंत्रता और निष्पक्षता बनी रहे। सपा की ओर से जो शिकायतें की गई हैं उनमें जनपद मैनपुरी की नगर पंचायत कुसमरा एवं वार्ड-9 के बूथ संख्या 309 में भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान ने पोलिंग बूथ के अन्दर घुसकर पोलिंग कैप्चर कर ली। मैनपुरी नगर पंचायत घिरोर पर भाजपा के नेता अनुजेश प्रताप यादव उर्फ बबलू प्रत्येक बूथ पर फ र्जी आधारकार्ड से बाहरी लोगों को वोट डलवा रहे हैं।_ मैनपुरी नगर पंचायत भोगांव में सत्तापक्ष के इशारे पर समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नसरीन बानों को चुनाव में हराने के लिए थाना भोगांव पुलिस ने उनके पति अकबर कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर निगम लखनऊ के वार्ड सरोजनी नगर द्वितीय के मतदान केन्द्र की ईवीएम खराब है। प्रतापगढ़ की नगर पंचायत कुण्डा में एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह तथा उनके साथ ब्लाक प्रमुख संतोष कुमार, हरिओम शंकर श्रीवास्तव, नन्हें सिंह, विवेक सिंह, पुष्पेन्द्र, शुभम सिंह आदि बूथों पर जाकर मतदाताओं को धमका रहे हैं। सहारनपुर नगर निगम सहारनपुर मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु लगाए अर्द्धसैनिक बल के सिपाहियों द्वारा मुस्लिम एवं दलित बाहुल्य मतदान केन्द्रों पर आधार कार्ड चेक करने के नाम पर मतदाताओं को भयभीत कर मतदान से रोका जा रहा है। गोरखपुर के वार्ड संख्या-39 के बूथ संख्या 181, 600 पर पीठासीन अधिकारी के पास उपलब्ध मतदाता सूची और मतदाताओं को बीएलओ द्वारा गयी मतदान पर्ची में काफ ी अन्तर है। हर बूथ पर लगभग 100-100 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। मुरादाबाद के नगर निगम मुरादाबाद मतदान केन्द्र प्रिंस रोड अंसार इण्टर कॉलेज के बाहर पुलिस अधिकारियों द्वारा आईडी चेक करने के नाम पर मतदाताओं को डराया धमकाया जा रहा है। फिरोजाबाद की नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद के बूथ संख्या . 91,92,93,94 पाली इण्टर कॉलेज मतदान केन्द्र पर भाजपा के नेताओं ने धावा बोल कर समाजवादी पार्टी के एजेन्ट को मारपीट कर भगा दिया। बूथ कैप्चरिंग कर ली गई। वाराणसी के नगर निगम वाराणसी वार्ड संख्या 11 हुकुलगंज के बूथ संख्या-171,172,173 के बूथ में लगभग 150 मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। गाजीपुर की नगर पालिका परिषद गाजीपुर में सत्तापक्ष को हार का डर है इसलिए पुलिस को आगे करके समाजवादी पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। ज्ञापन में यह तथ्य भी आयोग के संज्ञान में लगाया गया है कि नगर निकाय चुनावों में वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गई है। मतदान हर नागरिक का अधिकार है जिसे छीना जा रहा है। लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनावों का बहुत महत्व है क्योंकि इसी से दायित्वपूर्ण पारदर्शी व्यवस्था चलती है।

## यूपी में विधान परिषद की दो रिक्त सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केन्द्रीय** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दो सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की है। यह दोनों ही सीटें भाजपा के पास थीं। इनमें से एक सीट भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण आचार्य के राज्यपाल बनाए बनाए जाने के बाद और दूसरी सीट बनवारी लाल दोहरे के निधन के उपरांत रिक्त हुईं। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मण आचार्य ने सिक्किम का राज्यपाल बनने के बाद एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया था। इनका कार्यकाल 30 जनवरी 2027 तक बाकी था। वहीं दोहरे का बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनका कार्यकाल छह जुलाई 2028 तक बाकी था। केन्द्रीय चुनाव आयोग ने रिक्त दोनों सीटों पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। आयोग की ओर से जारी चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक 11 मई को अधिसूचना जारी होगी। उसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 होगी। नामांकन पत्रों की जांच 19 और नाम वापसी की अंतिम तारीख 22 मई है। 29 मई को मतदान होगा। 31 मई से पहले चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करा ली जाएगी।

पशुधन घोटाला मामला

# हाईकोर्ट से पूर्व डीआईजी अरविन्द सेन की जमानत मंजूर

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**पशुपालन** विभाग में टेंडर दिलाने के नाम पर इंदौर के एक व्यापारी से करोड़ों की ठगी के मामले में निरुद्ध पूर्व डीआईजी अरविन्द सेन की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली है। पीठ ने इस मामले के वादी को 20 लाख रुपए का ड्राफ्ट देने के बाद जमानत पर रिहा करने का यह आदेश दिया है।

जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अरविन्द सेन की जमानत याचिका पर दिया है। इनके वकील का तर्क था कि इस मामले में कुल नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपए की ठगी का आरोप है। इनमे से मुल्जिम अरविन्द सेन के खाते में सिर्फ दस लाख रुपए आए थे। बताया गया कि 27 जनवरी, 2021 से ही मुल्जिम जेल में है। एकल पीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान मुल्जिम के वकील को बीस लाख रुपए का बैंक ड्राफ्ट लाने का निर्देश दिया थाए जो उनके द्वारा लाया गया व अदालत में ही वादी के वकील को ड्राफ्ट दे दिया गया। 13 जून, 2020 को इस मामले की एफआइआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फरिन्कू ने थाना हजरतंगज में दर्ज कराई थी। इस मामले में आशीष राय, मोंटी गुर्जर व उमेश मिश्रा समेत 13 मुल्जिमों को नामजद किया गया था। मुल्जिमों पर कुटरचित दस्तोवजों व छद्म नाम से गेहूं, आटा, शक्कर व दाल आदि की सप्लाई का ठेका दिलवाने के नाम पर नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपए की ठगी का आरोप है। विवेचना में सीनियर आइपीएस अफसर अरविंद सेन का नाम भी प्रकाश में आया था।

# मुख्य सचिव ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण

- समस्त कार्यों को प्रत्येक दशा में 17 मई तक पूरा करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने 25 मई से प्रारम्भ होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बृहस्पतिवार को गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्टस कालेज स्थित फुटबाल ग्राउंड, एथलेटिक्स ग्राउंड तथा मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, जहां पर प्रतियोगी छात्रों को रुकने के लिए चयनित छात्रावास तथा बीबीडी यूनिवर्सिटी का निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने समस्त कार्यों को आगामी 17 मई 2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। खिलाड़ियों के आने-जाने, खाने-पीने एवं रुकने की समुचित व्यवस्था समय से सुनिश्चित करा ली जाए। आयोजन के दौरान कार्यक्रम स्थल पर सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे।

उन्होंने कहा कि एथलेटिक्स ग्राउण्ड के सामने खाली स्थान पर वन विभाग की मदद से पौधरोपण तथा ग्राउंड के सामने पूर्व निर्मित स्ट्रक्चर को कवर कराया जाए, साथ ही आस पास के एरिया की भी साफ-सफाई कराई जाए। एथलेटिक्स ग्राउण्ड ट्रैक के समस्त कार्यों को 15 मई तक पूर्ण करा लिया जाये। उन्होंने फुटबाल ग्राउंड की घास की कटिंग एवं उसके आसपास के एरिया की साफ-सफाई कराने के लिए भी कहा। निरीक्षण के समय अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल, निदेशक खेल, प्रधानाचार्य गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्टस कालेज, प्रबन्ध निदेशक उप्र राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड सहित खेल विभाग, निर्माण निगम व संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# छुटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण रहा मतदान

● मोहम्मदी में 66.38, बरबर में 79.80 प्रतिशत वोटिंग

● 95 साल के बुजुर्ग पूर्व प्रमुख ने भी किया अपने मत का प्रयोग

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी





**नगर** निकाय चुनाव को लेकर सुबह 7: 00 बजे से शाम 6: 00 बजे तक मोहम्मदी के समस्त बूथो पर 66.38 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 27225 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, वही बरबर में 79. 80 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 9293 मतदाताओं ने अपना प्रयोग किया। साथ ही बरबर नगर पंचायत में छुटपुट घटनाओं को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। सुबह सभी बूथों पर लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिलीं, परंतु दोपहर होते ही सूरज की तपिश को देखते हुए बूथों पर सन्नाटा पसर गया, लेकिन दोपहर बाद फिर सभी बूथों पर मतदाता मतदान करने पहुंचे, जिसमें 95 साल के पूर्व प्रमुख भगवानदास बाजपेई और 90 साल के सफीउल्लाह ने भी मतदान कियाए वहीं प्रशासन ने बुजुर्गों को बूथ तक ले जाने में उनकी मदद की एकहीं से कोई बड़ी घटना की सूचना नहीं मिली वही अनेकों बूथों पर बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वही पहली बार मतदान कर रहे युवाओं की चेहरे की चमक देखते ही बन रही थी पहली बार मतदान करने के बाद युवाओं ने लोकतंत्र का पर्व बताया वही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी लगातार सुबह से लेकर शाम 6रू00 बजे तक हर बूथ पर डटे रहे और जगह जगह पर इकठ्ठा लोगों को निर्देशित कर हटाने का काम कियाए दोपहर में एक व्यक्ति के सर में चोट लगने से अफरा तफरी का माहौल बन गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी उप जिलाधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक ने सभी को बलपूर्वक वहां से हटाने का काम किया तथा यह निर्देशित भी किया की कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी दूसरी ओर आज के मतदान से भाजपा और सपा दो ही उम्मीदवार टक्कर में दिखाई दीए वह सपा प्रत्याशी कार्तिक तिवारी ने पुलिस और प्रशासन पर मतदाताओं पर दबाव बनाने का आरोप लगाया एमोहम्मदी के विभिन्न मतदाता केंद्रों के बूथो पर दोपहर मे अजीब सा सन्नाटा देखने को मिला लेकिन उसके बाद हर बूथ पर लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिलीं। सभासद के प्रत्याशी अपने मतदाताओं को घर से निकालकर मतदान कराते दिखे कुल मिलाकर मोहम्मदी और बर्बर ने मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और मतदान कर अपने अपने प्रत्याशी को जिताने का काम किया।

### जिले की फाइनल पोलिंग

**लखीमपुर** नगर पालिका में 42.91 प्रतिशत, गोला नगर पालिका में 52.24, मोहम्मदी नगर पालिका में 66.38, पलिया नगर पालिका में 57.38,बरबर नगर पंचायत में 79.80, सिंगाही नगर पंचायत में 76.53, ओयल नगर पंचायत में 70.44, धौरहरा नगर पंचायत में 64.52, निघासन नगर पंचायत में 66.33, भीरा नगर पंचायत में 64.03, मैलानी नगर पंचायत में 59.43, खीरी नगर पंचायत में 58.60 प्रतिशत मतदान हुआ।

# भाजपा प्रत्याशी से जब अधिकारी ने कहा-तुम्हारा पर्चा हो गया निरस्त...

● मामला नगर पालिका खैराबाद के वार्ड नंबर दो ललियापुर का, जब सभासद प्रत्याशी सुनील कुमार वार्ड पर वोट डालने पहुंचे तो अधिकारी ने पर्चा निरस्त होने के बारे में बताया

**संवाददाता।** सीतापुर

**मतदान** करने पहुंचे सभासद प्रत्याशी के पैरो तले से उस समय जमीन खिसक गई जब मौके पर मौजूद एक अधिकारी ने प्रत्याशी से यह कह दिया कि तुम्हारा पर्चा निरस्त हो गया है। यह सुनते ही सभासद प्रत्याशी अवाक रह गया। आलम यह हुआ कि बूथ पर वोट न डाल पाने को लेकर कई घंटे तक अफरा-तफरी मची रही। मामला नगरपालिका खैराबाद के वार्ड नंबर दो ललियापुर का है। बताया जाता है कि नगर के मोहल्ला गढ़ी दरवाजा निवासी सुनील कुमार ने सभासद प्रत्याशी पद पर वार्ड दो ललियापुर से अपना नामाकंन जमा किया था। नामाकंन पत्र वैध पाए जाने के बाद उन्हे भारतीय जनता पार्टी का सिम्बल मिल गया। बताया जाता है कि सुनील कुमार मतदान वाले दिन गुरुवार को वार्ड नंबर दो ललियापुर जहां से वह सभासद पद का चुनाव लड़ रहे है। वहां वोट डालने जा पहुंचे लेकिन वहां जब उन्हे मतदाता सूची में नाम नहीं मिला तो मौके पर मौजूद अधिकारी से शिकायत की। अधिकारी ने उन्हे यह कहकर टरका दिया कि तुम्हारा पर्चा निरस्त हो गया है। इसपर उन्होने नाराजगी व्यक्त की और भाजपा के खैराबाद मंडल अध्यक्ष संदीप अवस्थी को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे मंडल अध्यक्ष ने प्रकरण की जानकारी ली। सूचना पाकर मौके पर नपाप खैराबाद में भाजपा से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अभिषेक गुप्ता भी पहुंचे। हालाकिं करीब तीन घंटे तक मची रही अफरा-तफरी के बाद सभासद प्रत्याशी सुनील कुमार ने मोहल्ला गढ़ी दरवाजा के पोलिंग बूथ पर जाकर अपना वोट डाला।

# सीतापुर में 55.87 प्रतिशत वोटिंग

● पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री अम्मार रिजवी, सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, कारागार मंत्री सुरेश राही ने पत्नी निशा राही के साथ किया मतदान

● नगर विकास मंत्री राकेश राठौर ने पत्नी अनीता राठौर के साथ किया मतदान

**संवाददाता।** सीतापुर

**नगर** निकाय चुनाव के पहले चरण में सीतापुर में वोट डाले गए। सुबह वोटरों में उत्साह देखा गया। लेकिन चढ़ते तापमान के साथ बूथों पर सन्नाटा पसर गया। वहीं सीतापुर के जनप्रतिनिधि भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए घरों से निकले। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डाक्टर अम्मार रिजवी ने नगर महमूदाबाद स्थित कॉल्विन इंटर कालेज में बनाए गए बूथ पर वोट डाला। सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने नगर पंचायत तंबौर के सरदार पटेल इंटर कालेज में मतदान किया। मोहन लालगंज सासंद कौशल किशोर ने अपनी पत्नी जयदवी कौशल के साथ माधवपुर पोलिंग पर वोट डाला। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने पत्नी निशा राही के साथ शहर के जेल रोड स्थित कम्पोजिट विद्यालय गांधीनगर में मतदान किया। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने अपनी पत्नी अनीता राठौर व परिवार के साथ प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुरवा प्रथम में पहुंचकर वोट डाला। सिधौली से भाजपा विधायक मनीष रावत ने श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज में बनाए गए बथ पर मतदान किया। सपा एमएलसी जासमीर अंसारी ने नगर लहरपुर के शेख टोला स्थित मरुकनिया इस्लामिया के कमरा नंबर दो में वोट डाला। पूर्व सांसद कैसर जहां ने नगर लहरपुर के शेख टोला स्थित मरुकनिया इस्लामिया में बने बूथ पर वोट डाला। वहीं पूर्व एमएलसी हरीश बाजपेई ने पुत्र शिशिर बाजपेई व पुत्र वधू स्फूर्ति बाजपेई के साथ शहर के मोहल्ला विजयलक्ष्मी नगर स्थित सुमित्री मार्डन स्कूल बूथ संख्या 146 पर मतदान किया। पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी ने हिंदू कन्या महाविद्याल के बूथ पर वोट डाला। भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहोरोत्रा ने छोटा हिन्दू कन्या पाठशाला के बूथ संख्या 129 पर वोट डाला। भारतीय जनता पार्टी से नगर पालिका परिषद सीतापुर में अध्यक्ष पद प्रत्याशी नेहा अवस्थी ने सुमित्रा मार्डन स्कूल विजयलक्ष्मी नगर में मतदान किया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव ने अपनी पत्नी सीमा भार्गव के साथ धार्मिक नगरी नैमिषारण्य के उत्तर वार्ड एक में मतदान किया। कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने नगर पालिका कैम्पस सदर बाजार भाग संख्या 49 पर मतदान किया। पूर्व विधायक अजीत मेहोत्रा ने अपनी पत्नी रेनू मेहेरोत्रा के साथ मतदान किया। बिसवां से पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह यादव ने अपनी पत्नी चंद्र किरन सिंह के साथ लखनऊ के त्रिवेणी नगर स्थित ब्राइट लैंड इंटर कालेज में मतदान किया। भाजपा नेता पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष संजीव गुप्ता टिंचू ने अपनी पत्नी रुचि गुप्ता के साथ हिंदू कन्या महा विद्यालय में बनाए गए बूथ पर वोट डाला। नगर पालिका परिषद सीतापुर से अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी पूनम मिश्रा ने 19 सरस्वती विद्या मंदिर तरीनपुर में मतदान किया। कांग्रेस पार्टी से नगर पालिका परिषद सीतापुर की अध्यक्ष पद की उम्मीद्वार हरप्रीत कौर ने अपने पति पिंदर सिंह सिद्धू के साथ तरीनपुर प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 16 में मतदान किया। नगर पालिका परिषद सीतापुर से अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी श्रद्धा मिश्रा ने अपने पति पूर्व चेयरमैन आशीष मिश्र के साथ हिन्दू कन्या पाठशाला में मतदान किया। आम आदमी पार्टी से नगर पालिका परिषद सीतापुर में अध्यक्ष पद प्रत्याशी सुनीता सक्सेना ने तरीनपुर के प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 16 बूथ संख्या 86 पर अपना वोट डाला।

# भाजपा के सात बागी 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित

● जलालाबाद के निवर्तमान चौयरमैन मनेंद्र गुप्ता 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित

**संवाददाता।** शाहजहांपुर।

**जनपद** में भारतीय जनता पार्टी के घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ बागी होकर खुद या अपने परिवार के सदस्यों को चुनाव लड़ाने वाले पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा ने 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। जिलाध्यक्ष कृष्णचंद्र मिश्रा ने जारी प्रेस नोट में बताया कि जिन सात पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को निष्कासित किया गया है, उनमें नगर पालिका परिषद जलालाबाद के निवर्तमान चेयरमैन मुनेंद्र गुप्ता, नगर पंचायत अल्हागंज के निवर्तमान चेयरमैन राजेश वर्मा, पुवायां निवासी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष गंगाराम मिश्रा, बंडा के मंडल महामंत्री भूषण वीर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अच्युतानंद पांडे, भाजपा कार्यकर्ता विनय सिंह, कलान निवासी भाजपा कार्यकर्ता आदित्य सिंह आदित्य शामिल हैं। जिन्हें 6 साल के लिए पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोपों के तहत पार्टी से निष्कासित किया गया है।

### कांग्रेस प्रत्याशी के पुत्र सहित 150 पर रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** पुलिस ने कांट में कांग्रेस प्रत्याशी मुनारा बेगम की बेटे पूर्व चेयरमैन रईस अहमद व भाई शहजाद सहित 150 लोगों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के पुत्र बिना परमिशन के चुनावी रैली निकाल रहे थे। रैली में बड़ी तादाद में भीड़ मौजूद थी इस दौरान जब पुलिस ने उनसे परमिशन मांगी तो पुलिस और उनके उनके बीच नोकझोंक की स्थिति पैदा हो गई। इस संबंध में पुलिस अधिकारी का कहना है कि रैली की वीडियोग्राफी कराई गई है जिसके आधार पर चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी ।

## क्विक न्यूज

### डॉक्टर के बी त्रिपाठी ने जोरदार तरीके से किया जनसंपर्क

**बरेली।** कांग्रेस के मेयर उम्मीदवार डॉक्टर के बी त्रिपाठी ने आज सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक मडीनाथ क्षेत्र , नेकपुर , चौधरी तालाब का जोरदार तरीके से जनसंपर्क किया और शाम को वार्ड नंबर 43 में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया और पुराने शहर में कई क्षेत्रों का जनसंपर्क कर वोट मांगे और छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं करी उसमें बोलते हो महापौर पद के प्रत्याशी डॉक्टर के0 बी0 त्रिपाठी ने कहा कि मढ़ीनाथ क्षेत्र , नेकपुर की सबसे जटिल समस्या जल भराव है और मैं इन्हीं मुद्दों पर ही चुनाव लड़ रहा उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बड़े बड़े मुद्दे हैं वह निगम से जुड़े मुद्दों पर बात नहीं करेंगे उनका ध्यान जन समस्याओं पर नहीं है वह बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन मैं जमीनी हकीकत पर चुनाव लड़ रहा हूं और आप सब के बीच में आज खड़ा हूं अगर आप सब लोग इसी तरह जिस तरह मुझे प्यार दे रहे हैं सम्मान दे रहे हैं और वोट देकर निगम में बैठायेगे तो मेरा यह वादा है आपको निराश नहीं होना पड़ेगा ।



### कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ मतदान, क्षेत्र में भ्रमणशील रहे चुनाव प्रेक्षक, डीएम व एसपी

**लखीमपुर खीरी।** जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच नगर निकाय चुनाव गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। नगर निकाय निर्वाचन को स्वतन्त्रए निष्पक्ष, शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मतदान के दौरान प्रेक्षक शाहिद मंजर अब्बास रिजवीए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह निरंतर भ्रमणशील रहे। नगर निकाय चुनाव के लिए डीएम, एसपी ने नगरीय निकाय क्षेत्र लखीमपुरए खीरी, ओयल के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान डीएम-एसपी ने लोगों से अपील की कि मताधिकार का प्रयोग करने के बाद पोलिंग स्टेशन के बाहर अनावश्यक भीड़ न लगाए। वही सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने गोला, मैलानी, मोहम्मदी, बरबर और एडीएम संजय कुमार सिंह ने निघासन, सिंगाही, पलिया, भीरा, धौरहरा में भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। डीएम-एसपी ने नगरीय निकाय लखीमपुर क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय नौरंगाबाद, गांधी बालोद्यान स्कूल, प्राथमिक विद्यालय सदर, डीएस कॉलेज, जीजीआईसी, नगरीय निकाय ओयल के मतदान केंद्र दुर्गेश शिशु विद्या मंदिर ओयल, कन्या जूनियर हाई स्कूल ओयल ढखवा, संविलियन प्राथमिक विद्यालय ओयल के कुल 11 बूथों का मतदान का जायजा लिया। दोनों अफसरों ने नगरीय निकाय खीरी क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र जिला पंचायत इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय जिंसी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रथम, जूनियर हाईस्कूल (बालिका) सहित विभिन्न मतदान स्थलों का भ्रमण कर मतदान का जायजा लिया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अलग.अलग क्षेत्रों के लिए नामित किए गए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट व उनके समकक्ष पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाता रहा।

### सभी ब्लाकों में एक साथ गायत्री यज्ञ होगा

**शाहजहांपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में 5 मई बुद्ध पूर्णिमा के दिन विश्व भर के घरों में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन जनपद शाहजहांपुर के नगर एवं सभी ब्लाकों में 1200 घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ होगा। इसके लिए प्रत्येक परिवार को जिला केंद्र गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा,शाहजहांपुर द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पत्रक उपलब्ध करा दिया गया है। इस पुस्तिका में यज्ञ करने के सारे विधि-विधान को समझाया गया है इसकी जानकारी देते हुए गायत्री परिवार जिला समन्वयक सूरज वर्मा ने बताया कि सामूहिक यज्ञ का लाभ लोगों को मिल सके । इसलिए गायत्री परिवार द्वारा यह आयोजन किया गया है। यज्ञ के माध्यम से वातावरण एवं वायुमंडल को शुद्ध करने के साथ-साथ विचारों को भी शुद्ध कर करने की योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है । गायत्री परिवार संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने कहा था जिन घरों में यज्ञ होता है वहां से रोग कुविचार का अंत हो जाता है और सर्वत्र खुशियां फैल जाती है उन्होंने गायत्री परिजनों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के घरों में गायत्री यज्ञ संचालित करवाएं।

### रेलवे ने किया ऑटो मोबाइल कैरियर का निर्माण

**बरेली।** औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं व्यापारियों की ऑटोमोबाइल परिवहन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर पूर्वोत्तर रेलवे के यात्रिक कारखाना, इज्जतनगर द्वारा एन.एम.जी.एच.एस. यान (ऑटो मोबाइल कैरियर) का निर्माण सफलतापूर्वक किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा 100 नॉन ए.सी. आई.सी.एफ यानों को एन.एम.जी.एच.एस. यानों के रूप में परिवर्तित करने का लक्ष्य निर्धारित था। पूर्वोत्तर रेलवे यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर ने सुनियोजित प्रयासों से अप्रैल, 2023 तक इस लक्ष्य को प्राप्त कर 100 एन.एम.जी.एच.एस. यानों का निर्माण सफलतापूर्वक किया।यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर को 40 पुराने आई.सी.एफ यानों को एन.एम.जी.एच.एस. यानों के रूप में परिवर्तित करने का लक्ष्य निर्धारित था जिसे यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर ने समय से पुरा किया। ज्ञातव्य है कि नवनिर्मित एन.एम.जी.एच.एस. यान मुख्य रूप से 02 एवं 04 व्हीलर्स गाड़ियों के ढुलाई को ध्यान में रखकर बनाया गया है साथ ही इसकी अधिकतम गति 110 किमी. प्रति घंटा है जिससे यह यान अपेक्षाकृत कम समय में ऑटो मोबाइल यूनिटों का परिवहन करने में सक्षम है। यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर द्वारा निर्मित किया गया यह यान पुराने एन.एम.जी. की तुलना में कई नये साज-सज्जा से युक्त है। इसमें बेहतर डिजाइन के साथ बैरल लॉक लगाई गयी है। इस ऑटोमोबाइल यूनिटों की बेहतर सुरक्षा हेतु लैसिंग प्वाइंट उपलब्ध कराये गये है। इस यान के फर्श पर परफोरेटड प्लेट एवं चेकर्ड प्लेट लगायी गयी है। इसमें बेहतर वेंटीलेशन हेतु 08 अदद लुवर्स लगाये गये है तथा यान के अन्दर प्राकृतिक रोशनी हेतु नेचुरल पाइप लाइट अरेन्जमेंट का प्रावधान किया गया है।पुराने आई.सी.एफ कोचों को परिवर्तित कर ऑटोमोबाइल ढुलाई हेतु बनाये गये नये एन.एम.जी.एच.एस. यानों से पूर्वोत्तर रेलवे पर ऑटोमोबाइल ढुलाई क्षमता बढ़ी है।

### डीजे पर डांस को लेकर हुआ झगड़ा, दो घायल

**बरेली।** बारात में डीजे पर डांस करने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया उस दौरान वहां मौजूद लोगों ने दोनों ही पक्षों को समझा कर शांत करा दिया इस दौरान जब एक पक्ष तो दूसरे पक्ष के लोगों ने घेर कर उनको जमकर पीटा और तलवार वा तमंचे की बट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं आरोपियों के खिलाफथाने में तहरीर दे दी गई है।थाना बारादरी के संजय नगर गुसाईं गौटिया निवासी सौरभ दिवाकर ने बताया वह अपने दोस्त सूरज श्रीवास्तव के साथ भुता में एक शादी में शामिल होने गया था इस दौरान डीजे पर डांस को लेकर उनका संजय नगर में रहने वाले धर्मेंद्र से विवाद हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने उस समय झगड़ा शांत करा दिया इसके बाद जब सौरभ अपने साथी के साथ वापस आ रहा था उन्हें बजरंज ढावे के पास धर्मेन्द्र ने अपने साथियों के साथ घेर लिया और तलवार,लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया इस दौरान धर्मेंद्र ने तमंचे की बट मारकर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।

# नगर आयुक्त ने मातहतों को दी हिदायत

● समय से ओवरहेड टैंक के कार्य को पूरा करे

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने चिनौर में निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक का निरीक्षण काट कार्य को समय से पूरा करने का फरमान सुनाया। नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक के निर्माण कार्य में 40-45 श्रमिक कार्यरत पाये गये निरीक्षण के समय उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, शेष निर्माण कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा। दो ट्यूब बेल की स्थापना के लिए पम्प हाउस का निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया, जिसको 3-4 दिनों में पूर्ण किया जाना बताया गया। बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया। राईजिंग मेन का कार्य लगभग 880 मीटर कराया जाना बताया गया साथ ही अवगत कराया गया कि 1558 कनेक्शन के सापेक्ष 1400 कनेक्शन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक के निकट तालाब को जल सरंक्षण के दृष्टिगत 3-4 फिट गहराई का तालाब विकसित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये एवं उसकी बाउन्ड्रीवॉल कर सुरक्षित किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही निरीक्षण स्थल के निकट जो नगर निगम की भूमि है, उस पर बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले, ओपन जिम, बेंच इत्यादि सुविधाओं से युक्त पार्क का निर्माण किये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता जल निगम, सहायक अभियंता जल निगम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### देर शाम तक चली सिंगाजी में वोटिंग

**सिंगाही खीरी।** निकाय चुनाव का पहला चरण गुरुवार को बम्पर वोटिंग के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। वोटिंग सुबह 07 बजे से शुरू होकर शाम तक हुई। सुबह ही वोट डालने के लिए मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई थी। क़स्बे में नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण का मतदान सुबह सात बजे से शुरु हो गया है। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कड़े बंदोबस्त किए थे। सिंगाही थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने सुबह छह बजे से ही मतदान केंद्रों का भ्रमण शुरू कर दिया था। क़स्बे के साथ ही वार्डों में भी अधिकारियों ने अलग-अलग भ्रमण कर जायजा लिया। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस, अर्ध सैनिक बल के जवान तैनात रहे। मतदान को लेकर मतदाओं में खासा उत्साह नजर आया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी संजय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, एसडीएम राजेश कुमार क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, जोनल मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा, जोनल पुलिस अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने बूथों का भ्रमण कर ड्यूटी में लगे कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# भाजपा प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने जनसंपर्क कर मांगे वोट



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**भारतीय** जनता पार्टी की मेयर प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने घर घर जाकर वोट एवं जन समर्थन मांगा। जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत अर्चना वर्मा ने भाजपा के तमाम कार्यकर्ताओं और समर्थको के साथ सुमित्र डीएस मोटर्स, दून पब्लिक स्कूल, बीएस पब्लिक स्कूल, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल व फ्लोरेंस नाइटेंगल नर्सिंग कॉलेज मे आगमी नगर निगम महापौर चुनाव के लिए बैठक कर समर्थन की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट देकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर अधूरे विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा। साथ में महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, किशोर गुप्ता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट पेपर से किया मतदान



**संवाददाता।** बरेली।

जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी ने वुधवार को नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के अन्तर्गत मतदान केन्द्रों में ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों द्वारा राजकीय इंटर कालेज में पोस्टल बैलेट पेपर से डाले जा रहे वोटों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादूर सिंह, एसीएम प्रथम नहने राम, जिला विकास अधिकारी अरूण कुमार सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आप का बिगुल बजाया

**बरेली।** नवाबगंज तहसील में नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आम आदमी पार्टी का बिगुल बजाया और कहा कि एक झाड़ू है जो घर से लेकर देश को साफ करती है। रोहिलखंड प्रांत उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने संजय सिंह के कार्यक्रम को आयोजित कर कहा कि इस बार जनता नवाबगंज में जनता का चेयरमैन चुनेगी। अब गुंडों का राज नहीं होगा। बीजेपी के पूर्व चेयरमैन ने भूमि विकास बैंक के चुनाव में जिस समाज के वोट पर चेयरमैन बनते हैं उस चुनाव को जीतने के लिए बेईमानी का तरीका अपनाते हुए उन्हीं लोगों पर लठ्ठ चलवाए थे, वह समाज आज पूरी तरह से आहत है यह कुर्बानी है उनकी उन्होंने दूसरों को वोट दिया है पर स्वयं कभी वोट लिया नहीं है। सुनीता गंगवार ने कहा इस बार नवाबगंज पालिका की चेयरमैनी गुंडों के हाथ में नहीं जनता के हाथ में होगी।

# निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

● उच्च अधिकारियों ने बनाए रखी कड़ी नज़र

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)



**निकाय** चुनाव के लिए क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मतदान का सबसे कम प्रतिशत नगर पालिका परिषद संडीला में रहा। यहां 58.88 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि नगर पंचायत बेनीगंज में मतदान प्रतिशत 70.2 और कछौना पतसेनी में 72.91 प्रतिशत मतदान हुआ। नगरीय क्षेत्र की सरकार चुनने के लिए प्रात: 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। प्रात:काल मतदान की गति तेज रही लेकिन धूप तेज होने के साथ भीड़ में कमी देखी गई। नगर के जूनियर हाई स्कूल, नगर पालिका परिषद, कार्यालय परिषद, आईआर इंटर कॉलेज तथा भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज में मतदान को लेकर काफी गहमा गहमी रही। नगर पालिका परिषद संडीला में कुल 56220 मतदाताओं के सापेक्ष 30102 मतदाताओं ने मतदान किया। इस प्रकार कुल 58.88 प्रतिशत मतदान प्रतिशत रहा जबकि नगर पंचायत बेनीगंज में 9150 मतदाताओं के सापेक्ष 6426 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 70.2 रहा। नगर पंचायत कछौना पथसेनी में पंजीकृत 13040 मतदाताओं के सापेक्ष 9507 मतदाताओं ने मतदान किया और मतदान का प्रतिशत 72.91 प्रतिशत रहा। नगर पालिका परिषद संडीला के चुनाव में प्रशासन और पुलिस पूरी तौर पर सक्रिय रही। एडीजी पीयूष मोडिया ने भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज, बीआरसी तथा नगर पालिका परिषद में चल रहे पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इसके अलावा जिलाधिकारी एमपी सिंह तथा पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने भी नगर के कई बूथों का निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद संडीला के अध्यक्ष पद के चुनाव में निवर्तमान चेयरमैन मो0 रईस अंसारी तथा भाजपा प्रत्याशी महेन्द्र सोनी, बसपा प्रत्याशी अतीक अहमद समेत कुल 12 प्रत्याशियों का भाग मतपेटियों में बंद हो गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 5 मई, 2023



# डबल इंजन की सरकार में हुआ है बुंदेलखंड का चौमुखी विकास : पटेल

● भाजपा प्रत्याशी अमित द्विवेदी को जिताने की सांसद ने की अपील



**संवाददाता।** चित्रकूट

**दूसरे** चरण में चित्रकूट जिले की चारों निकायों में होने जा रहे चुनाव को लेकर भाजपा समेत सभी राजनैतिक दल अपने प्रत्याशियों के प्रचार में पूरी ताकत झोकें हुए है। गुरूवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने क्षेत्रीय विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी के साथ मिलकर नगर पंचायत मऊ से भाजपा प्रत्याशी अमित द्विवेदी के समर्थन में जनसम्पर्क किया। इस दौरान सांसद ने स्थानीय लोगो से गुंडाराज और भ्रष्टाचार के खात्मे एवं क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए पार्टी प्रत्याशी अमित द्विवेदी को रिकार्ड मतों से जिताकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का आहवान किया।

जनसम्पर्क के दौरान बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन वाली बीजेपी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए निकाय चुनाव में जनता से वोट मांगे। सांसद ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी तो निगरीय इलाकों के विकास में पैसे की कमी आड़े नहीं आएगी। सांसद ने कहा कि विपक्ष की सरकार के समय गुंडों के हाथ में तमंचे रहते थे, आज हमारी सरकार में युवाओं के हाथ में टेबलेट है. हम युवाओं को सही दिशा में ले जा रहे है। आज किसी व्यापारी की जमीनों पर कोई कब्जा नहीं कर पा रहा है।

व्यापारियों से कोई गुंडा हफ्ता वसूली नहीं कर पा रहा है। डबल इंजन की सरकार ने व्यापारियों की भलाई के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाया है केंद्र और प्रदेश की बीजेपी सरकार में आज हर वर्ग खुश है। सांसद ने कहा कि भाजपा ने अमित द्विवेदी को नगर पंचायत मऊ से चेयरमैन पद का उम्मीदवार बनाया है। क्षेत्र के विकास और खुशहाली के लिए सभी लोग अमित को जिताकर मोदी-योगी के हाथो को मजबूत करें।

# हत्या के तीसरे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**संवाददाता।** चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ राज कमल की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह ने हत्या की घटना के नामजद समरजीत पुत्र स्व रामजनत कोल निवासी करइहा पुरवा हरदीखुर्द को गिरफ्तार किया है। ज्ञात है कि 1/2 मई की रात बरगढ़ थाना क्षेत्र के करइहा पुरवा मजरा हरदीखुर्द में आदिवासी समाज के दो पक्षों में मारपीट दौरान एक पक्ष ने धारदार हथियार से रामकैलाश (46) पुत्र लुल्ला कोल की हत्याकर दी थी। हेमलाल पुत्र स्व सुखराम कोल की तहरीर बरगढ़ थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें आरोपी धर्मराज पुत्र समरजीत कोल, समरजीत पुत्र स्व रामजतन कोल, सरोज पत्नी समरजीत कोल निवासी करइहा पुरवा को बनाया गया था। पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे। प्रभारी निरीक्षक की टीम ने नामजद आरोपी धर्मराज पुत्र समरजीत कोल व सरोज पत्नी समरजीत कोल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गुरुवार को तीसरे नामजद आरोपी समरजीत को गिरफ्तार किया है।

# विवादास्पद बयान पर विहिप ने कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** चित्रकूट



**विश्व** हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र में बजरंग दल की तुलना आतंकी संगठनों के साथ करने पर कड़ी निंदा करते हुए विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद विरोध में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। विहिप के जिला मंत्री रामशरण तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को इस घृणित अपराध के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। इसके साथ ही कर्नाटक विधानसभा में जारी किए घोषणापत्र पर प्रतिबंध लगाया जाए। जिला संयोजक अजय यादव ने कहा कि पीएफआई एक राष्ट्र विरोधी आतंकी संगठन है, इसकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और आतंकी संगठनों में संलिप्तता रहती है। राष्ट्र विरोधी इस संलिप्तता के चलते ही केंद्र सरकार ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को 27 सितम्बर 2022 को बैन किया गया था। जिला अध्यक्ष राजेन्द्र त्रिवेदी ने कहा की बजरंग दल सेवा, सुरक्षा, संस्कार के माध्यम से राष्ट्र के प्रति समर्पित नौजवानों का संगठन है। बजरंग दल की गतिविधियों में बाल संस्कार केंद्र चलाना, सेवा बस्तियों में चिकित्सा, स्वास्थ्य और प्राथमिक शिक्षा को आधार बना संस्कारशाला का संचालन करना शामिल है।

## योगी की चुनावी जनसभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटे भाजपाई

**चित्रकूट।** धर्म नगरी चित्रकूट में 9 मई को होने जा रही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने चित्रकूट में डेरा जमा लिया है। गुरूवार को जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तय की गई। मंत्री एवं जिले के प्रभारी नरेन्द्र कश्यप ने जनपद का दौरा कर नगरपालिका और नगरपंचायतों में बैठक कर 9 मई को मुख्यमंत्री की होने वाली चुनावी जनसभा की तैयारी की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किये गये जनहित के कामों को जनता के बीच जाकर लोगों को बताते हुए 9 मई को मुख्यमंत्री की जनसभा में भारी भीड़ जुटाने के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये।

# मतदान में दिखा महोत्सव जैसा नज़ारा, पड़े 58 प्रतिशत वोट

● उरई में सबसे कम नदीगांव में सर्वाधिक रहा मतदान प्रतिशत







**संवाददाता।** उरई, जालौन

**गुरुवार** को हुए निकाय चुनावों के मतदान में आज दिन भर मतदान का ग्राफ ऊपर नीचे होता रहा प्रारंभिक 2 घंटे के दौरान मतदान की गति कच्छप चल रही तो वही उसके बाद इसमें कुछ आंशिक तौर पर तेजी देखी गई दोपहर बाद मतदान की रफ्तार ने तेजी पकड़ी और इस तरह से अपरान बाद शाम 5 बजे संपूर्ण जनपद का कुल मतदान प्रतिशत 55.13 फेसबुक पर पहुंच गया।

मतदान की स्थिति देखें तो शाम 5 बजे तक उमरी में 66.35 प्रतिशत एट में 55.55 प्रतिशत कदौरा में 64.15 कोटरा में 61.81 प्रतिशत नदीगांव में 71.51 प्रतिशत माधौगढ़ में 59.25 प्रतिशत तथा रामपुरा में 53.96 प्रतिशत मतदान किया गया है।


इस बार के निकाय चुनाव में तस्वीर कुछ अलग ढंग की ही नजर आए मतदान के शुरुआती दौर में सुबह अधिकांश बूथों पर मतदाताओं की आमद धीमी गति से देखने को मिली तो वहीं दोपहर आते ही मतदान करने वालों का जनसैलाब उमड़ता नजर आया कुल मिलाकर दिनभर की गतिविधियों का जो परिदृश्य रहा वह किसी बड़े महोत्सव जैसा रहा। प्रशासनिक गाड़ियां सड़क पर भागती रहे तो वही मतदान केंद्रों के नजदीक अपने अपने प्रत्याशी के समर्थन में फटा बिछाए लोग मतदाताओं की पर्चियां बनाते नजर आए कुछ फत्तौ पर सन्नाटा तो कहीं अच्छी खासी रौनक दिखाई दी। 10 बजे के बाद स्थितियां बिल्कुल बदली हुई नजर आए यकायक बड़ी तादाद में मतदाता अपने-अपने घरों से बाहर निकलने लगे नगर मैं बनाए गए विभिन्न भूतों के लिए जाने वाले रास्तों पर अच्छा खासा उत्सव जैसा माहौल नजर आया।

अपराहन दोपहर तक मतदाताओं की अच्छी खासी आमद नगर के विभिन्न बूथों पर दिखलाई दी लोगों ने पूरे उत्साह के साथ अपना मत दिया। निकाय चुनाव के मतदान के दिन जिस तरह से प्रकृति ने भी प्रत्याशियों और मतदान करने वाले दोनों को अच्छा खासा साथ दिया दिन में कभी हल्की-फुल्की धूप तो कभी छांव देखने को मिली आसमान में हल्के-फुल्के बादल छाए रहे लेकिन कि बारिश नहीं हुई ले आजा सुबह से शाम तक मतदान करने वालों को बिना किसी परेशानी के संबंधित बूथों पर पहुंचने का मौका मिला तो वही प्रत्याशी समर्थकों को भी मौसम ने राहत पहुंचाई।

## सीओ, एसडीएम ने कोटरा पहुंच लिया मतदान का जायज़ा

**कोटरा।** नगर पंचायत कोटरा में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने की जिम्मेदार सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी व सदर एसडीएम राजेश सिंह पर थी। अधिकारी द्वय नगर पंचायत कोटरा में पहुंचे जहां पर उन्होंने पोलिंग बूथों पर पहुंचकर नगरवासियों से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कर प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते देखे गये। हालांकि नगर पंचायत कोटरा में मतदान दौरान किसी भी तरह से न तो कोई उपद्रव हुआ और न ही शांति व्यवस्था बिगड़ी। कुल मिलाकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न होने पर अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली।

# निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों के कई दिग्गजों ने किया मतदान



मतदान कर बाहर निकलते मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**उरई,** जालौन। गुरुवार को यहां नगर सहित जनपद के सभी नगर पालिका क्षेत्र और नगर पंचायतों में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर जहां एक और सुबह से शाम तक मतदाताओं और प्रत्याशी तथा उनके समर्थकों का रेला उमड़ा हुआ नजर आया तो वही जनपद के कई दिग्गज नेताओं ने भी यहां आकर अपना मतदान किया। भारत सरकार के राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा और प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित अन्य कई राजनीतिक दलों के दिग्गजों ने निकाय चुनाव में अपना मतदान कर अपना दायित्व निभाया।

## सदर विधायक व सपा प्रत्याशी के बीच हुई नोकझोंक



**जालौन, उरई।** कन्या जूनियर हाईस्कूल मोहल्ला मुरली मनोहर में अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी नेहा पुनीत मित्तल का वोट था। दोपहर करीब ढाई बजे वह अपने पति पुनीत मित्तल, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा समेत बूथ पर वोट डालने के लिए पहुंची। वहां मौजूद कर्मचारियों ने उनके अंदर जाने पर बाहर खड़े मतदाताओं को अंदर जाने से रोक दिया। जैसे ही इसकी खबर जब सपा प्रत्याशी सलमा इकबाल मंसूरी के पति इकबाल मंसूरी को लगी तो वह भी वहां पहुंच गए और मतदाताओं को रोके जाने का विरोध किया। कुछ देर में कोतवाली पुलिस वहां पहुंच गई और वहां खड़े मतदाताओं समेत सभी लोगों को खदेड़ दिया। सूचना मिलने पर एसडीएम सुरेश कुमार व सीओ रविंद्र गौतम भी वहां पहुंच गए। उनके समझाने के बाद मामला शांत हुआ।

# आक्रोशित कांग्रेसियों ने की नारेबाजी





**रूरा,** कानपुर देहात। कांग्रेसी चुनाव प्रचार के वाहन को थाने में खड़ा करने पर भारी वाद-विवाद हो गया। कांग्रेसियों ने सत्ताधारी दल के नेताओं की शह पर उत्पीड़न का आरोप लगा सड़क पर उतरकर भारी संख्या में नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। गुरुवार को नहर पुल के समीप कांग्रेस प्रत्याशी श्याम बिहारी शुक्ला रजोल का प्रचार वाहन गुजर रहा था, प्रचार वाहन के पीछे एसडीएम डेरापुर की गाड़ी ओवरटेक के लिये हार्न बजा रही थी, ओवरटेक न मिलने पर एसडीएम ने गाडी थाने पर खड़ी करवा दी। गाड़ी थाने पर खड़ी करवाने से कांग्रेसियों में गहरा आक्रोश छा गया, कांग्रेस प्रत्याशी ने थाने में कई घंटे मौजूद रहकर चुनाव आयोग से अनुमति के बावजूद प्रचार वाहन को थाने में खड़ा करने पर एतराज जताया और प्रचार वाहन को छोड़ने का अनुरोध किया। परन्तु प्रचार वाहन को न छोडे जाने से पार्टी प्रत्याशी नाराज हो गये भारी संख्या में सर्मथकों के साथ सड़क पर उतरकर जमकर नारेबाजी की गयी।

## राज्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिये भरा दम

**रूरा, कानपुर देहात।** राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शास्त्रीनगर वार्ड में भाजपा प्रत्याशी रामजी गुप्ता की सुनिश्चत जीत का दावा करते हुये भविष्य में नगर पंचायत में भरपूर विकास करने का वादा किया। इस मौके पर पूर्व सॉसद अनिल शुक्ला वारसी सहित भारी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुये राज्यमंत्री ने बताया कि भाजपा की रूरा नगर में जीत निश्चित है, कस्बे की जनता योगी के सुशासन से प्रभावित है, प्रदेश की उच्चस्तर की कानून व्यवस्था में अराजक तत्वों के मंसूबे धरे के धरे रह गये है। कार्यक्रम को पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपाईयों ने भी सम्बोधित किया।

# प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में कैद





**संवाददाता।** फतेहपुर

● जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न, अधिकारी करते रहे भ्रमण

**नगर** निकाय चुनाव के पहले चरण के तहत जनपद में दो नगर पालिका परिषद समेत आठ नगर पंचायतों में अध्यक्ष व सभासद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने वोट पर चोट कर मत पेटिकाओं में कैद कर दिया। चुनाव को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/ एसपी समेत अन्य अधिकारी बूथों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से मतदान केंद्रों के बाहर व अंदर पुलिस बल तैनात रहा।

गुरुवार को नगर निकाय चुनाव के पहले चरण के लिए जनपद में प्रात: सात बजे से बूथों पर मतदान प्रक्रिया शुरू हो गयी। सुबह-सुबह मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया। लोगों ने बड़ी संख्या में अपने परिजनों के संग पैदल व निजी साधनों से मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर अपने मन पसंद प्रत्याशियों के पक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये गये थे। बूथों के बाहर भी खाकी का सख्त पहरा रहा। मतदान केन्द्रों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गयी थी। बूथों के आस-पास शरारती एवं उपद्रवियों से निपटने के लिए ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की जाती रही। सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट बराबर टोह लेते रहे। डीएम श्रुति, एसपी राजेश कुमार सिंह फोर्स के साथ बूथों का भ्रमण कर व्यवस्था को परखते रहे। मतदान में बाहरी तत्वों द्वारा कोई गडबड़ी न फैलायी जा सके

## लाठी के सहारे वोट देने पहुंचीं 75 वर्षीया नसीमा



**फतेहपुर।** वोट की ताकत और उसका महत्व क्या होता है 75 वर्षीया नसीमा बानो को बखूबी पता है। वृद्धावस्था की वजह से चलने फिरने में समस्याओं का सामना कर रही नसीमा बानो बेहतर सभासद व नगर विकास के लिये अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया में साक्षी बनने के लिये अपने परिजनों के साथ लाठी ठेककर किसी तरह आबूनगर वार्ड स्थित जिला उद्योग केंद्र के बूथ पर पहुंची और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## सदर विधायक ने किया मतदान

**फतेहपुर।** नगर निकाय के चुनाव में अध्यक्ष पद एवं वार्डो के सभासद के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के लिये दिन रात लगातार जन सम्पर्क करने के पश्चात सदर से सपा विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी ने पत्नी व पुत्र राहुल के अलावा पुत्रवधु के साथ सिविल लाइन वार्ड के विश्व भारती गर्ल्स इंटर कालेज स्थित बूथ में पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान सपा विधायक पार्टी के सभी प्रत्याशी की जीत के प्रति आश्वस्त नज़र आये।

## वोटरों को लौटाने का भी आरोप

**फतेहपुर।** सदर नगर पालिका के पोलिंग बूथों पर मतदान के दौरान पुलिस प्रशासन पर मतदाताओं ने हस्तक्षेप कर वोटरों को वापस करने का आरोप लगाया है। इतना ही नही पोलिंग बूथ में भाजपा समर्थकों के दस्तावेजों का बिना सत्यापन किए ही वोट डलवाए। वही अन्य मतदाताओं के दस्तावेजों को फर्जी बता उन्हें मतदान से वंचित किया गया।

# निकाय चुनाव के दौरान वोटरों में नज़र आया खासा उत्साह

● मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

● बड़ी संख्या में महिलाओं ने मतदान में लिया भाग

**जहानाबाद,** फतेहपुर। नगर निकाय चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। निकाय चुनाव को लेकर मतदाताओं के बीच खासा उत्साह दिखा पोलिंग बूथों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं की काफी भीड़ देखने को मिली जिसमें काफी भीड़ महिलाओं की रही। गुरुवार को सुबह 7 बजे से आदर्श नगर पंचायत कोडा जहानाबाद मे निकाय चुनाव के लिए बनाए गए पोलिंग बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान शुरू हुआ। पोलिंग बूथों में मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह दिखा लोग अपने मत का प्रयोग करने के लिए सुबह से ही पोलिंग बूथों में लंबी कतारों में खड़े नजर आए जहां एक ओर युवा मतदाताओं में खासा जोश नजर आया, वहीं बुजुर्ग मतदाता भी मतदान करने में पीछे नहीं रहे।

निकाय चुनाव में ऐसे भी मतदाता थे, जिन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र के इस महापर्व मे अपनी-अपनी खुशियां डाली हालांकि सुबह से मतदान कुछ धीमा रहा जैसे-जैसे समय बढ़ता गया वैसे-वैसे पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की भीड़ बढ़ती गई साथ ही मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद: कस्बे में निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। कस्बे में निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ ही अर्धसैनिक बल पीएससी के जवान मतदान केंद्रों व आसपास भारी संख्या में तैनात रहे।

# अस्पताल में भारी अव्यवस्था फिर भी कायाकल्प में मिला दूसरा स्थान



**कुरारा,** हमीरपुर। कायाकल्प अवार्ड योजना में कुरारा सीएचसी को मंडल में दूसरा स्थान मिला था। परंतु ये अवार्ड केवल अधिकारियों के आने की पूर्व सूचना पर हुई साफ सफाई के बलबूते मिला था जबकि हकीकत कुछ और है। अस्पताल में तैनात कुल डॉक्टर कभी भी अस्पताल में मौजूद नही रहते हैं। जिसके चलते प्रथम दृश्यता तो डॉक्टर ही नदारद मिले वही मरीज पड़ी कुर्सियों के अलावा जमीन पर डॉक्टरों का इंतजार करते मिले वही दवा वितरण कक्ष में फार्मासिस्ट के बजाए कोविड में लगी दो लड़किया बैठी दिखाई दीं। स्वास्थ्य केंद्र के रखरखाव के बारे में जांच में तो वार्ड बेहद गंदे मिले ड्यूटी चार्ट पूरी तरह से खाली मिला। डस्टबिन इधर उधर बिखरे नजर आए। कोविद टीम में लगी महिला स्टाफमरीनो के पर्चे बनाती नजर आई। अग्नि शामक सिलेंडरों में निर्माण व एक्पायरी की तारीख तक लिखी नही मिली। साफसफाई में वार्ड बेहद गंदे मिले। मरीज के बेड की चादर भी गंदी मिली। इको फ्रेंडली के तहत वार्ड में प्लास्टिक की बोतले पड़ी दिखाई दी। वार्डो में लगे कूलर आदि बन्द मिले। पीने के पानी मे गंदगी के साथ स्वयं बोतल के सहारे अपने बच्चो को पानी पिलाने के लिए मरीज के तीमारदार हांथों में प्लास्टिक की बोतल थामे दिखाई दिए। मरीजो के पर्चे बना रही स्टाफ महिला स्टाफ खुद प्लास्टिक की बोतल में पानी पीते मिली वही इंफेक्शन कंट्रोल के लिए उनकी मेज में सैनिटाइजर तक रखा हुआ नही मिला। बायो मेडिकल वेस्ट के तहत निकलने वाली प्रयोग की जा चुकी डिस्पोजल, ग्लूकोज की बोतल के साथ अन्य दवाएं भी एक कोने में अधजली अवस्था मे पड़ी मिलीं। सीएचसी प्रभारी सुनील जायसवाल से जब बात करनी चाही तो उन्होंने बात करने से मना कर दिया।

# पेज एक का शेष

## दंगाइयों को...

किया गया। वहीं, हिंसा की गंभीरता को रेखांकित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह से बात की और राज्य की स्थिति का जायजा लिया। मणिपुर में स्थिति की निगरानी कर रहे केंद्र ने रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की कई टीम को भी भेजा है। सूत्रों ने बताया कि आरएएफ की टीम शाम को इंफाल हवाई अड्डे पर उतरी। नगा और कुकी आदिवासियों द्वारा आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद बुधवार को हिंसा भड़क गई, जो रात में और तेज हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि अब तक 9,000 लोगों को सुरक्षाबलों ने हिंसा प्रभावित इलाकों से निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि और भी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि करीब 5,000 लोगों को चुराचांदपुर में सुरक्षित गृहों में पहुंचाया गया, वहीं 2,000 लोगों को इंफाल घाटी में और अन्य 2,000 लोगों को तेनुगोपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## अमित शाह...

मेइती समुदाय के बीच हिंसा भड़कने के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बृहस्पतिवार को राज्य सरकार ने गंभीर स्थिति में देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किया। बृहस्पतिवार सुबह शाह ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के साथ टेलीफोन पर बातचीत की, जिन्होंने गृह मंत्री को राज्य में मौजूदा स्थिति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने स्थिति की समीक्षा के लिए दो वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठकें भी कीं, जिसमें मणिपुर के मुख्यमंत्री, राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख, केंद्रीय गृह सचिव और केंद्र सरकार के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

## हिंसा के...

व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित हूं। प्रधानमंत्री को वहां शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मैं मणिपुर के लोगों से भी शांति का आग्रह करता हूं।

## एसटीएफ पर...

ने मेरठ में उसकी घेराबंदी की। अनिल दुजाना और उसके साथियों ने यूपी एसटीएफ पर गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई की गई। जिसमें अनिल दुजाना को गोली लगी। यूपी एसटीएफ के जवान अनिल दुजाना को घायल अवस्था में लेकर अस्पताल पहुंचे। वहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।

## वेस्ट यूपी...

थी। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने उसके खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए। उत्तर प्रदेश पुलिस अनिल दुजाना को लगातार तलाश कर रही थी।

## चीनी विदेश...

पर विस्तृत चर्चा हुई। लंबित मुद्दों के समाधान और सीमा क्षेत्रों में अमन एवं शामि सुनिश्चित करने पर ध्यान रहा। जयशंकर ने कहा कि एससीओ, जी20 और ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

## उप्र निकाय...

जौनपुर में 57.56 प्रतिशत मतदान, झांसी में 53.68 प्रतिशत मतदान, देवरिया में 42.95, प्रतापगढ़ में 57.88, प्रयागराज में 33.61, फतेहपुर में 56.79, फिरोजाबाद में 52.26, बलरामपुर में 55.63, बहराइच में 52.97, बिजनौर में 58.89, मुजफ्फरनगर में 57.24, लखनऊ में 38.62, मथुरा में 44.3, मैनपुरी में 56.5, मुरादाबाद में 50.01, महराजगंज में 66.48, रामपुर में 52.16, रायबरेली में 53.06, लखीमपुर खीरी में 48.48, ललितपुर में 58.76, वाराणसी में 40.58, श्रावस्ती में 59.92, शामली में 65.02, सम्भल में 53.33, सहारनपुर में 56.37, सीतापुर में 55.87 एवं हरदोई में 62.62 प्रतिशत मतदान हुआ है। जनपद चन्दौली की नगर पंचायत चकिया के वार्ड संख्या 03 शमशेर नगर के सदस्य पद के मतपत्र में नाम की त्रुटि होने के कारण पुनर्मतदान कराए जाने का निर्णय लिया गया है। हुई त्रुटि की जाच कराने के निर्देश दिये गए हैं। जांचोपरान्त सम्बन्धित कार्मिक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं जानकारी के अनुसार अमरोहा में कई जगह उम्मीदवारों ने फर्जी वोटिंग को लेकर हंगामा किया। जिले के गजरौला क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं पर वोट न डालने देने का आरोप लगाकर बसपा प्रत्याशी समर्थकों ने हंगामा किया जबकि भाजपा समर्थक मुस्लिम महिलाओं के बुर्के में वोट डालने पर आपत्ति जता रहे थे। वे महिलाओं पर बुर्का डालकर फर्जी वोट डालने का आरोप लगाते रहे।

## बिहार सरकार...

का निर्देश दिया। पीठ ने सरकार को यह भी निर्देश दिया कि मामले में अंतिम आदेश पारित होने तक इन आंकड़ों को किसी के भी साथ साझा न किया जाए। अदालत ने कहा, हमारी राय है कि याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा जाति आधारित सर्वेक्षण की प्रक्रिया को जारी रखने के खिलाफ तथा आंकड़ों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाया है, जिसका सरकार की ओर से विस्तृत समाधान किया जाना चाहिए। वहीं पटना उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भाजपा ने प्रदेश की नीतीश कुमार सरकार से इस्तीफे की मांग की है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जोर देकर कहा कि अदालत ने एक अंतरिम आदेश दिया है और आने वाले समय में देश के सभी राज्यों में जातियों की गिनती की जाएगी। तेजस्वी ने कहा कि यह एक अंतरिम आदेश है न कि अंतिम आदेश।

## सेना का...

के मुताबिक, ऊबड़-खाबड़ मैदान में, हेलीकॉप्टर को मजबूरन उतारा गया। तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया और सेना के बचाव दल मौके पर पहुंचे। सेना ने बताया कि घायलों को उधमपुर के कमान अस्पताल ले जाया गया, जहां तकनीशियन- क्राफ्टमैन पाब्बल्ला अनिल की गंभीर रूप से घायल होने के कारण मौत हो गई। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने तकनीशियन को श्रद्धांजलि अर्पित की। सेना की उत्तरी कमान ने ट्वीट करके बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी अभियानगत उड़ान के दौरान अपना कर्तव्य निभाते हुए पाब्बल्ला अनिल द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि दोनों पायलट की हालत स्थिर है। स्थानीय लोग तत्काल दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने घायलों को निकालने में मदद की।

## पहलवानों के...

का कि अगर उन्हें अन्य कोई शिकायत है तो वह उच्च न्यायालय या संबंधित मजिस्ट्रेट के पास जा सकते हैं। वह फिलहाल कार्यवाही बंद कर रही है। प्रणव तयाल ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर बताया पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई बल प्रयोग नहीं किया। एक प्रदर्शनकारी को लगी चोट के संदर्भ में, उन्होंने डॉक्टरों की सलाह के विपरीत अस्पताल से छुट्टी ले ली है और अभी तक पुलिस को बयान नहीं दिया है। बुधवार की रात जंतर-मंतर पर हुई घटना की क्रमवार जानकारी देते हुए दिन में तयाल ने मीडिया को जानकारी दी कि पिछले कई दिनों से जंतर-मंतर पर बैठे हैं। बुधवार की रात आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती बिना अनुमति के फोल्डिंग कॉट से भरी वैन लेकर पुलिस बैरिकेड के पास आए थे। जब पुलिस टीम ने उनसे चारपाई अंदर नहीं लाने की बात कही तो कुछ पहलवानों और समर्थकों ने इसमें हस्तक्षेप किया। इस दौरान हाथापाई हो गई जिसमें पांच पुलिस कर्मियों को चोटें आई हैं।

## गो फर्स्ट...

ने कहा है कि वह या तो यात्रियों को टिकट का पैसा लौटाएगी या उन्हें भविष्य की तारीख में उड़ान की अनुमति देगी। गो फर्स्ट के जवाब के बाद डीजीसीए ने एयरलाइन से मौजूदा नियमनों के तहत निर्धारित समयसीमा में टिकट का पैसा लौटाने का निर्देश दिया है। नियामक ने कहा कि उसका प्रयास है कि गो फर्स्ट द्वारा अचानक परिचालन बंद करने से यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम-से-कम किया जा सके। गो फर्स्ट ने अलग से कहा कि उसने परिचालन से जुड़े मुद्दों की वजह से अपनी उड़ानें नौ मई तक रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर डाली सूचना में कहा कि हम यह सूचित करते हुए काफी खेद है कि नौ मई, 2023 तक उड़ानें रद्द की जा रही हैं। जल्द यात्रियों को उनके टिकट का पूरा भुगतान किया जाएगा।

## मई में...

किया गया था। शहर में आज अधिकतर स्थानों पर आर्द्रता का स्तर 80 से 100 प्रतिशत के बीच रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार से फिर कुछ समय के लिए वर्षा होने की संभावना है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 5 मई 2023



# भाईचारे के सरदार थे प्रकाश सिंह बादलः शाह



**बादल ( पंजाब )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को अकाली दल के दिवंगत नेता प्रकाश सिंह बादल को भाईचारे का सरदार बताया, जिन्होंने भाईचारे और हिंदू-सिख एकता को बढ़ावा देने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। शाह ने कहा कि बादल का निधन न सिर्फ पंजाब, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। बादल के निधन से सिख समाज ने एक सच्चा सिपाही खो दिया, देश ने एक देशभक्त खो दिया, किसानों ने एक सच्चा हमदर्द खो दिया और राजनीति ने एक ऐसा महान व्यक्ति खो दिया, जिसने उच्च मानक स्थापित किया।

बादल को नए पंजाब की नींव रखने का श्रेय देते हुए शाह ने हमेशा सही रास्ता दिखाने के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, आपातकाल के दौरान प्रकाश सिंह बादल लोकतंत्र की रक्षा के लिए मजबूती से खड़े रहे। करगिल युद्ध हो या आतंक के खिलाफ लड़ाई, हर मोर्चे पर राष्ट्रहित के लिए बादल साहब ढाल बनकर हमेशा खड़े रहे। शाह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और सोम प्रकाश तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तरुण चुग के साथ प्रकाश सिंह बादल को श्रद्धांजलि देने के लिए मुक्तसर जिले के बादल गांव पहुंचे।

बादल का 25 अप्रैल को 95 साल की उम्र में निधन हो गया था। वह लंबे समय से बीमार थे और उन्हें सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद 16 अप्रैल को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बृहस्पतिवार को दिवंगत अकाली नेता की याद में उनके गांव में भोग कार्यक्रम और अंतिम अरदास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओपी चौटाला, कांग्रेस नेता सचिन पायलट, राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों, अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी भी शामिल हुए।

अंतिम अरदास में हिस्सा लेने के बाद शाह ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बादल के निधन से पैदा हुए खालीपन को भरना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि बादल ने अपना जीवन एक अजातशत्रु की तरह जिया, जिसका कोई दुश्मन नहीं था। गृह मंत्री ने कहा, प्रकाश सिंह बादल के निधन से भाईचारे का सरदार चला गया। उन्होंने अपना जीवन हिंदू-सिख एकता को समर्पित कर दिया था। राजनीतिक रूप से विरोध का सामना करने के बावजूद उन्होंने हमेशा सभी को एकजुट रखने का प्रयास किया। शाह ने कहा कि वह और बादल दो अलग-अलग पार्टियों से ताल्लुक रखते थे, बावजूद इसके वह (बादल) उन्हें बताते थे कि उनकी पार्टी के लिए भी क्या अच्छा रहेगा।

भाजपा और शिअद लंबे समय तक एक-दूसरे की गठबंधन सहयोगी थीं। सितंबर 2020 में शिअद केंद्र द्वारा लाए गए तीन किसान कानूनों के विरोध में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग हो गया था।

शाह ने यह भी कहा कि शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने उन्हें बताया है कि प्रकाश सिंह बादल ने बादल गांव में एक मंदिर, एक मस्जिद और एक गुरुद्वारा बनवाया था। गृह मंत्री ने कहा, 1970 से लेकर आज तक जब भी देश के लिए खड़े होने का समय आया, बादल साहब ने कभी पीठ नहीं दिखाई। लंबे सियासी सफर में बादल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि बादल ताउम्र सिद्धांतों और पंथ के लिए लड़े। उन्होंने कहा कि बादल लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल के खिलाफ चट्टान की तरह खड़े रहे। शाह ने लोगों से बादल के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके दिखाए रास्ते पर चलने की अपील की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पंजाब की समृद्धि में बादल के योगदान की सराहना की।

# नशा मानव समाज के लिए अभिशापः राष्ट्रपति मुर्मू

**बारिपदा ( ओडिशा )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि नशा समाज के लिए एक अभिशाप है और इसे दृढ़ संकल्प तथा आध्यात्म के माध्यम से पराजित किया जाना चाहिए। मुर्मू ने मयूरभंज जिले के हतबद्रा गांव में ब्रह्मकुमारी केंद्र के नशा मुक्त ओडिशा अभियान की शुरुआत करते हुए यह बात कही। राष्ट्रपति ने आज ओडिशा में अपने गृह जिले मयूरभंज का तीन दिवसीय दौरा शुरू किया। नशा एक सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक और मानसिक अभिशाप है। नशा परिवार और समाज में तनाव पैदा करता है। इसलिए इसके दुरूपयोग से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

उन्होंने उम्मीद जताई की कि नशे की लत वाले लोग इसे छोड़ने का सफल प्रयास करेंगे। ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल, केंद्रीय मंत्री बिशेश्वर टुडू, राज्य के इस्पात एवं खनन मंत्री प्रफुल्ल मलिक और स्थानीय विधायकों ने बदमपहाड़ हेलीपैड पर मुर्मू का पारम्परिक तरीके से स्वागत किया।



अपने मूल स्थान पर पहुंचने के बाद मुर्मू लगभग आधा किलोमीटर तक सड़क पर चलीं और आदिवासी पुरुषों, महिलाओं और बच्चों सहित लोगों से मिलीं, जो सड़क के दोनों ओर खड़े थे तथा उनका अभिवादन करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

मुर्मू जब हेलीपैड से करीब पांच किलोमीटर दूर रायरंगपुर उपमंडल के पहाड़पुर गांव में अपनी ससुराल पहुंचीं, तो वहां लोगों ने उनका अभिवादन किया। राष्ट्रपति ने गांव में कौशल प्रशिक्षण एवं सामुदायिक केंद्र की आधारशिला भी रखी। मुर्मू ने रायरंगपुर शहर में एक नागरिक अभिनंदन में भाग लिया, जहां से उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। मुर्मू के स्वागत के लिए रायरंगपुर और पहाड़पुर में कई होर्डिंग और बैनर लगाए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर 100 अधिकारियों के नेतृत्व में करीब 1,500 पुलिसकर्मियों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है। देश का शीर्ष संवैधानिक पद संभालने और देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति बनने के बाद मुर्मू की मयूरभंज जिले के रायरंगपुर की यह पहली यात्रा है।

# सीआरपीएफ के बिहार के जवान ने कश्मीरी गीतों से जीता लोगों का दिल

**भाषा।** बांदीपोरा (जम्मू-कश्मीर)

**लोकप्रिय** कश्मीरी गीतों को बेहद आत्मविभोर हो कर गा रहे सीआरपीएफ के एक बिहार निवासी जवान ने इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत लिया है। कश्मीर ओपीएस सेक्टर, सीआरपीएफ ने उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की तीसरी बटालियन में तैनात कांस्टेबल मृत्युंजय कुमार राय का कश्मीरी गीतों को गाते हुए एक वीडियो बुधवार को ट्विटर पर पोस्ट किया है। वीडियो में राय को पहाड़ पर ड्यूटी करने के दौरान तीन लोकप्रिय कश्मीरी गीतों को गाते हुए सुना जा सकता है। वीडियो में राय ने सबसे पहले निगारो गाया जो एक रोमांटिक गीत है जिसमें अपनी प्रेयसी की प्रशंसा की गई है। उसके बाद वह इस्लामिक भजन साहिबो साथ चुन चेनी और अंत में हाल में बेहद लोकप्रिय लोलान गा रहे हैं।

हालांकि, बिहार के रहने वाले राय का कश्मीरी गीतों का उच्चारण शुद्ध नहीं है लेकिन उन्होंने जिस प्रेम से उन्हें गाया है उसने सभी का दिल जीत लिया है। वीडियो साझा करते हुए कश्मीर ओपीएस सेक्टर, सीआरपीएफ ने कहा, अपनी चुनौतिपूर्ण ड्यूटी के बीच, हमारे सैनिक खुशियों और प्रेरणा के पल खोजते हुए। साथ ही लिखा है, 3 बटालियन, सीआरपीएफ के कांस्टेबल मृत्युंजय कुमार राय की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति देखें, वह घाटी में ड्यूटी के दौरान कश्मीरी गीत गा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस सुन्दर प्रस्तुति, और खास तौर से कश्मीरी गीतों के कारण, राय को सीआरपीएफ के कार्यक्रमों में खूब प्रशंसा मिल रही है।

# अमेरिका-कनाडा सीमा पर चार भारतीयों की मौत

## ● गुजरात पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की

**अहमदाबाद।** कनाडा से अमेरिका जाने की कोशिश में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत के लगभग एक महीने बाद गुजरात की मेहसाणा पुलिस ने तीन एजेंट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह परिवार मेहसाणा जिले का रहने वाला था। मेहसाणा के वसई पुलिस थाने के निरीक्षक जे. एस. रबारी ने बताया कि प्राथमिकी के अनुसार तीन एजेंट ने इस परिवार के लोगों से यहां 60 लाख रुपए कथित तौर पर लिए थे और चारों लोगों को खराब मौसम के बीच अमेरिका-कनाडा सीमा पर सेंट लॉरेंस नदी को एक नौका से पार करने के लिए मजबूर किया था।

प्राथमिकी के अनुसार मारे गए लोग प्रवीणभाई चौधरी (50), उनकी पत्नी दक्षा (45), बेटा मीत (20) और बेटी विधि (24) मेहसाणा के विजापुर तालुका में मानेकपुरा-दभाल गांव के रहने वाले थे। कनाडा पुलिस ने पहले कहा था कि चार लोगों के शव 30 मार्च को कनाडा के क्यूबेक तथा अमेरिका के न्यूयॉर्क में सेंट लॉरेंस नदी के किनारे पाए गए थे। रबारी ने कहा, मारे गए लोगों के परिजनों की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर हमने बुधवार को तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। प्राथमिकी में कहा गया कि निकुलसिंह विहोल, सचिन विहोल और अर्जुनसिंह चावडा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

निकुलसिंह और सचिन मेहसाणा जिले के वडासन गांव से है वहीं अर्जुनसिंह इसी जिले के दधियाल गांव से है और सचिन का रिश्तेदार है। प्रवीणभाई के छोटे भाई अश्विनभाई की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर दर्ज की गई प्राथमिकी में कहा गया है कि चौधरी परिवार तीन फरवरी को आगंतुक वीजा पर कनाडा गया था और उन्होंने दावा किया था वे छुट्टियां मनाने जा रहे हैं। चारों लोगों का अंतिम संस्कार कनाडा में 10 अप्रैल को वहां रहने वाले उनके कुछ रिश्तेदारों की मदद से किया गया था।

# जम्मू-कश्मीर के बारामूला में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के बारामूला जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में बारामूला जिले के वानीगाम पईन क्रीरी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद कार्वाई करते हुए सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार तड़के वहां घेराव किया और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान तब मुठभेड़ में बदल गया जब आतंकवादियों ने बलों के एक तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्वाई की। अधिकारी ने बताया कि जवाबी कार्वाई में दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने बताया कि उनकी पहचान और किस समूह से उनका संबंध है इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक एके 47 राइफल और एक पिस्तौल सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि घाटी में पिछले 24 घंटों में यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले बुधवार को सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और इस दौरान मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

# अडाणी की कंपनी ने म्यामां बंदरगाह का बिक्री सौदा पूरा किया

**नई दिल्ली।** अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने कुल तीन करोड़ डॉलर में म्यामां बंदरगाह की बिक्री का सौदा पूरा कर लिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एपीएसईजेड ने मई, 2022 में म्यामां बंदरगाह की बिक्री के लिए शेयर खरीद करार (एसपीए) की घोषणा की थी। एसपीए में परियोजना को पूरा करने और खरीदार को कारोबार करने के लिए सुगमता से जरूरी मंजूरियों जैसी शर्तें शामिल थीं।

एपीएसईजेड ने बयान में कहा कि मंजूरी प्रक्रिया में देरी और कुछ शर्तों को पूरा करने की चुनौती के मद्देनजर एपीएसईजेड ने इसके लिए जहां है, जैसा है के आधार पर स्वतंत्र मूल्यांकन हासिल किया था। कंपनी ने कहा कि इसके बाद इस सौद पर नए सिरे से बातचीत हुई। यह सौदा तीन करोड़ डॉलर में हुआ है। बयान में कहा गया है कि खरीदार द्वारा कंपनी को सभी जरूरी अनुपालन पूरा करने के तीन कारोबारी दिन में इस राशि का भुगतान किया जाएगा।

सौदे की पूरी राशि मिलने के बाद एपीएसईजेड खरीदार को इक्विटी का हस्तांतरण करेगी और इससे बाहर निकल जाएगी। एपीएसईजेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) करण अडाणी ने कहा कि जोखिम समिति ने अक्टूबर, 2021 में जो सिफारिशें दी थीं उनके आधार पर कंपनी के निदेशक मंडल ने इस तरह का कदम उठाने की अनुमति दी थी। यह परियोजना उस समय विवादों के घेरे में आ गई थी जब करण अडाणी के वरिष्ठ जनरल म्यामां सेना के प्रमुख मिन आंग हलिंग से मिलने की खबरें आई थीं। हलिंग ने म्यामां की चुनी हुई सरकार का तख्तापलट किया था। अगस्त, 2021 में एपीएसईजेड ने कहा था कि म्यामां बंदरगाह में उसका निवेश अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय द्वारा जारी प्रतिबंध दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं करता है।

# कर्नाटक चुनाव में प्रमुख मुद्दा बने हनुमान, कांग्रेस ने आंजनेय मंदिर बनाने का किया वादा

**बेंगलुरु।** चुनावी राज्य कर्नाटक में भगवान हनुमान चुनावी मुद्दों के केंद्र में आ गए हैं क्योंकि अपने घोषणापत्र में बजरंग दल जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का वादा कर घिरी कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को बचाव की मुद्रा में आते हुए पूरे राज्य में हनुमान मंदिरों के निर्माण और जीर्णोद्धार का वादा किया है। प्रधानमंत्री ने बजरंग दल पर प्रतिबंध के वादे की तुलना हनुमान और उनके भक्तों को ताले में बंद करने से की, पूर्व उपमुख्यमंत्री के एस ईश्वरप्पा ने कांग्रेस का घोषणापत्र जलाया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के घोषणापत्र को फाड़ दिया, उस पर चप्पल बरसाई और राज्य के कई हिस्सों में रैलियां कीं। दक्षिणपंथी संगठनों ने राज्य भर में हनुमान चालीसा का पाठ करने का फैसला किया है। मुद्दे पर अब कांग्रेस बचाव की मुद्रा में आ गई है। कांग्रेस जिन मुद्दों के इर्द-गिर्द 10 मई को होने वाला विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती थी, ऐसा प्रतीत होता है कि वह ठंडे बस्ते में चला गया है क्योंकि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार मंदिर में दर्शन करने पहुंच गए। मैसूर में चामुंडी पहाड़ी पर, मैसूर की देवी चामुंडेश्वरी, साथ ही आंजनेय की पूजा करने के बाद शिवकुमार ने और हनुमान मंदिरों का निर्माण करने या पूरे राज्य में मौजूदा मंदिरों का जीर्णोद्धार करने का वादा किया। रामनगर में कनकपुरा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे शिवकुमार ने कहा, राम दूत आंजनेय (हनुमान) के मंदिर हर जगह हैं। हमने आंजनेय मंदिरों का निर्माण कराया है और हम भी उनके भक्त हैं। विशेष रूप से हम कन्नड़वासियों में उनके प्रति गहरी आस्था है जहां इस बात के पक्के प्रमाण हैं कि आंजनेय का जन्म (इसी) राज्य में हुआ था। कांग्रेस आंजनेय मंदिरों और भगवान हनुमान के आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा, हम कार्यक्रम ला रहे हैं। कांग्रेस सभी महत्वपूर्ण आंजनेय मंदिरों, विशेष रूप से आंजनेय से जुड़े ऐतिहासिक स्थानों के विकास के लिए विशेष नीतियां बनाएगी।

शिवकुमार ने कहा, हम राज्य के सभी तालुकों में आंजनेय के नाम पर नीतियां और कार्यक्रम बनाएंगे, जिससे युवाओं को हनुमान के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। देवी चामुंडेश्वरी की शपथ लेते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अंजनाद्री विकास बोर्ड की स्थापना करेगी। भगवान के नाम पर राजनीति करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने सवाल किया कि भाजपा ने कितने आंजनेय मंदिरों का निर्माण कराया है। शिवकुमार ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के मेरे मित्र राजनीतिक लाभ के लिए भगवान के नाम का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। वे भावनाओं के साथ खेल रहे हैं। कांग्रेस नेता के अनुसार बेंगलुरु और मैसूर के बीच कम से कम 25 आंजनेय मंदिर हैं, जिनका निर्माण राज्य के पहले मुख्यमंत्री केंगल हनुमंतैया ने कराया था, जो कांग्रेस नेता थे। शिवकुमार ने कहा, क्या भाजपा ने एक भी मंदिर बनाया? वे इसे भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसपर कोई ध्यान नहीं देगा। वे लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, जो नहीं होगा। कांग्रेस सत्ता में आएगी। हम राम और आंजनेय से जुड़े सभी मंदिरों का निर्माण करेंगे। विजयनगर जिले के होसपेटे में प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा को लेकर निशाना साधा। मोदी ने कहा, कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है। पहले उन्होंने प्रभु श्रीराम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद करने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को तीनों जनसभाओं में जय बजरंगबली का उद्घोष भी किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता के एस ईश्वरप्पा ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र की एक प्रति जलाई और कर्नाटक में सत्ता में आने पर बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा करने को लेकर विपक्षी दल पर निशाना साधा। बजरंग दल को एक देशभक्त संगठन बताते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री ने सवाल किया, बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात करने की उनकी (कांग्रेस की) हिम्मत कैसे हुई। कांग्रेस ने 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में कहा है कि वह जाति और धर्म के आधार पर समुदायों के बीच नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्वाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस ने घोषणापत्र में कहा, हमारा मानना है कि कानून और संविधान पवित्र है। कोई व्यक्ति या बजरंग दल, पीएफआई और नफरत एवं शत्रुता फैलाने वाले दूसरे संगठन, चाहे वह बहुसंख्यकों के बीच के हों या अल्पसंख्यकों के बीच के हों, वे कानून और संविधान का उल्लंघन नहीं कर सकते। हम ऐसे संगठनों पर कानून के तहत प्रतिबंध लगाने समेत निर्णायक कार्वाई करेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए ईश्वरप्पा ने इसे (पाक के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की) मुस्लिम लीग का घोषणापत्र करार दिया।

पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ईश्वरप्पा ने कांग्रेस नेता शिवकुमार और सिद्धरमैया पर समुदायों के बीच नफरत फैलाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा, हमें पहले इन दोनों नेताओं को गिरफ्तार करना चाहिए। उनके खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा पत्र जलाने की घटना की निंदा की। खरगे ने कलबुर्गी में संवाददाताओं से कहा, घोषणापत्र को जलाना ठीक नहीं है। यह लोगों को दी गई गारंटी को जलाने जैसा है। हमारे घोषणापत्र में उन्होंने आग लगा दी। यह लोगों और लोकतंत्र का अपमान करने जैसा है। कांग्रेस के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, शिवकुमार को घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रस्तावित प्रतिबंध के बारे में जानकारी नहीं थी। घोषणापत्र जारी किए जाने से पहले इसे पढ़ने वाले नेताओं ने बजरंग दल पर प्रतिबंध का जिक्र नहीं करने को कहा। लेकिन उन्होंने नहीं सुना। इसका निश्चित रूप से असर होगा। अब हम सभी इसका खामियाजा भुगत रहे हैं।

## भाजपा ने बेंगलुरु में पीएम के दिन-भर के कार्यक्रम में परिवर्तन किया

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यहां शनिवार को प्रस्तावित 36.6 किलोमीटर के रोड शो कार्यक्रम में तब्दीली करते हुए भाजपा ने उसे दो दिनों में विभाजित कर दिया है। ताजा कार्यक्रम के मुताबिक अब वह शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक और रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक रोड शो करेंगे। सत्तारूढ़ पार्टी को इस योजना में बदलाव इसलिए करना पड़ा क्योंकि बेंगलुरु के लोगों ने इस तरह के एक दिवसीय कार्यक्रम से होने वाली कठिनाइयों को लेकर चिंता व्यक्त की थी। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि प्रधानमंत्री अब दो दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक और रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक रोड शो करेंगे। पार्टी ने बुधवार को कहा था कि मोदी शनिवार को यहां 36.6 किलोमीटर का रोड शो करेंगे। इसके तहत वह सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक 10.1 किलोमीटर और शाम चार बजे से रात 10 बजे तक 26.5 किलोमीटर की दूरी तय करने वाले थे। उन्होंने कहा, जनता ने कहा है कि अगर पूरे दिन रोड शो किया जाता है तो इससे समस्या होगी। इसलिए, हमने उनकी भावनाओं का सम्मान किया है और इसे दो दिनों में करने का फैसला किया है। छह और सात मई को रोड शो शहर के कुल 28 विधानसभा क्षेत्रों में से 19 से होकर गुजरेगा। कर्नाटक में 10 मई को मतदान होगा। आठ मई को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है और मतों की गिनती 13 मई को होगी।

## कर्नाटक में बजरंग दल के चार कार्यकर्ता गिरफ्तार

**मंगलुरु।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर में हिंदू लड़की के साथ पाए जाने पर एक मुस्लिम युवक से मारपीट के मामले में कथित रूप से बजरंग दल से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान ओलमोगरू गांव निवासी एस प्रदीप (19), केदमबाड़ी निवासी दिनेश गौड़ा (25), गुठुमने निवासी निशांत कुमार (19) और आर्यपु गांव निवासी प्रज्वल (23) के रूप में हुई है। मरेल कडुमाने के निवासी मोहम्मद फरीश (18) पर लोगों के एक समूह ने बुधवार को उस समय हमला किया जब वह एक हिंदू लड़की के साथ पार्लर में जूस पी रहे थे। लड़की फरीश की सहपाठी थी। मारपीट के बाद फरीश के शरीर पर गहरे घाव हो गए। फरीश और हिंदू लड़की पुत्तूर के कबका सरकारी कॉलेज के छात्र हैं। फरीश का पुत्तूर के सरकारी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

# सुप्रिया सुले संभाल सकती हैं राकांपा की कमान

## ● अजित पवार को मिल सकता है महाराष्ट्र का दायित्व

## ● शरद पवार ने कहा, अंतिम निर्णय एक-दो दिन में लेंगे

**भाषा।** मुंबई



**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि पद से हटने का उनका फैसला पार्टी का भविष्य और नया नेतृत्व बनाने के लिए लिया गया है। उनका यह दावा तब आया जब पार्टी कार्यकर्ता लगातार यह मांग कर रहे थे कि पवार अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। नाम न जाहिर करने की शर्त पर राकांपा नेताओं ने कहा कि बारामती से लोकसभा सांसद और पवार की बेटी सुप्रिया सुले का पार्टी का अगला राष्ट्रीय प्रमुख बनने जबकि अजित पवार के महाराष्ट्र इकाई का जिम्मा संभालने की संभावना है। राकांपा का अगला प्रमुख कौन होगा, इस पर फैसला करने के लिए 82 वर्षीय पवार द्वारा गठित एक समिति की बैठक शुक्रवार सुबह 11 बजे होगी। पार्टी के नेताओं के अनुसार, राकांपा प्रमुख का पद पवार परिवार के भीतर रहने की संभावना है क्योंकि बाहर से किसी को बागडोर देने से 1999 में गठित संगठन में दरार और सत्ता की लड़ाई हो सकती है।

इन नेताओं ने जोर देकर कहा कि तीन बार की लोकसभा सांसद सुले ने खुद को एक प्रभावी सांसद के रूप में स्थापित किया है और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ उनके संपर्क हैं वहीं अजित पवार की राज्य इकाई पर अच्छी पकड़ है और उन्हें व्यापक रूप से एक सक्षम प्रशासक के रूप में देखा जाता है। इन नेताओं ने कहा कि इसके अलावा अजित पवार ने हाल ही में अपने मुख्यमंत्री बनने के सपनों के बारे में बात की थी, जबकि सुले ने हमेशा कहा है कि राष्ट्रीय राजनीति उनके हित में है। संयोग से राकांपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मंत्री छगन भुजबल ने कहा था कि सुले को पार्टी की राष्ट्रीय विरासत संभालनी चाहिए और अजित पवार को राज्य इकाई का नेतृत्व करना चाहिए, हालांकि नासिक में एवला के विधायक ने तुरंत जोड़ा कि यह उनकी निजी राय थी। शहर में वाई बी चव्हाण सेंटर के बाहर पवार ने कहा कि वह अगले कुछ दिनों में अंतिम फैसला लेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं की उपेक्षा नहीं की जाएगी। पवार के समर्थक पार्टी प्रमुख के रूप में उनके पद पर बने रहने की मांग को लेकर यहां डेरा डाले हुए हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपने समर्थकों से कहा, मैं आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं। मुझे अपनी योजनाओं के बारे में आप सभी से चर्चा करनी चाहिए थी और आपको भरोसे में लेना चाहिए था। लेकिन मैं जानता हूं कि आपने मुझे (पार्टी प्रमुख के पद से हटने का) फैसला लेने की अनुमति नहीं दी होती। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के बाहर के कुछ पार्टी सहयोगी इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को उनसे मिलेंगे। उन्होंने कहा, मैं एक या दो दिन में अंतिम फैसला लूंगा।

वाई बी चव्हाण सेंटर के बाहर डेरा डाले उनके समर्थकों ने जहां पवार के प्रति अपनी भावनाओं का मजबूती से इजहार किया वहीं पवार उन्हें शांत करने की कोशिश करते दिखे। वहां एकत्रित पार्टी कार्यकर्ताओं ने पवार से किसी व्यक्ति को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का आग्रह किया, जबकि उन्हें स्वयं इस पद पर बने रहना चाहिए। उनमें से कुछ ने कहा कि पवार को कम से कम 2024 तक पार्टी का नेतृत्व करना चाहिए क्योंकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जबकि अन्य ने कहा कि अगर उन्होंने अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया, तो वे भूख हड़ताल करेंगे। पवार (82) ने मंगलवार को यह कहकर लोगों को चौंका दिया था कि वह 1999 में उनके द्वारा स्थापित पार्टी के प्रमुख का पद छोड़ रहे हैं। राज्यसभा सदस्य और विपक्ष के दिग्गज नेताओं में से एक पवार ने कहा था कि वह राकांपा प्रमुख का पद छोड़ रहे हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन से संन्यास नहीं ले रहे हैं। यह घोषणा उन अटकलों के बीच हुई कि अजित पवार और कुछ विधायक सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से हाथ मिला सकते हैं, हालांकि पूर्व उपमुख्यमंत्री ने इस तरह की बात का खंडन करते हुए दावा किया कि वह आजीवन राकांपा के साथ रहेंगे। शरद पवार द्वारा उनका उत्तराधिकारी चुनने के लिए गठित समिति में अजित पवार, सुप्रिया सुले, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल और भुजबल शामिल हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री द्रमुक के एम.के. स्टालिन ने मंगलवार की घोषणा के बाद राकांपा में घटनाक्रम के बारे में पूछताछ करने के लिए सुले से फोन पर बात की। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और कांग्रेस का कहना है कि राकांपा के घटनाक्रम से महा विकास आघाड़ी (एमवीए) पर असर नहीं पड़ेगा। एमवीए में ए तीनों दल शामिल हैं।

## पवार ने अपनी किताब में अपने वाहन चालक की प्रशंसा की

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने अपनी किताब में अपने वाहन चालक गामा की प्रशंसा की है, जिन्होंने पिछले 43 सालों में पवार को महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों की यात्राएं कराईं। पवार ने मंगलवार को जारी की गई अपनी अद्यतन आत्मकथा लोक माझे संगति में गामा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कभी कोई दुर्घटना नहीं की और अपने वाहन में यात्रा के दौरान प्रमुख हस्तियों और राजनीतिक नेताओं के साथ हुई पवार की बातचीत के बारे में कभी कुछ नहीं कहा। उन्होंने लिखा, मेरे सफल सार्वजनिक जीवन में मुझे कुछ बेहद करीबी सहयोगी मिले हैं जिनमें मेरे निजी चालक गामा भी शामिल हैं। पिछले 43 वर्षों से मेरे साथ रहे गामा मुझे राज्य के कोने-कोने में ले गए, लेकिन कभी कोई दुर्घटना नहीं हुई। इससे पता चलता है कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को कितनी गंभीरता से लिया है।

पवार ने कहा कि समय बचाने और इसके बेहतर उपयोग के लिए वह अपनी यात्रा के दौरान वरिष्ठ नेताओं, उद्योगपतियों, प्रतिष्ठित हस्तियों और पार्टी पदाधिकारियों को अपने साथ ले जाते हैं। उन्होंने कहा, मैंने उनके साथ कई संवेदनशील मुद्दों पर खुलकर चर्चा की है, लेकिन गामा ने मेरा विश्वास अर्जित किया है कि एक भी शब्द बाहर नहीं जाएगा। राकांपा नेता (82) ने कहा, गामा कई बार मेरे अभिभावक की भूमिका में भी रहे हैं। वह मेरे कपड़े, यात्रा के सामान, दवाइयां और आहार सहित सभी आवश्यक देखभाल करते हैं। अगर मैं किसी कारणवश अपना भोजन या दवाई समय पर नहीं ले पाता हूं तो उन्होंने अधिकारियों पर नाराजगी भी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि गामा उन वाहनों की भी देखरेख करते हैं जिनमें पवार यात्रा करते हैं। अगर किसी वाहन में कोई दिक्कत है तो वह यात्रा के लिए उसका इस्तेमाल करने से मना कर देते हैं और मैं हमेशा उनकी बात पर ध्यान देता हूं।

# सनराइजर्स को लगा झटका, केकेआर चमका

- कोलकाता ने जीवंत रखी प्लेआफ की उम्मीदें
- हैदराबाद को 5 रनों से किया पराजित

भाषा। हैदराबाद



**सनराइजर्स हैदराबाद** ने अपने बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना प्रदर्शन के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल के अहम मुकाबले में बृहस्पतिवार को पांच रन से जीत तोहफे में दे दी जिससे केकेआर की प्लेआफ की उम्मीदें बरकरार हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान नितिश राणा और रिंकू सिंह के बीच 61 रन की साझेदारी की मदद से विकेटों के पतझड़ के बीच नौ विकेट पर 171 रन बनाए। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने सनराइजर्स को 20 ओवर में आठ विकेट पर 166 रन पर रोक दिया।

शार्दुल ठाकुर ने 23 रन देकर और वैभव अरोरा ने 32 रन देकर दो दो विकेट लिए। वरूण चक्रवर्ती ने शानदार आखिरी ओवर डालकर टीम की जीत तय की। केकेआर की इस सत्र की यह चौथी जीत है और उसके आठ अंक हो गए हैं जबकि सनराइजर्स के छह ही अंक है और उसकी प्लेआफ में पहुंचने की उम्मीदों को इस हार से करारा झटका लगा है। सनराइजर्स जीत की ओर बढते दिख रहे थे जब कप्तान एडेन मार्कराम (40 गेंद में 41 रन) और हेनरिच क्लासेन (20 गेंद में 36 रन) ने 70 रन की साझेदारी की लेकिन उनके एक के बाद एक आउट होने के बाद पुछल्ले बल्लेबाज दबाव का सामना नहीं कर सके। वहीं केकेआर की शुरूआत भी खराब थी। राणा और रिंकू के क्रीज पर उतरने के समय केकेआर का स्कोर पावरप्ले के बाद तीन विकेट पर 49 रन था। राणा 31 गेंद में 42 रन बनाकर 12वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर दिया। दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण एक बार फिर नाकाम रहे। रिंकू ने 35 गेंद में 46 रन बनाए और आक्रामक पारी खेलने की बजाय विकेट बचाकर संयम के साथ खेला। केकेआर की शुरूआत बेहद खराब रही और सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच के प्रदर्शन को दोहरा नहीं सके। अफगानिस्तान के 21 बरस के गुरबाज को दूसरे ओवर की पहली गेंद पर ही दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को जानसेन ने पवेलियन भेजा। हैरी ब्रूक ने मिडआन पर उनका कैच लपका। इसके पांच गेंद बाद वेंकटेश अय्यर भी अपना विकेट गंवा बैठे। जानसेन को हुक शॉट खेलने के प्रयास में वह चूके और गेंद हवा में उछलकर विकेटकीपर हेनरिच क्लासेन के हाथ में गई। भारत के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने दूसरे छोर से किफायती गेंदबाजी करते हुए पहले दो ओवर में सिर्फ 12 रन दिए। कार्तिक त्यागी पांचवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए और इंग्लैंड के जैसन रॉय का कीमती विकेट लिया। शॉर्ट थर्डमैन पर मयंक अग्रवाल ने उनका आसान कैच लपका।

### स्कोरबोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्स पारी :** रॉय का अग्रवाल बो त्यागी 20,गुरबाज का ब्रूक बो जानसेन 0, अय्यर का क्लासेन बो जानसेन 7,राणा का और बो मार्कराम 42, सिंह का समद बो नटराजन 46,रसेल का नटराजन बो मार्कंडेय 24, नारायण का अग्रवाल बो कुमार।,ठाकुर का समद बो नटराजन 8, अनुकूल रॉय नाबाद 13, राणा रन आउट 0, अरोरा नाबाद 2, अतिरिक्त : आठ रन, **कुल योग :** 20 ओवर मे नौ विकेट पर 171 रन,**विकेट पतन :**।-8, 2-16, 3-35, 4 -96, 5-127, 6 -130, 7-151, 8-168, 9-168, **गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0 -33-।, जानसेन 3 - 0-24-2, त्यागी 2-0-30-।, मार्कराम 3-0-24-।, नटराजन 4- 0 -30-2, मार्कंडेय 4 -0 -29-।

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी :** अग्रवाल का गुरबाज बो हर्षित 18, अभिषेक का रसेल बो ठाकुर 9,त्रिपाठी का अरोरा बो रसेल 20,मार्कराम का सिंह बो अरोरा 41,ब्रूक पगबाधा बो एएस रॉय,क्लासेन का रसेल बो ठाकुर 36, समद का एएस रॉय बो वरूण 21,जानसेन का गुरबाज बो अरोरा।, भुवनेश्वर नाबाद 5,मार्कंडेय नाबाद।, **अतिरिक्त :** 14 रन, कुल योग : 20 ओवर मे आठ विकेट पर 166 रन, **विकेट पतन :**।-29, 2-37, 3-53, 4-54, 5 -124, 6-145, 7-152, 8-165, **गेंदबाजी :** हर्षित 4-0- 27-।, अरोरा 3-0-32-2, ठाकुर 3-0-23-2, रसेल ।-0-15-।, रॉय 3-0-26-1 ,नारायण 2- 0-16-0, वरूण 4-0 - 20 .।

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

## आरसीबी के लिए खेलने के प्रस्ताव के साथ बांगड़ के फोन कॉल ने चौंका दिया थाः जाधव



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र मे कमेंट्री कर रहे पूर्व भारतीय बल्लेबाज केदार जाधव को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के लिए मौजूदा सत्र मे खेलने के कोच संजय बांगड़ के फोन ने आश्चर्यचकित कर दिया था। जाधव कमेंट्री करने के साथ अपनी फिटनेस का पूरा ख्याल रख रहे थे इसलिए उन्होने इस प्रस्ताव पर हामी भरने मे देरी नही की। इस 38 साल के बल्लेबाज ने रणजी ट्रॉफी सत्र मे महाराष्ट्र के लिए अच्छी बल्लेबाजी (283 रन) की। भारत के इस पूर्व बल्लेबाज ने बांगड़ के फोन कॉल को याद करते हुए कहा, मै बिल्कुल चौक गया था। लेकिन यह सुखद था। उन्होंने टीम से जारी विज्ञप्ति मे कहा, मै कमेंट्री कर रहा था और संजय भाई ने मुझे फोन करके पूछा कि मै क्या कर रहा हूं। मैने उनसे कहा कि मै कमेंट्री कर रहा हूं। उन्होंने पूछा कि क्या मै अभी भी अभ्यास कर रहा हूं और मैने सकारात्मक उत्तर दिया - सप्ताह मे दो बार। बांगड़ ने फिर मुझसे मेरी फिटनेस के बारे मे पूछा, जिस पर मैने कहा कि मै नियमित रूप से जिम जाता हूं और अपने होटल मे भी इसका इस्तेमाल करता हूं। मैने संक्षेप मे उनसे कहा कि मै अच्छी स्थिति मे हूं।

## केकेआर ने लिटन की जगह चार्ल्स को टीम में लिया

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाकी बचे सत्र के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास की जगह जॉनसन चार्ल्स को अपनी टीम मे शामिल किया है। लिटन दास पिछले सप्ताह पारिवारिक कारणो से बांग्लादेश लौट गए थे। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को केकेआर ने पिछले साल उनके आधार मूल्य 50 लाख रुपए मे खरीदा था। केकेआर ने उन्हे केवल एक मैच मे अंतिम एकादश मे रखा और उसके बाद बाहर कर दिया था। जॉनसन चार्ल्स वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज है। उन्होने अब तक 41 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचो मे 971 रन बनाए है। उन्होने कुल 224 टी20 मैच खेले है जिनमे उनके नाम पर 5600 से अधिक रन दर्ज है। वह 50 लाख रुपए के आधार मूल्य मे केकेआर से जुड़ेगे।

## स्टिमक ने राष्ट्रीय शिविर के लिए 41 खिलाड़ियों को चुना

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने जून मे भुवनेश्वर मे होने वाले इंटरकांटिनेंटल कप से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए बृहस्पतिवार को 41 खिलाड़ियों को चुना। शिविर 15 मई से भुवनेश्वर मे शुरू होगा। फीफा रैंकिंग मे 101वें स्थान पर काबिज भारत का सामना लेबनान (99), वानुआतू (164) और मंगोलिया (183) से होगा।

## चोटी पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**मैनचेस्टर।** एरलिंग हालैंड ने मैनचेस्टर सिटी की वेस्ट हैम पर 3-0 से जीत मे इस सत्र का अपना 35 वां गोल दागकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) मे नया रिकॉर्ड बनाया। नार्वे के इस 22 वर्षीय स्ट्राइकर ने 70वें मिनट मे टीम की तरफ से दूसरा गोल करके प्रीमियर लीग के एक सत्र मे सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। हालैंड ने पिछले रविवार को फुलहम के खिलाफ गोल करके एलन शियरर और एंडी कोल के रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

## साबले और तेजस्विन के विदेश में अभ्यास को मंजूरी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिकसेल (एमओसी) ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रमंडल खेलो के पदक विजेता अविनाश साबले और तेजस्विन शंकर के विदेश मे अभ्यास और प्रतिस्पर्धा मे भाग लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स मे अभ्यास कर रहे साबले अब आठ दिन अभ्यास के लिए मोरक्को के रबात जाएंगे। वही तेजस्विन बहामास मे अभ्यास करेंगे जहां अमेरिकी एटीएफ थ्रो फेस्टिवल मे भाग लेंगे।

## भारतीय शटलरों का ध्यान भी खींचा नई स्पिन सर्व ने

**नई दिल्ली।** एक नई स्पिन सर्व ने दुनियाभर के बैडमिंटन खिलाड़ियों का ध्यान अपनी तरफ खीचा है और इसमे भारत के युगल खिलाड़ी भी शामिल है जो इस नए कौशल मे महारत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है। डेनमार्क के युगल खिलाड़ी मार्कस रिंडशोज ने पिछले महीने पोलिश ओपन मे इस स्पिन सर्विस से अंक अर्जित किए और तभी से विश्व भर के खिलाड़ी इसमे अपना हाथ आजमाने की कोशिश कर रहे है।

## पाकिस्तान ने तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड को हराकर श्रृंखला जीती

**कराची।** पाकिस्तान ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजो के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैड को तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे 26 रन से हराकर पांच मैचो की श्रृंखला मे 3-0 से अजेय बढ़त बनाई। सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक ने 107 गेंदो पर 90 रन बनाए जबकि कप्तान बाबर आजम ने 54 रन की पारी खेली। इन दोनो ने दूसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी की। इनके अलावा रिजवान ने 32 और आगा सलमान ने 31 रन बनाए। जिससे पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर छह विकेट पर 287 रन बनाए।

## पृथ्वीराज कट से चूके, भारत संयुक्त तीसरे स्थान पर

**काहिरा।** पृथ्वीराज तोडाइमैन ने लगातार दूसरे विश्व कप मे व्यक्तिगत पदक जीतने का मौका गंवा दिया और शॉटगन विश्व कप मे पुरूषों की ट्रैप स्पर्धा मे शूटआफ मे हारकर नौवें स्थान पर रहे। इस साल की शुरूआत मे दोहा मे पहला व्यक्तिगत पदक जीतने वाले पृथ्वीराज ने पांचवें और आखिरी क्वालीफिकेशन दौर मे 119 स्कोर किया। इसके बाद वह शीर्ष आठ मे प्रवेश के लिए बचे तीन स्थानो के लिए चार खिलाड़ियों का शूटआउट खेले लेकिन पहला ही निशाना चूक गए। चेक गणराज्य के तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता जिरि लिपताक ने पुरूष वर्ग मे स्वर्ण पदक जीता ।

# शीर्ष स्थान के लिए भिड़ेगी राजस्थान और गुजरात

- रॉयल्स और टाइटंस का मैच आज

भाषा। जयपुर



**इंडियन प्रीमियर** लीग की तालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को अपने अगले मुकाबले में जब राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उनके घरेलू मैदान में उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली यह टीम कम स्कोर वाले अपने पिछले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स से पांच रन से हार गई थी। टीम 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है जबकि राजस्थान 10 अंक के साथ चौथे स्थान पर काबिज है। संजू सैमसन की अगुवाई वाले राजस्थान रॉयल्स में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है लेकिन टीम लगातार जीत दर्ज करने में विफल रही है। पिछले छह मैचों में टीम तीन मुकाबलों में जीती है जबकि तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के साथ समस्या गेंदबाजी में अधिक है। टीम पिछले मैच में मुंबई के खिलाफ 212 रन के बड़े लक्ष्य का बचाव करने में नाकाम रही थी। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट, ऑलराउंडर जेसन होल्डर, स्पिनर युजवेंद्र चहल और कुलदीप सेन ने उस मैच में खूब रन लुटाए थे। उन्हें शुक्रवार को घरेलू मैदान में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। रॉयल्स को इस बात से थोड़ी राहत मिल सकती है कि सत्र की शुरुआत में उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की थी। राजस्थान की बल्लेबाजी काफी मजबूत है। पिछले मैच में शतकीय पारी खेलने वाले युवा यशस्वी जायसवाल के अलावा जोस बटलर, संजू सैमसन और शिमरोन हेटमेयर की तिकड़ी अपने दम पर किसी भी मैच का पासा पलट सकती है। इस बल्लेबाजी इकाई को हालांकि मोहम्मद शमी और राशिद खान के नेतृत्व वाले गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ सतर्क रहना होगा। राजस्थान की टीम अगर इस मैच को जीतती है तो टीम बेहतर नेट रनरेट (0.800) के कारण तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी। दूसरी ओर टाइटंस के बल्लेबाजों को दिल्ली के खिलाफ लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़ना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल और डेविड मिलर के विफल होने से टीम 130 रन के लक्ष्य का पीछा करने में नाकाम रही। कप्तान पंड्या ने अर्धशतक लगाकर टीम को आखिर तक मैच में बनाए रखा लेकिन उनकी और राहुल तेवतिया की तेज तर्रार पारी टीम के लिए काफी साबित नहीं हुई थी। टीम की गेंदबाजी हालांकि काफी मजबूत है जहां मोहम्मद शमी शानदार लय में है। स्पिन विभाग में राशिद और अफगानिस्तान के एक अन्य खिलाड़ी नूर अहमद शानदार प्रदर्शन कर रहे है।

## अगर हम भाग्यशाली है कि डिंग लारेन को चुनौती देने के लिए हमारे पास कई खिलाड़ी हैः आनंद

**कोलकाता।** विश्व शतरंज चैंपियन के लिए भारत का लंबा इंतजार शायद बहुत अगले कुछ वर्षों में खत्म हो जाए क्योंकि करिश्माई भारतीय खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को उम्मीद है कि कुछ भारतीय अगले साल कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लारेन को 2024 में अगली विश्व चैम्पियनशिप में चुनौती देने के लिए सात खिलाडि़यों के लिए जगह खाली है। उम्मीद है कि यह अगले चक्र में हो सकता है। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज आनंद पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह इसके लिए दोबारा चुनौती पेश नहीं करेंगे। आनंद के अलावा फिडे (वैश्विक शतरंज संचालक) की शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा और निहाल सरीन जैसे खिलाडियों ने काफी उम्मीदें जगाई हैं। हमारे पास कई होनहार युवा हैं।

# नीरज डायमंड लीग चैंपियन के तौर पर दोहा में आगाज करेंगे

भाषा। दोहा



**डायमंड लीग** चैंपियन के रूप में पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को होने वाली प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के पहले चरण के मुकाबले के लिए जब मैदान में उतरेंगे तो उनके सामने एक बार फिर अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वियों की चुनौती होगी। इस लंबे सत्र का आगाज डायमंड लीग के दोहा चरण से हो रहा है और नीरज इसमें दमदार प्रदर्शन कर सत्र का शानदार आगाज करना चाहेंगे। विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले इस 25 साल के खिलाड़ी के सामने यहां के कतर स्पोर्ट्स क्लब में ग्रेनाडा के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.07 मीटर) और चेक गणराज्य के तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता याकूब वालेच (सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.88 मीटर) जैसे खिलाड़ियों की चुनौती होगी। नीरज का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। वह 2018 में दोहा डायमंड लीग में अपनी इकलौती भागीदारी में 2018 में 87.43 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। नीरज पिछले साल समग्र फिटनेस और ताकत की कमी के कारण यहां हिस्सा नहीं ले सके थे। वह पिछले सितंबर में ज्यूरिख में 2022 ग्रैंड फिनाले जीतने के बाद डायमंड लीग चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय बने। इससे एक महीने पहले वह लुसाने में डायमंड लीग मीट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। नीरज ने पिछले महीने कहा था कि वह उस समय शारीरिक और तकनीकी रूप से बेहतर महसूस कर रहे हैं लेकिन पिछले साल यहां की बेहद कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए सत्र के शुरुआती डायमंड लीग में शीर्ष पुरस्कार जीतना उनके लिए आसान नहीं होगा।

# विश्व मुक्केबाजी : नरेन्द्र क्वार्टर फाइनल में

- शिवा थापा विश्व चैम्पियनशिप से बाहर



भाषा। ताशकंद

**भारत के** अनुभवी मुक्केबाज शिवा थापा विश्व चैम्पियनशिप में अप्रत्याशित हार का शिकार होकर बाहर हो गए जबकि तीन अन्य भारतीय मुक्केबाज प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। शिवा (63.5 किलो) को पहले दौर में बाय मिला था लेकिन वह दूसरे दौर में ब्राजील के डोस रीस यूरी से 3 . 4 से हारकर बाहर हो गए। नरेन्द्र बेरवाल (प्लस 92 किलो), गोविंद साहनी (48 किलो) और दीपक कुमार (51 किलो) ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिछले विश्व चैम्पियनशिप में भी क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाले नरेन्द्र ने यहां अंतिम 16 मुकाबले में ताजिकिस्तान के मुहम्मद अब्रोरिदिनोव को 4-। से हराया। एशियाई चैंपियनशिप (2022) में कांस्य पदक जीतने वाले दोनों मुक्केबाज शुरू से ही कांटे की टक्कर की टक्कर हुई। नरेन्द्र ने दमदार मुक्के लगाने के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी के प्रहार पर अच्छे से चकमा दिया और पहले दौर में बढ़त बना ली। उन्होंने दूसरे और तीसरे दौर में भी अपना दबदबा कायम रखा। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना 2021 विश्व युवा चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता क्यूबा के फर्नांडो अरजोला से होगा। इससे पहले थाईलैंड ओपन चैम्पियन गोविंद (48 किग्रा) और 2019 एशियाई रजत पदक विजेता दीपक (51 किग्रा) ने एक जैसी जीत के साथ अपने-अपने अभियान की शुरुआत की। इस साल राष्ट्रीय खिताब जीतने के बाद 74वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में रजत पदक जीतने वाले गोविंद ने ताजिकिस्तान के मेहरोन शफीव ने 5-0 से हराकर अपना शानदार लय जारी रखा।

- गोविद और दीपक अंतिम-16 मे पहुंचे

# मिश्रित युगल टीम फाइनल में, भारत की निगाह दांव पर लगे सभी 10 स्वर्ण पदकों पर

- एशिया कप तीरंदाज

भाषा। ताशकंद



**भारतीय तीरंदाजों** ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण के विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के रिकर्व और कंपाउंड वर्ग के मिश्रित युगल फाइनल में जगह बनाई। भारतीय तीरंदाजों ने इस तरह से इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के सभी 10 वर्गों के फाइनल में जगह बनाई है और उसकी निगाह अब दांव पर लगे सभी स्वर्ण पदक जीतकर क्लीन स्वीप करने पर लगी है। मृणाल चौहान और संगीता की दूसरी वरीयता प्राप्त मिश्रित युगल जोड़ी ने पहले हांगकांग की टीम को सीधे सेटों में 6-0 (37-32, 34-33, 36-34) से हराया और फिर सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान को 5-4 (36-37, 36-35, 39-36, 37-39) से पराजित किया। भारत की यह रिकर्व मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में चीन का सामना करेगी।

## अल्कराज और स्वियातेक मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड।** गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाकर यह सुनिश्चित किया कि वह शुक्रवार को अपना 20वां जन्मदिन कोर्ट पर मनाएंगे। स्पेन के इस खिलाड़ी को बुधवार को कारेन खाचनोव के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा लेकिन आखिर में वह रूस के इस खिलाड़ी को 6-4, 7-5 से हराने में सफल रहे। वह अपने जन्मदिन पर सेमीफाइनल में बोर्ना कोरिच से भिड़ेंगे। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त कोरिच ने डेनियल अल्टमैयर को 6-3, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिलाओं के वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने पेट्रा मार्टिच पर 6-0, 6-3 से आसान जीत दर्ज की।

## उत्तम जूनियर एशिया कप में भारतीय हॉकी टीम की अगुवाई करेंगे

**बेंगलुरु।** अग्रिम पंक्ति के युवा खिलाड़ी उत्तम सिंह को 23 मई से एक जून तक ओमान के सलालाह में खेले जाने वाले जूनियर हॉकी एशिया कप के लिए भारतीय टीम का कप्तान बरकरार रखा गया है। उत्तम के नेतृत्व में भारत ने पिछले साल सुल्तान जोहोर कप का खिताब जीता था। जूनियर एशिया कप दिसंबर में मलेशिया में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। भारत पूल ए में पाकिस्तान, जापान, थाईलैंड और चीनी ताइपे के साथ है जबकि कोरिया, मलेशिया, ओमान, बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान को पूल बी में रखा गया है। उत्तम ने पिछले साल नवंबर में सुल्तान जोहोर कप में ऑस्ट्रेलिया पर 5-4 से रोमांचक जीत में शूटआउट में दो गोल किए थे। इस मुकाबलें में भारत के लिए गोल करने वाले विष्णुकांत सिंह और सुदीप चिरमाको ने भी 18 सदस्ईय टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। उत्तम ने भुवनेश्वर में भारत के विश्व कप 2021 अभियान में भी भाग लिया।

# एशियाई चैंपियनशिप में मीराबाई दिखाएंगी दम

- भारत की नजर ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग पर

भाषा। जिन्जू (कोरिया)



**तोक्यो ओलंपिक की** रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू शुक्रवार से शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में एक बार फिर से भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी लेकिन इस बात की संभावना कम है कि वह स्नैच वर्ग में 90 किग्रा का भार उठाएं। राष्ट्रमंडल खेलों की दो बार की चैंपियन ने दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप में अपने पिछले मुकाबले में 200 किग्रा (87 किग्रा 113 किग्रा) के समग्र प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके 207 किग्रा (88 किग्रा 119 किग्रा) के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से काफी कम था और पूर्व विश्व चैम्पियन भारोत्तोलक इस बार भी 49 किग्रा वर्ग में अपनी पूर्ण क्षमता का परीक्षण करने से बचना चाहेंगी। भारतीय टीम के मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा, मीरा को यहां सिर्फ भाग लेना है। हम अभी चीजों को सरल तरीके से ले रहे है। वह सिर्फ भाग लेंगी और 85 किग्रा (स्नैच) तथा 110 किग्रा (क्लीन एंव जर्क) भार उठाएंगी। वह इस भार को आसानी से उठा लेंगी। ओलंपिक में अभी लगभग एक साल का समय बचा है और एशियाई खेलों का आयोजन सितंबर में होगा। ऐसे में मणिपुर की यह खिलाड़ी सही समय पर अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करना चाहती है। मीराबाई ने पिछली बार इस स्पर्धा में 2021 में भाग लिया था।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला झटका नहीः पहलवान

- हमारे पास सारे विकल्प खुले है

भाषा। नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय द्वारा उनकी याचिका पर सुनवाई बंद करने के बाद प्रदर्शनकारी पहलवानों ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह उनके लिए झटका नहीं है और वे प्रदर्शन जारी रखेंगे। पहलवानों ने कहा कि उनके लिए सारे विकल्प खुले हैं और वे बड़ों से सलाह लेकर तय करेंगे कि निचली अदालत में जाना है या उच्च न्यायालय में। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहलवान 23 अप्रैल से धरने पर बैठे हैं। उनका आरोप है कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख ने एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया है।उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को तीन महिला पहलवानों की याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी जिन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। उच्चतम न्यायालय ने इससे पहले इस बात का संज्ञान लिया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है और सात शिकायतकर्ताओं को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई है। विनेश फोगाट ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा , उच्चतम न्यायालय ने जो कुछ किया, हम तहेदिल से आभारी हैं क्योंकि पुलिस ने छह दिन में प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की थी। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ही प्राथमिकी दर्ज की गई। हम उच्चतम न्यायालय के फैसले को मानेंगे। अगर अभी कुछ नहीं होता है तो हमारे पास कई विकल्प है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा है कि हम दिल्ली उच्च न्यायालय जा सकते हैं। अगर हमारी मांग पर त्वरित कार्वाई नहीं की गई तो हम वह भी कर सकते हैं। यह पूछने पर कि क्या यह फैसला उनके लिए झटका है , विनेश ने ना में जवाब दिया। बिल्कुल नहीं। हमें पता था कि उच्चतम न्यायालय के हाथ में क्या है। सभी के हाथ बंधे हुए हैं क्योंकि देश संविधान से चलता है, प्रदर्शन से नहीं। प्रदर्शन से संविधान नहीं बदला जा सकता। अदालत कभी किसी की गिरफ्तारी का आदेश नहीं देती। वह अधिकार पुलिस को है। ऐसा मत सोचो कि न्यायालय के इस फैसले से हमारा मनोबल गिरा है। किसी को गिरफ्तार करना न्यायालय का काम नहीं है। न्यायालय ने अपना काम कर दिया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने को कहा है। धरना जारी रहेगा और मांगे वही है। दिल्ली उच्च न्यायालय जाने के बाद भी अगर दिल्ली पुलिस कोताही बरतती है तो हम उच्चतम न्यायालय फिर जा सकते हैं। इससे पहले दिल्ली पुलिस के खराब व्यवहार से आहत प्रदर्शनकारी पहलवानों ने अपने पदक और पुरस्कार सरकार को लौटाने की धमकी देते हुए कहा कि अगर उनका इस तरह से अपमान किया जाता है तो फिर इन पुरस्कारों का कोई मतलब नहीं है।

## पुलिस ने धरना स्थल पर पहलवानों का प्रवेश रोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को उस स्थान पर पहलवानों का प्रवेश रोक दिया जहां वे भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे थे। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने यहां जंतर मंतर पर प्रेस कांफ्रेंस की लेकिन पुलिस ने पहलवानों को धरना स्थल पर प्रवेश नही करने दिया। विनेश की चचेरी बहन और पूर्व विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता तथा 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता गीता फोगाट ने ट्वीट किया कि उन्हें और उनके पति को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया है।